सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
बुधवार, 06 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 122, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 252 अंकों की गिरावट

वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आयी। } 10

## अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश करे निजी क्षेत्र

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने निजी क्षेत्र से अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उद्योग की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है। } 12



## अमेरिका-ईरान के बीच फिर बढ़ा तनाव

### वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज को जबरन खोलने की कोशिश

एजेंसी



दुबई। ईरान के साथ युद्ध फिर से भड़कने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि अमेरिका ने वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को जबरन खोलने की कोशिश की है। हालांकि, मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से हमले करने का आरोप लगाने के बावजूद युद्धविराम बरकरार दिखा।


ईरान के जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को समाप्त करने के लिए उन्नत सुरक्षा क्षेत्र बनाने के अमेरिकी प्रयास के बाद क्या होगा, यह स्पष्ट नहीं है। एक प्रमुख ईरानी अधिकारी ने अमेरिका पर इस प्रयास के जरिये क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा। अमेरिका की सेना ने कहा कि सोमवार को अमेरिकी ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाज सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य से गुजर गए, लेकिन यह देखना बाकी है कि मंगलवार को और जहाज गुजरेंगे या नहीं। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि फारस की खाड़ी में लंगर डालने के बाद मंगलवार सुबह पनामा के ध्वज वाला एक तेल टैंकर जलडमरूमध्य के केंद्र की ओर बढ़ रहा था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि वह गुजरने की कोशिश करेगा या नहीं। समुद्री यातायात और जहाज की जानकारी देने वाली वेबसाइट के अनुसार, टैंकर का गंतव्य सिंगापुर था। ईरान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कैबिनेट के फैसले : गन्ना और कपास किसानों को राहत

### दो नयी सेमीकंडक्टर इकाई लगाने को मंजूरी, सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रस्ताव पास

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) पर यह फैसला किया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की संख्या को वर्तमान 34 से बढ़ाकर 38 करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में 33 न्यायाधीश और प्रधान न्यायाधीश हैं। इस संख्या को चार और बढ़ाने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा। संसद द्वारा विधेयक पारित होने के बाद, उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या




38 हो जाएगी। मूल रूप से लागू उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) कानून 1956 में प्रधान न्यायाधीश को छोड़कर न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की गई थी। उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अधिनियम, 1960 द्वारा इस संख्या को बढ़ाकर 13 कर दिया गया था और कानून में एक अन्य संशोधन द्वारा इसे बढ़ाकर 17 कर दिया गया था। सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए मंगलवार को 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कपास उत्पादकता मिशन (2026-27 से 2030-31) को मंजूरी दी गई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्र सरकार ने मंगलवार को दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनीमाइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सड़क हादसे में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में तैनात पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर धुलावट टोल प्लाजा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुई, जब पलवल की ओर से एक स्कॉर्पियो कार आ रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आगे निकलने की कोशिश के दौरान चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे दूसरे वाहन से टकरा गया। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और बचाव टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने बताया कि शव क्षतिग्रस्त वाहन में फंस गए थे।

### यौन शोषण में कैबिनेट मंत्री का गनर गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला का चार साल तक शारीरिक शोषण करने और गर्भपात कराने के आरोप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के गनर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सारनाथ थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती ने मिर्जापुर के रहने वाले सिपाही और प्रदेश के पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर के गनर प्रशांत राय पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और गर्भपात कराये जाने का आरोप लगाया है। त्रिपाठी के अनुसार, युवती ने तहरीर में कहा है कि सारनाथ के बेनीपुर में किराए पर रहने वाले राय से उसके पिछले चार साल से प्रेम संबंध थे।

# विकास कार्यों का संरक्षण नागरिकों की भी जिम्मेदारी

### सीएम योगी ने गोरखपुर के तारामंडल क्षेत्र में वाटर बॉडी पर 14.33 करोड़ रुपये की लागत से बने टू-लेन ब्रिज का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता

लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते देश, प्रदेश के साथ ही गोरखपुर भी तीव्र प्रगति कर रहा है। 2017 के बाद गोरखपुर में विकास की विस्तृत श्रृंखला तैयार हुई है। विकास से बढ़ी सुविधाओं का लाभ लंबे समय तक प्राप्त होता रहे, इसके लिए नागरिकों को भी विकास कार्यों के संरक्षण की जिम्मेदारी उठानी होगी। सीएम योगी मंगलवार दोपहर तारामंडल क्षेत्र में वाटर बॉडी पर बने टू-लेन ब्रिज के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम के लिए वहां की जनता का अभिनंदन करते हुए इसे जन उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दलों के लिए बड़ा सबक बताया है। उन्होंने कहा कि जो भी जनता की उपेक्षा करेगा, विकास के पैसे पर डकैती डालेगा, गुंडों को प्रश्रय देगा और सनातन का अपमान करेगा, उसका सूपड़ा साफ होना तय है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐसा करके दिखा भी दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब पश्चिम बंगाल सोनार बांग्ला बनेगा।

मुख्यमंत्री ने फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर 14.33 करोड़ रुपये की लागत से बने इस पुल को जनता को समर्पित किया। ब्रिज का निरीक्षण करने के बाद मंचीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में विकास से आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर की छवि असुरक्षा से जुड़ी थी। लोग माफिया व मच्छर से परेशान थे। गोरखपुर का नाम सुनकर डरते थे। कोई निवेश करने नहीं आता था। यहां नौजवान पहचान का मोहताज था, नौकरी के लिए भटकना पड़ता था, पहचान छिपानी पड़ती थी। पर, अब उसे भटकने या पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में 50 हजार से अधिक नौजवानों को अकेले गीडा में उद्योगों के माध्यम से नौकरी और रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डेढ़ लाख शिक्षामित्र परिवारों को भाजपा सरकार ने संभाला : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 से पहले की सरकारों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने बिना नियम-कानून के शिक्षामित्रों को सहायक शिक्षक के रूप में मान्यता देने का कुत्सित प्रयास किया, जो पूरी तरह नियम-विरुद्ध था। उनकी इस गलती के कारण सुप्रीम कोर्ट ने सभी शिक्षामित्रों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया। ऐसे में हमारे सामने बड़ी चुनौती थी। डेढ़ लाख परिवार सड़कों पर भूखों मरने की नौबत पर आ सकते थे। ये लोग 18-19 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। उम्र के इस पड़ाव में वे कहां जाते? तब हमने मंत्रिमंडल में फैसला किया कि इनकी सेवाएं समाप्त नहीं करेंगे, बल्कि इनका सहयोग लेंगे। 2017 में ही सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3,500 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाते हुए 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जो अप्रैल महीने से लागू भी हो गया है। सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आंधी-वर्षा से पीड़ित किसानों को 24 घंटे में मिले मुआवजा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आंधी, वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मंगलवार को सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के त्वरित व समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने को कहा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आपदा पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों का समुचित और तत्काल इलाज सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनहानि, पशुहानि और घायलों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## इस्तीफा नहीं दूंगी, चुनाव परिणाम जनादेश नहीं, साजिश : ममता

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार किया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश है। साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने और विपक्षी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई निर्वाचन आयोग से थी, जिसने भाजपा के लिए काम किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के एक दिन बाद बनर्जी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा मुझे इस्तीफा क्यों देना चाहिए? हम हारे नहीं हैं। मतों की लूट हुई है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है? निवर्तमान मुख्यमंत्री बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लगभग 100 सीट पर जनादेश को लूट लिया गया और ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ 100 सीट पर जनादेश को लूटने का लगाया आरोप

## राष्ट्र व युवा पीढ़ी के निर्माण का आधार है खेल

### हिमाद्री आइस रिंक की पहली वर्षगांठ पर स्पोर्ट्स कालेज में हुआ भव्य आयोजन

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार बहुआयामी रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल महज जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्त राष्ट्र और मजबूत युवा पीढ़ी के निर्माण का आधार हैं। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में हिमाद्रि आइस रिंक के पुनरुद्धार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सही संसाधन और मार्गदर्शन देकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया जा सकता है।



उन्होंने हिमाद्रि आइस रिंक को देश की विशिष्ट उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सुविधा उत्तराखंड को शीतकालीन खेलों के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर रही है। यह केंद्र अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का प्रमुख स्थल बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान आइस हॉकी टीम की नई जर्सी और डिजिटल पे एंड प्ले प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में शुरू हुई यह आइस रिंक बीच में बंद हो गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाए। करीब 8.5 करोड़ रुपये की लागत से किए गए जीर्णोद्धार के बाद अब यह आइस रिंक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पश्चिम एशिया तनाव से भारत की वृद्धि दर घटने का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं। मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है। उन्होंने बातचीत में कहा यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। हालांकि, उन्होंने माना कि जब तक पश्चिम एशिया का संकट समाप्त नहीं होता, तब तक जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट आकलन करना कठिन है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में मेमानी ने कहा, विभिन्न कीमत स्तरों और उनके भारत की वृद्धि पर अलग-अलग प्रभाव के पर्याप्त उदाहरण मौजूद हैं। पिछले 10-12 वर्षों में, बीच-बीच में कुछ अवधियों ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ सहारनपुर-फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज तैयार (पृष्ठ-02)
❍ धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के लिए मिले 33.91 करोड़ (पृष्ठ-02)
❍ कच्चा तेल महंगा, कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव (पृष्ठ-10)
❍ भारत उभरते बाजारों में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था (पृष्ठ-10)
❍ अमेरिकी बाजार में सृजित हो रहे रोजगार के अवसर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहे पर लगा भंडारा, हजारों भक्तों को बांटा गया प्रसाद

# युवा भाजपा नेता विराज सागर दास ने बड़े मंगल पर लगवाया विशाल भंडारा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, लखनऊ के प्रसिद्ध समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता के सैकड़ों समर्थकों व फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा विपिन खण्ड गोमती नगर में पहले बड़े मंगल के अवसर पर दोपहर एक बजे से लेकर सायं 5 बजे तक भण्डारे का प्रसाद वितरित किया। डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन के तत्वावधान में लगाये गये विशाल भंडारे में लगभग 4 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में संस्था के अध्यक्ष विराज सागर दास के निर्देश पर कागज के गिलासों में पानी और




शर्बत वितरित किया। पत्तों के दोने में ही प्रसाद वितरित किया गया। भण्डारे में प्लॉस्टिक का इस्तेमाल नहीं किया गया। इस बीच कार्यकर्ताओं ने सुचारू से ट्रैफिक व्यवस्था एवं साफ-सफाई की व्यवस्था संभाल रखी थी। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के मुख्य अधिशाषी निदेशक आर.के अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे जबकि उनके साथ ही अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, राजीव बाजपेई, बंदना राज अवस्थी आदि मौजूद रहे।




C M Y K

# बच्चों को अच्छी कहानियों, कविताओं से करें शिक्षित

## सीएम ने शिक्षामित्रों को दिया मंत्रः प्यार से पढ़ायें, मारपीट कभी नहीं, घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल लायें

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षामित्र सम्मान समारोह में एक मार्गदर्शक की भूमिका में भी नजर आए। उन्होंने शिक्षामित्रों को बच्चों के साथ विशिष्ट व्यवहार का मंत्र भी दिया। सीएम ने कहा कि हर बच्चे के मन में पढ़ने की तमन्ना हो, यह अभिभावक, शिक्षक और समाज, तीनों की जिम्मेदारी है। शिक्षामित्र सिर्फ पढ़ाने तक सीमित न रहें, बल्कि हर बच्चे को स्कूल तक लाने का अभियान भी चलाएं। शिक्षक और शिक्षामित्र बच्चों की नींव तैयार करने वाले कारीगर हैं।

शिक्षामित्रों से मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के साथ कभी मारपीट नहीं होनी चाहिए। पिटाई से बच्चा जिद्दी व ढीठ हो जाएगा। उसे प्यार से समझाइए। अच्छी कहानियों, कविताओं और आदर्श उदाहरणों से प्रेरित कीजिए। अपने परिवार की खींचतान स्कूल या बच्चों तक नहीं लाइए। स्कूल आते समय तनाव को घर पर ही छोड़ दीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम अच्छी पीढ़ी तैयार करेंगे, तो यही पीढ़ी हर क्षेत्र में अच्छे लोग लेकर आएगी। अच्छे शिक्षक, अच्छे डॉक्टर, ईमानदार व्यापारी, अच्छे किसान, योग्य नौकरशाह, अच्छी पुलिस और अच्छे राजनेता भी। राजनेता कोई ऊपर से टपककर नहीं आते। आप जिन बच्चों को पढ़ा रहे हैं, वही आगे चलकर राजनेता भी बनेंगे। इसलिए जैसा पौधा आप रोपेंगे, वैसा ही फल भी मिलेगा। हमें सकारात्मक भावना के साथ कार्य करना चाहिए। आप सब में बेहतर परिणाम देने की सामर्थ्य है। नकारात्मक सोच त्याग दें। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मुझे आज बहुत अच्छा लग रहा था। बेसिक शिक्षा परिषद के एक विद्यालय की प्रधानाचार्या से मैंने पूछा कि वहां कितने बच्चे हैं? उस विद्यालय में 280 बच्चे पढ़ रहे हैं। यह संख्या बताती है कि वहां कुछ अच्छा हो रहा है, सकारात्मक प्रयास हो रहा है। जब मैं सांसद था, तब भी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण करता था और आज भी फील्ड में जाते समय विद्यालय अवश्य जाता हूं। बच्चों से संवाद करना मुझे बहुत अच्छा लगता है। सीएम योगी ने एक रोचक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि एक बार मैं एक आंगनवाड़ी केंद्र गया। वहां 3 से 5 साल के 20-22 बच्चे थे। मैं चुपचाप बाहर से देख रहा था।

आंगनवाड़ी की बहनें बच्चों को बहुत प्यार से गाती हुई गिनती सिखा रही थीं- इक्एक-एक-एक मेरी नाक एक दो-दो-दो मेरी आंखें दो। बच्चे भी दोहरा रहे थे। जब वे अंदर गए तो बहनें हिचकिचाईं। जब मैंने एक बच्चे से पूछा कि क्या पढ़ा तो उसने तुरंत कहा- इक्एक-एक-एक मेरी नाक एकह्न और दूसरे ने अपनी आंखें दिखाते हुए कहा- दुदो-दो-दो मेरी आंखें दोह्न। देखिए, कितनी आसानी से उदाहरण देकर बच्चों को गिनती सिखाई जा रही थी। ऐसे अच्छे उदाहरणों से हम बच्चों को बहुत कुछ सिखा सकते हैं। सीएम ने शिक्षामित्रों को जिम्मेदारी सौंपी कि वे अभिभावकों को जागरूक करें। बच्चे साफ-सुथरे कपड़ों में आएं, स्नान करके आएं, बाल बनाकर आएं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि रविकिशन की नकल करने की जरूरत नहीं, छोटे-छोटे बाल होने चाहिए। 2017 से पहले 60-70% बच्चे नंगे पैर या चप्पल पहनकर आते थे। अब सरकार दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते-मोजे दे रही है, इसलिए अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जुलाई के पहले सप्ताह में स्कूल खुलने वाले हैं, इसलिए मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों से अपील की कि स्कूल चलो अभियान का एक और दौर चलाएं। शिक्षक आधा घंटा पहले स्कूल पहुंचें।

### मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों के चेहरों पर चमका मान-सम्मान का भाव

गोरखपुर। बेसिक शिक्षा के उन्नयन में योगदान देने के बावजूद 2017 के पहले तक खुद को उपेक्षित महसूस करने वाले प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्रों के चेहरों पर योगी सरकार ने मान-सम्मान का मुस्कुराता भाव बिखेर दिया है। मानदेय में 80 प्रतिशत वृद्धि और पांच लाख रुपये के कैशलेस इलाज की सुविधा से अभिभूत हुए शिक्षामित्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी उपेक्षा को दूर कर दिल जीत लिया है। गोरखपुर में आयोजित प्रदेशस्तरीय शिक्षामित्र सम्मान समारोह में शामिल होने आए शिक्षामित्र यह कहते नहीं थक रहे थे, बहुत बहुत आभार मुख्यमंत्री जी। शिक्षामित्र सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में लगाई गई शैक्षिक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने समेकित शिक्षा के स्टाल पर वह बच्चों की मेधा से बेहद प्रभावित हुए। यहां उन्होंने कॉक्लियर इंप्लांट के सहयोग से स्पीच थेरेपी लेते हुए शिक्षा ग्रहण कर रही बालिका से उसकी पढ़ाई और सीखने पर बात की। सीएम योगी ने श्रवण बाधित बालिका कविता के साथ साइन लैंग्वेज में उसके द्वारा सीखे गए पाठों के अधिगम को भी समझा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री को दृष्टिबाधित बालिका ने ब्रेल लिपि से अपने पाठ्यवस्तु को पढ़कर सुनाया। उसका धाराप्रवाह पाठ सुनकर सीएम योगी बेहद खुश हुए। उन्होंने अपने मंचीय संबोधन में बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक प्रगति को बताते हुए दृष्टिबाधित बालिका के फर्राटेदार ब्रेल लिपि पढ़ने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि दृष्टिबाधित छात्रा बिल्कुल उतनी ही तीव्रता से हिंदी को पढ़ रही थी, जिस तीव्रता से हम सभी बोल रहे हैं। यह बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक प्रगति का एक बेहतरीन उदाहरण है।

# यूपी के 18 मंडलों में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' की मेरठ से शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- गोरखपुर में जून में होगा कार्यक्रम का भव्य समापन
- दुग्ध विकास क्षेत्र में वर्ष 2023 से अब तक 28 हजार करोड़ के एमओयू साइन हुए

लखनऊ। पशुपालन से जुड़े किसान और डेयरी सेक्टर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। आज डेयरी क्षेत्र उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के 18 मंडलों में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' आयोजित करने की मेरठ से शुरूआत हो गई है। अपर मुख्य सचिव पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि डेयरी क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसका भव्य समापन जून में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में होगा।

उन्होंने बताया कि मेरठ में मंगलवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य-खुशहाल उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित इस आयोजन में मेरठ-सहारनपुर मंडल के किसान, पशुपालक और निवेशक एक मंच पर जुटे। कार्यक्रम में निजी एवं सहकारी डेयरी जैसे भारत स्किर, मधुसूदन, आनन्दा, मदर डेयरी, हरित प्रदेश, केप्सएस डेयरी, अरविन्द डेयरी और पराग जैसे बड़े ब्रांड्स के स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा संचालित नंद बाबा दुग्ध मिशन, उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध प्रोत्साहन नीति-2022 के प्रचार-प्रसार और प्रदेश के डेयरी सेक्टर में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से संपूर्ण मंडलवार डेयरी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है और इस स्थिति को बनाये रखने के राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से किसानों को सुनिश्चित बाजार, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्थायी आय प्रदान की है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्राप्त हुआ है। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि वर्ष 2023 से विभाग द्वारा दुग्ध विकास क्षेत्र में कुल 28,000 करोड़ से अधिक के 796 एमओयू किए गये हैं, जिसके जरिए 77,000 से अधिक रोजगार सृजन होंगे। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 10 हजार से अधिक लाभार्थियों को 84 करोड़ की धनराशि अनुदान के रूप में डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई है। साथ ही 4000 से अधिक प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समिति गठित करते हुए लगभग 1,50,000 दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा गया है। अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि स्वर्ण जयंती डेयरी कॉन्क्लेव के जरिए प्रदेश के सभी 18 मंडल और 75 जिलों के पशुपालकों और दुग्ध उत्पादन से जुड़े लोगों को जोड़ा जा रहा है। प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक विभाग का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाना है।

इस कार्यक्रम का समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में भव्य रूप से होगा। जून में वहां मंडल के कृषकों, गो-पालकों, दुग्ध उत्पादकों, उद्यमियों और निवेशकों को बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। विभाग उस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभाग की योजनाओं से जोड़ेगा।

# धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए मिले 33.91 करोड

विशेष संवाददाता (vol)

- फिरोजाबाद में आस्था स्थलों पर बेहतर सुविधाओं से बढ़ेगा पर्यटन
- नीम करौरी बाबा की जन्मस्थली में पर्यटक सुविधाओं का किया जायेगा विस्तार

लखनऊ। आगरा मंडल के फिरोजाबाद जिले में धार्मिक, ऐतिहासिक व पौराणिक स्थलों के विकास के लिए 24 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिन पर 33.91 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योगी सरकार की इस पहल से क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संवारने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से जिले के प्रमुख मंदिरों, आश्रमों और पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। टूंडला, शिकोहाबाद, सिरसागंज और जसराना क्षेत्रों में स्थित कई आस्था स्थलों को नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद फिरोजाबाद में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आएगी।

टुण्डला में स्थित गोगा जी काली मंदिर पिपरौली के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रुपये, फिरोजाबाद पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के लिए 65 लाख रुपये, शिकोहाबाद के नगला केवल स्थित श्री ब्रह्मदेव शिव जी तथा बजरंगबली मंदिर के लिए 120 लाख रुपये, शिकोहाबाद के ही विधानसभा क्षेत्र में स्थित आवगंगा मंदिर के विकास के लिए 35 लाख रुपये, टुण्डला ग्रामगढ़ी हंसराम ब्लाक नारखी में स्थित शिवमंदिर के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख रुपये की धनराशि, टुण्डला विधानसभा क्षेत्र में शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य के लिए 80 लाख रुपये, टुण्डला में ही ग्राम बड़ागांव में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपये, टुण्डला ग्राम कनवार स्थित सिद्धकाली माता मंदिर के लिए 130 लाख रुपए, सिरसागंज स्थित प्राचीन पथवारी माता मंदिर के लिए 110 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार सिरसागंज के ही कुदरिया वाले महराज आश्रम के लिए 01 करोड़ रुपये, सिरसागंज में हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 130 लाख रुपये, सिरसागंज में पुलिस जायनई माता मंदिर के लिए 130 लाख रुपये तथा सिरसागंज के ही रामकृष्ण धाम मंदिर (गंगा सागर गरियारी) के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रुपये, सिरसागंज स्थित आम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रुपए, सिरसागंज के ही रामकंठ आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपये, सिरसागंज स्थित ऐतिहासिक श्री राधाकृष्ण मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 90 लाख रुपये, सिरसागंज के ही ग्राम मावली में वेद उपवन पार्क के लिए 75 लाख रुपये, सिरसागंज के ही अकबरपुर में स्थित नीमकरौरी बाबा की जन्मस्थली पर पर्यटन सुविधाओं के लिए 145 लाख रुपये, सिरसागंज के विकास खण्ड फिरोजाबाद के ग्राम करहरा में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 20 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। टुण्डला विकासखण्ड फिरोजाबाद के ग्राम अकबरपुर में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रुपये, जसराना बड़े जखैया महराज मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 188 लाख रुपये, सिरसागंज के समौर बाबा धाम करहरा हेतु अवस्थापना सुविधाएं एवं अन्य कार्य के लिए 1188 लाख रुपये, शिकोहाबाद में स्थित शिववाटिका मंदिर में बहुउद्देशीय अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए 118 लाख रुपये तथा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत रपड़ी इको टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था, सुलभ शौचालय के लिए 162 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

# सहारनपुर-फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज तैयार, शुरू होगी पढ़ाई

## हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और एक्सीलेंस सेंटर खोलने का लक्ष्यः खेल सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दो नए स्पोर्ट्स कॉलेजों को शुरू करने का फैसला लिया है। सहारनपुर और फतेहपुर में बने स्पोर्ट्स कॉलेज का शैक्षिक सत्र 2026-27 से संचालन शुरू हो जाएगा। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा।

दरअसल यह दोनों परियोजनाएं लंबे समय से लंबित थीं। फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज को जनवरी 2011 में स्वीकृति मिली थी और नवंबर 2011 में निर्माण कार्य शुरू हो गया था। इसे जुलाई 2018 तक पूरा किया जाना था, लेकिन कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। इसी तरह सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य भी फरवरी 2011 में शुरू होना था और फरवरी 2013 तक पूरा कार्य पूरा करने की मूल तारीख थी, लेकिन विभिन्न कारणों से काम आगे नहीं बढ़ पाया था। योगी सरकार ने इन अधूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य को पूरा कराया है। साथ ही अब दोनों कॉलेजों को नए सत्र से शुरू करने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। इस तरह योगी सरकार खेल ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ अधूरी योजनाओं को भी जमीन पर उतारने पर जोर दे रही है। वहीं इन दो नए स्पोर्ट्स कॉलेजों के शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश में संचालित स्पोर्ट्स कॉलेजों की संख्या बढ़कर पांच हो जाएगी। अभी तक लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर का वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और इटावा (सैफई) का मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कॉलेज ही संचालित थे। इसके अलावा बलिया में एक और स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य जारी है। नए कॉलेजों के शुरू होने से प्रदेश के दूर-दराज इलाकों के खिलाड़ियों को अब राजधानी या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी और अधिक संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेल शिक्षा से जुड़ सकेंगे। फतेहपुर और सहारनपुर दोनों स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 9 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। फतेहपुर में एथलेटिक्स, हॉकी, हैंडबॉल और कुश्ती जैसे खेल संचालित किए जाएंगे। यहां कुल 80 सीटों पर प्रवेश होगा। जिसमें एथलेटिक्स रनर बालक के लिए 12, एथलेटिक्स जम्पर बालक के लिए 2, थ्रोवर बालक के लिए 4, हॉकी खिलाड़ी बालक के लिए 26, गोलकीपर बालक के लिए 4, कुश्ती बालक के लिए 10 और हैंडबॉल बालक के लिए 22 सीटें निर्धारित की गई हैं। वहीं सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में भी कुल 80 सीटों पर एडमिशन होंगे। यहां एथलेटिक्स रनर बालक के लिए 8, एथलेटिक्स जम्पर बालक के लिए 6, थ्रोवर बालक के लिए 6, हॉकी खिलाड़ी बालक के लिए 21, हॉकी गोलकीपर बालक के लिए 4, जूडो बालक के लिए 10, बॉक्सिंग बालक के लिए 15 और भारोत्तोलन बालक के लिए 10 सीटें तय की गई हैं। भारोत्तोलन अभी तक किसी भी स्पोर्ट्स कॉलेज में नहीं था। सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज से पहली बार शुरू हो रहा है। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्र का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिससे प्रतिभा के आधार पर खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित हो सके। उत्तर प्रदेश खेल विभाग के सचिव सुहास एल.वाई. ने बताया कि मुख्यमंत्री जी का प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और एक्सीलेंस सेंटर खोलने का लक्ष्य है। स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तरह जगह-जगह विभिन्न खेलों को लेकर वहां पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। जिसमें बच्चों के रहने के साथ ही पढ़ाई की सुविधा भी रहेगी। प्रबंध समिति स्पोर्ट्स कॉलेज के सचिव व लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल सिन्हा ने कहा कि कुशल संचालन के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# जदयू उप्र की बैठक 7 मई को



लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 7 मई को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। बैठक में प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की समीक्षा करने, जिन जिलों में अध्यक्ष नियुक्त हो चुके हैं वहां के जिला संगठन एवं जिला इकाई के गठन की समीक्षा करने, पार्टी की प्रदेश के अन्य जिलों में होने वाले आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने, प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव (2027) में पार्टी के चुनाव लड़ने की रूपरेखा एवं जिला अध्यक्षों द्वारा चिन्हित सीटों पर विचार करने, पार्टी की सदस्यता अभियान में गतिशीलता लाने, तथा प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने के लिए अपने महत्वपूर्ण विचार रखने एवं बहुमूल्य सुझाव देने के लिए यह महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। बैठक में समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण, समस्त प्रवक्तागण, समस्त जिला अध्यक्षगण, समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजकगण और प्रमुख पदाधिकारीगण एवं सक्रिय सदस्यों को बुलाया गया है।

# सपा मुख्यालय पर हनुमान जी की हुई पूजा अर्चना



लखनऊ। ज्येष्ठ मास के आज प्रथम बड़ा मंगलवार के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में श्री हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर और प्रदेश अध्यक्ष रूक्मणी देवी ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद बांटा। इस अवसर पर पार्टी का स्टाफ मौजूद था। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में आयोजित विशाल भंडारा में सपा के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं अरविन्द सिंह गोप शामिल हुए और बजरंग बली की पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी आशीष यादव सोनू यादव यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव सरन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सिंह, सुरेश बहादुर सिंह, हसीब सिद्दीकी, विश्वदेव राव, केपी तिवारी, देवराज सिंह, अविनाश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बैठक में प्रशिक्षण महाअभियान पर जोर

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में लखनऊ महानगर की कार्यसमिति योजना बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर भाजपा लखनऊ महानगर की कार्यसमिति योजना बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी प्रशिक्षण वर्ग को प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए संगठनात्मक, व्यवस्थागत एवं तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होते हैं, जो कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अधिकतम कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाए।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ नगर निगम सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पास निंदा प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया। इस प्रस्ताव के माध्यम से उन्होंने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। वहां उपस्थित पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया। निंदा प्रस्ताव के समर्थन में बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं ने जोरदार तालियों और करतल ध्वनि के साथ निंदा प्रस्ताव स्वागत किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह अभियान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने समन्वय, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर बल दिया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बैठक में कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने मंडल एवं बूथ स्तर तक अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सभी पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में प्रशिक्षण वर्गों के सफल आयोजन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण, डिजिटल शुल्क जमा, सरल ऐप के माध्यम से सत्यापन, आवास-भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा, एलईडी/प्रोजेक्टर, ऑडियो सिस्टम, पीपीटी प्रस्तुति, पावर बैकअप तथा फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही संगठन की उपलब्धियों एवं सरकार के कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी लगाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व क्षमता में सशक्त बनाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, शंकर लाल लोधी, पूर्व संगठन मंत्री ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व राज्यमंत्री मोहसिन रजा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा सहित मंडल अध्यक्षगण, लखनऊ महानगर कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनहित और जवाबदेही का सेतु हैं विधानसभा समितियांः सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/जयपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संविधान में विधानसभा समितियों को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यही समितियां लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावी तथा उत्तरदायी बनाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वायदों को धरातल पर उतारने में समिति प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

सतीश महाना राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित लोकसभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की द्वितीय बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की समितियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित होना ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संसदीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए समिति प्रणाली को सशक्त और परिणामोन्मुख बनाना अनिवार्य है। यदि समितियों की सिफारिशों पर समयबद्ध और गंभीरता से अमल किया जाए तो शासन व्यवस्था में व्यापक सुधार संभव है। इस उच्चस्तरीय समिति में देश के कई राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष शामिल हैं। समिति की अध्यक्षता मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर कर रहे हैं।

महाना ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में मिनी सदन के रूप में कार्य करती है, जहां विषयों पर विस्तृत चर्चा और सूक्ष्म परीक्षण संभव होता है। इससे न केवल सदन का समय बचता है, बल्कि निर्णय अधिक व्यावहारिक और जनहितकारी बनते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि महत्वपूर्ण विधेयकों को अनिवार्य रूप से समितियों के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि उनकी गहन समीक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि समितियां अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखती हैं, उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करती हैं और शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाए रखने का कार्य करती हैं। सतीश महाना ने अंत में कहा कि समिति प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों की भागीदारी, आधुनिक तकनीक का उपयोग, नियमित प्रशिक्षण तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं और अधिक मजबूत, उत्तरदायी और जनकेन्द्रित बनेंगी। बैठक में समिति प्रणाली की समीक्षा, उसकी प्रभावशीलता बढ़ाने तथा संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक से पूर्व सभी सदस्यों ने राजस्थान विधानसभा के सदन, भवन एवं संग्रहालय का अवलोकन किया तथा औषधीय पौधशाला और विभिन्न प्रदर्शनियों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया।

# भाजपा में सब नकली नेताओं का जमघट हैं

## सपा अध्यक्षबोले...

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा में सब नकली नेताओं का जमघट है। लोकतंत्र में उनका तनिक भी विश्वास नहीं है। उसका काम लूट करना है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने वोट की शर्मनाक लूट की। पुलिस प्रशासन का अवैध इस्तेमाल करने में उसे कतई संकोच नहीं। उत्तर प्रदेश में पीडीए की काट भाजपा के पास नहीं है। पीडीए का वोट सबसे ज्यादा है इसीलिए, भाजपा बौखलाई हुई है। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश में सपा बदलाव लाने की ताकत रखती है। सपा के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि है। लोकतंत्र पर सपा का 100 प्रतिशत विश्वास है।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान दोनों को बचाने की बड़ी लड़ाई होगी। देश और प्रदेश को बचाने में सपा की बड़ी भूमिका रहेगी। सपा की सरकार में गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। बुनकरों को स्पेशल जोन बनाकर सुविधाएं देंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शुरू से ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में रही है। आधी आबादी को पूरा सम्मान एवं भागीदारी मिलनी चाहिए। सपा आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने के लिए संकल्पित है। भाजपा इस आरक्षण में बस पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि सपा चाहती है कि महिलाओं का आरक्षण पार्टी आधारित होना चाहिए। पहले जातीय जनगणना हो फिर आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू हो। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि अपनी भाषा और व्यवहार में संयम और संतुलन बनाये रखें। भाजपा के छलकपट से निबटने के लिए हम हर स्तर पर सजग और सतर्क रहना है। मतदाता सूची पर नजर रखना है ताकि भाजपाई उसमें हेराफेरी न कर सकें। उन्होंने कहा कि गरीबों का साथी बनकर पीडीए को हर तरह से मजबूत करना है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक अर्थात जो पीड़ित, दुःखी और अपमानित है वही पीडीए है।

संक्षेप

## ग्राम पंचायत सचिव बैजनाथ पांडेय की सराहनीय कार्यशैली से आमजन खुश



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के खेसरहा परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत सचिव बैजनाथ पांडेय की व्यवहार कुशलता और जनसेवा भावना की व्यापक सराहना हो रही है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उनके कार्यों को सराहते हुए कहा कि वे न केवल अपने मूल ग्राम पंचायत बल्कि आसपास के गांवों के लोगों के सुख-दुख में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं। जरूरतमंद और पात्र गरीबों की मदद करने में उनकी सक्रिय भूमिका उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान दिला रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बैजनाथ पांडेय सदैव आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं, जिससे वे जनविश्वास के प्रतीक बनते जा रहे। इसकी पुष्टि मिठवल ब्लाक क्षेत्र बभनी निवासी वयहार कुशल कहे जाने वाले रोजगार सेवक आशुतोष कुमार आदि ने भी पुष्टि करते हुए बैजनाथ पांडेय को सराहा गया।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। रंजिशन मारपीट व धमकी को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बरदैत कैथा डांडी सिंधौर निवासी संदीप वर्मा पुत्र रामकृपाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन मई को दोपहर एक बजे वह शमसेरगंज बाजार से अपने घर पहुंचा। उस समय विपक्षी गांव के प्रदीप वर्मा पुत्र रामकृपाल, उषा देवी पत्नी प्रदीप, श्रीराम वर्मा पुत्र प्रदीप लाठी डंडा से लैस होकर पीड़ित पर हमलावर हो उठे। हल्लागुहार पर गांव वालों ने बीचबचाव किया तब आरोपियो ने शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी दी। गंभीर चोटों के कारण पीड़ित का जिला अस्पताल में जारी बताया गया है। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने प्रदीप समेत तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पीड़िता की पिटाई, आरोपिता के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। पीड़िता के साथ मारपीट की घटना को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली निवासी राजकुमार की पत्नी शिवकुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मई को ग्यारह बजे दिन में उसकी जेठानी मीना देवी पत्नी हरिश्चंद्र ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

## दंपति ने की फांसी लगाकर दी जान

जालौन। जालौन कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात कारणों से एक दंपति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि सोमवार रात लगभग 10 बजे जालौन कोतवाली क्षेत्र के गांव बिरिया खुर्द में अज्ञात कारणों के चलते विवेक (22) और उसकी पत्नी साधना (21) ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं।

# सम्मान के साथ बढ़ा मानदेय

## शिक्षामित्रों के खिले चेहरे



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में शिक्षामित्र सम्मान समारोह के माध्यम से मानदेय वृद्धि का औपचारिक शुभारंभ किए जाने के उपलक्ष्य में जनपद श्रावस्ती में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तथागत हाल में आयोजित ह्लशिक्षामित्र सम्मान समारोहह्व का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद तथा अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर जनपद के उत्कृष्ट शिक्षामित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित मानदेय वृद्धि के तहत शिक्षामित्रों का मासिक मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किए जाने की जानकारी दी गई, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षामित्रों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर से आयोजित मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित शिक्षामित्रों ने देखा व सुना। साथ ही स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।

इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल सराहनीय है और इससे शिक्षामित्रों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार होगा। वहीं जिलाधिकारी ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 50 हजार इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल, पुलिस ने दबोचा



श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और इनामी बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में ?50 हजार का इनामी अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 04/05/2026 की रात्रि लगभग 00:30 बजे सेमगढ़ा क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, आसपास के थानों की फोर्स, क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त संजय लोनिया, जनपद सीतापुर का निवासी है, जो इकौना क्षेत्र में हुई आधा दर्जन से अधिक चोरी व नकबजनी की घटनाओं में वांछित था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर विभिन्न थानों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह सेमगढ़ा क्षेत्र में किराये पर रहकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर ?50,000 का इनाम घोषित था।

पुलिस टीम द्वारा पकड़ने के प्रयास के दौरान अभियुक्त ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में आत्मरक्षा में पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना भेजा गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दुर्घटना में हुई मौतों से बिलख पड़े परिजन, कोहराम





प्रतापगढ़। कालिकन धाम दर्शन करने जा रहे बाइक सवार दो श्रद्धालुओं की मौत को लेकर मंगलवार को परिजनो मे कोहराम मचा दिखा। सांगीपुर थाना क्षेत्र के शिवनंदन का पुरवा भैंसना निवासी राजीव गौतम 18 पुत्र कल्लू गौतम बाइक से आर्यन शर्मा 17 पुत्र सुधीर कुमार शर्मा तथा कुमुद शर्मा 15 पुत्री बबलू शर्मा निवासी भैंसना के साथ कालिकन धाम देवी मां का दर्शन करने सोमवार को जा रहे थे। दोपहर करीब बारह बजे अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना के विशेषरगंज मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गयी। बाइक सीधे सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। दुर्घटना में तीनों को गंभीर चोटे आ गयी। दुर्घटना देख बाजार में व्यापारियों तथा राहगीर वहां पहुंच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अमेठी जिले के गौरीगंज स्थित असैदापुर अस्पताल पहुंचवाया। यहां चिकित्सकों ने बाइक चालक राजीव को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दो गंभीर रूप से चुटहिल को प्रारंभिक उपचार के बाद रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान एम्स में आर्यन की भी रात में मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया।

## भगवत कृपा में ही प्राप्त होती है जीव को सदगति : आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण

प्रतापगढ़। बेलहा के समीप हिरऊ का पुरवा में मंगलवार को परीक्षित मोक्ष व सुदामा के भगवान से मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षित को शुकदेव जी द्वारा यह समझाया गया कि जीव की सदगति भी भगवत कृपा है। कथाव्यास ने कहा कि मृत्यु भी जन्म की तरह जीवन का शाश्वत सत्य है। उन्होने कहा कि मनुष्य को जीवनकाल में सतकर्म करते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि सतकर्म और नैतिकता के मार्ग पर अडिग रहने वाले जीव पर भगवान की कृपा उसे मोक्ष प्रदान किया करती है। सुदामा और श्रीकृष्ण के मैत्री को समझाते हुए कथाव्यास ने बताया कि सुदामा ने विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हरि भजन के जाप को जारी रखा। उन्होने कहा कि द्वारिकाधीश की परीक्षा में सुदामा की भक्ति भगवान की कृपा का मार्ग स्वयं प्रशस्त कर गयी। उन्होने कहा कि सुदामा ने भगवान से मिलन के बाद प्राप्त हुई भव्यता को त्याग कर कृष्ण नाम के ही उपासना मंत्र को प्राथमिकता प्रदान की। ऐसे में सुदामा भक्ति के आदर्श प्रेरणा बने। विश्राम दिवस पर भजन संकीर्तन में भी श्रीराधे जाप में भक्तों को निहाल देखा गया। संयोजक रामदुलारे यादव व लक्खू देवी तथा समाजसेवी पप्पू तिवारी ने कथाव्यास धीरेन्द्रपाल कृष्ण जी व महन्त उमापति दास जी को श्रद्धालुओं की ओर से आध्यात्मिक सम्मान सौंपा। इस मौके पर केशवदत्त पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, सौरभ तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, राम मिलन यादव, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, रंजन सिंह, संगम लाल दुबे, राजाराम यादव, विजय यादव, आचार्य पवन द्विवेदी, राजीव सिंह, मिथलेश यादव आदि रहे।

# जनता दर्शन में डीएम सख्त

## शिकायतों पर तय होगी जवाबदेही



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में स्वयं जनसुनवाई करें तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी की इस सख्ती से आमजन को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद जगी है और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मई तक सभी पेयजल योजनाएं पूरी करने के निर्देश

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हर घर जल योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन फेज-2 के तहत कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो को 159 ग्राम पंचायतों के 218 राजस्व ग्रामों में 124 पाइप पेयजल योजनाओं तथा मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा विश्वनाथ प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0) को 198 ग्राम पंचायतों के 233 राजस्व ग्रामों में 165 योजनाओं के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। बैठक में बताया गया कि पूर्व निदेर्शानुसार मेसर्स एल.एण्ड.टी. द्वारा 66 में से लगभग 48 योजनाएं पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। वहीं, जी0ए0 इन्फ्रा विश्वनाथ प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा 30 में से 18 योजनाएं पूर्ण कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा अन्य योजनाओं पर कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शेष सभी पाइप पेयजल योजनाओं को माह मई 2026 के अंत तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए और प्रत्येक गांव में नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अधिशासी अभियंता जल निगम मो. इमरान, सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक उपस्थित रहे।

## स्कूली वाहनों के विरूद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान

इटावा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन में अवगत कराया कि बिना परमिट संचालित अनाधिकृत स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्कूलों को पोर्टल पर ऑनबोर्ड किये जाने के बाद भी कई संस्थानों ने अपने वाहनों में जरूरी सुधार नहीं कराये है। कई वाहन बिना परमिट के बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रहे हैं। स्कूल संचालक, वाहन संचालकों को बार-बार सूचित करने के बावजूद भी स्कूल संचालकों द्वारा परमिट नहीं बनवाया जा रहा है। स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसलिये स्कूल वाहन स्वामियों को पुनः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान स्कूल वाहन सीज, बन्द की कार्यवाही न हो इसके लिये ऑनलाइन परमिट का आवेदन जल्द से जल्द करा लें। 5 मई को प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान परिवहन विभाग द्वारा बिना स्कूल परमिट संचालित 2 स्कूली वाहन थाना सिविल लाइन तथा बकेवर में सीज कर दिये गये हैं तथा शेष 7 बिना स्कूल परमिट संचालित पाये गये स्कूली वाहनों का का चालान किया गया है। उक्त कार्यवाही शासन के निर्देश के कम में 15 मई तक जारी रहेगी।

## उद्योग बन्धु बैठक सम्पन्न, निवेश व समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर



सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछली कार्यवृत्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निवेशकों और व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशकों से संपर्क कर उनकी दिक्कतों का निस्तारण करने और उन्हें अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। साथ ही, नगर पालिका बांसी को साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था दुरुस्त करने तथा मांस-मछली दुकानों के व्यवस्थित स्थानांतरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी नगर निकायों को खराब आरओ और वाटर कूलर तत्काल ठीक कराकर संचालित करने के निर्देश दिए। रोजगार सृजन योजनाओं—जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार व अन्य योजनाओं—में अधिक से अधिक आवेदन कराने के लिए कैंप आयोजित करने पर भी जोर दिया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, उद्यमियों को समय पर सब्सिडी भुगतान और विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

# 3 घंटे में लापता युवती सकुशल बरामद





**जोगिया बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद में महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जोगिया उदयपुर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक लापता युवती को महज तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्यवाही से पुलिस की सक्रियता और संवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम एवं बीट पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम गोनहा निवासी 19 वर्षीय युवती नन्दनी सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिससे परिजन चिंतित थे।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संभावित स्थानों पर सघन तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद युवती को तनजवा बंधे के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद नियमानुसार युवती का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी जोगिया उदयपुर में कराया गया और सभी आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं स्थानीय लोगों ने भी जोगिया पुलिस, विशेषकर थानाध्यक्ष अभय सिंह की जमकर सराहना की। जनपद में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियानों के तहत जोगिया पुलिस की यह कार्रवाई एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

# वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

**खे0 बांसी सिद्धार्थनगर/बांसी।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल की है। नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा की सक्रियता और नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक



महाजन के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में थाना खेसरहा पुलिस ने यह कार्रवाई 05 मई 2026 को की। पुलिस के अनुसार, थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 58/2026, धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चल रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह गिरफ्तारी पुलिस की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में खेसरहा पुलिस की भूमिका की प्रशंसा की है।

## प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चला व्यापक चेकिंग अभियान



बांसी, सिद्धार्थनगर। जनपद में शांति, सुरक्षा और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली बांसी के प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में एक व्यापक और प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में उपनिरीक्षक छोटे लाल सहित पुलिस बल पूरी सक्रियता और मुस्तैदी के साथ मौजूद रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशों के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में 05 मई 2026 को थाना बांसी और चिल्हिया पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की गहन जांच की गई, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। अभियान के तहत दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। साथ ही सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाकर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास किया गया। कोतवाल मृत्युंजय पाठक ने इस दौरान आमजन से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उनके नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान न केवल कानून का पालन सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बांसी पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की है और इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया है। इस प्रकार के सघन अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और जनपद में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण कायम रह सके।

## फांसी पर लटकते मिले चचेरे भाई-बहन के शव, खुदकुशी की आशंका

हरदोई। जिले के शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक युवक और नाबालिग लड़की के शव एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकते पाये गये। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों चचेरे भाईबहन थे और उनके बीच प्रेम संबंध थे। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के बबुरही गांव में रवि कुशवाहा (25) नामक युवक और उसकी 16 वर्षीय चचेरी बहन के शव गन्ने के खेत में पेड़ पर लगे फांसी के फंदे से लटकते पाये गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

सहारनपुर। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने मंगलवार को बताया कि चार और पांच मई की दरमियानी रात देहात कोतवाली क्षेत्र में पुलिस के दल देवला सरकडी खुमार रोड पर वाहनों का निरीक्षण कर रहे थे, और उन्होंने एक मोटरसाइकिल सवार को शक के आधार पर रुकने का इशारा किया लेकिन रुकने के बजाय उसने भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार होने की वजह से मोटरसाइकिल आगे जाकर फिसल गयी और पुलिसकर्मियों को पास आता देखकर, उस पर सवार व्यक्ति ने उन पर गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में पैर पर गोली लगने से वह जख्मी हो गया।

# केरलम में कांग्रेस की जीत को लेकर कांग्रेसियों में जश्न का माहौल

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़।** केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन की शानदार जीत के साथ चार राज्यों में पार्टी की सरकार बनने को लेकर मंगलवार को कांग्रेसी गढ़ रामपुरखास में जश्न का माहौल दिखा। उत्साहित पार्टी कार्यकताओं का हुजूम सुबह से ही क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जुटने लगा। बैठक कर पार्टी कार्यकताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के नेतृत्व में पार्टी संगठन को सशक्त बनाए जाने का सामूहिक संकल्प लिया। इसके बाद कार्यकर्ता पार्टी के झण्डे व बैनर के साथ कैम्प कार्यालय से भारी तादात में जोश के साथ स्थानीय इंदिरा चौक पहुंचे। यहां चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं चौक पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर कार्यकताओं को खुशियां साझा करते देखा गया। चौक पर कांग्रेसियों का उत्साह तब और बढ़ गया जब जश्न में बड़ी संख्या में व्यापारियों व अधिवक्ताओं का जत्था भी पहुंचने लगा। यहां हुई सभा में पार्टी कार्यकताओं में केरलम में सरकार बनने की खुशी चहकती दिखी। वहीं पश्चिम बंगाल में इस बार खाता खुलने के साथ केरलम की जीत को कांग्रेस की चार राज्यों में सरकार होने की भी खुशी कार्यकताओं का जोश बढ़ाए दिखी। चौक पर जमा कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में व्यापारियों, अधिवक्ताओं व स्थानीय लोगों ने जीत की खुशी में इस बार रामपुरखास में गोल्डेन जुबली के इतिहास गढ़ने का भी इजहार किया। अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी तथा पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी, छोटेलाल सरोज व पप्पू तिवारी एवं एबादुर्रहमान करते दिखे। यहां सभा को डॉ0 ओमप्रकाश जायसवाल, सूबेदार बीडी सिंह बघेल, लाल विनोद प्रताप सिंह, भइयाराम तिवारी, पवन शुक्ला, दारा सिंह, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, शेरू खां, दीपक मिश्र ने संबोधित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय नीतियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, नीरज सिंह, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, राहुल तिवारी, विपिन शुक्ल, प्रमोद तिवारी, संतोष सिंह, संतोष पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, मोनू पाण्डेय, सिंटू मिश्र, श्याम नारायण तिवारी, प्रमोद सरोज, रजा खान, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, विद्याधर मिश्र, हरीश सिंह, दिनेश सिंह, जियाउल खां, सोनू मिश्र, अवनीश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## डबल डेकर बस की ट्रक से टक्कर, 27 घायल

सम्भल। गंगा एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में ट्रक की टक्कर लगने से एक डबल डेकर बस पर सवार 27 लोग घायल हो गये। सम्भल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक ने संवाददाताओं को बताया कि आज सुबह गंगा एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस बदायूं के उझानी से होती हुई उन्नाव के बांगरमऊ जा रही थी तभी चंदोई गांव के पास एक मोड़ पर वह एक ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में 27 लोग घायल हो गए। उनमें से गंभीर रूप से जख्मी कुछ लोगों को इस जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस यात्री रमा देवी ने बताया कि बस पर लगभग 50 यात्री सवार थे, जो लुधियाना से उन्नाव के बांगरमऊ जा रहे थे।

संक्षेप

## बीडीसी बैठक में प्रस्ताव दिए गये



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र पंचायत की बहु प्रतिक्षित बी डी सी बैठक ब्लाक सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें तीन करोड़ ग्यारह लाख रुपए के कार्यों के प्रस्ताव पास किए गए। बी डी सी सदस्यों ने एक सौ छब्बीस प्रस्ताव दिए। ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार, बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी, ए डी ओ पंचायत दीप कांत, ग्राम सचिव प्रधान और बी डी सी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और नए कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा के साथ प्रमुख विकास कार्य कराए जाने पर बल दिया गया।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में

असोहा (वीओएल)। थाना असोहा क्षेत्र में दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित बाल अपचारी को पुलिस ने संरक्षण में ले लिया है यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 03 मई 2026 को पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना असोहा में मुकदमा अपराध संख्या 111/2026 धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मामला और गंभीर पाया गया जिसके चलते इसमें धारा 5/6 व 5र(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 05 मई 2026 को उपनिरीक्षक मृत्युंजय बहादुर ने अपनी टीम के साथ दबिश देकर आरोपी बाल अपचारी को उसके घर से संरक्षण में लिया इस कार्रवाई में कांस्टेबल राहुल कुमार भी शामिल रहे। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## युवक का शव मिला

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा गौनर मार्ग पर ग्राम सभा बघाड़ के पहले सड़क के किनार विद्युत पोल के पास मंगलवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा एक 26 वर्षीय युवक का शव देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शव की पहचान चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौरीचौरा के मुंडेरा निवासी नौशाद पुत्र खुर्शीद के रुप में हुई। परिजनों के अनुसार नौशाद सोमवार की रात लगभग 9 बजे थाना क्षेत्र के रमदसहा में अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए घर से निकला था। घटनास्थल पर स्थित विद्युत पोल के पास क्षतिग्रस्त अवस्था में उसकी बाइक पड़ी हुई थी। ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि अनियंत्रित बाइक पोल से टकराने से यह दुर्घटना हुई होगी। क्योंकि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस परिजनों से जानकारी लेकर अन्य पहलुओं पर जांच कर रही

## दो सीसी सड़कों का शिलान्यास आज

चरगांवा, गोरखपुर। राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा एवं चेयरमैन स्थायी समिति गृह मंत्रालय भारत सरकार डा. राधामोहन दास अग्रवाल सासंद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत बुधवार को वार्ड नंबर 67 मोहद्दीपुर में लागत रुपया 37.55 लाख रुपए 37.34 लाख रुपए की लागत से दो सीसी सड़क का शिलान्यास सायं 4:30 बजे हैप्पी स्कूल मार्ग पर करेंगें उक्त बात की जानकारी सांसद के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह ने दी हैं।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम सुकन्या योजना के अन्तर्गत खाता सं. 4700350 में त्रुटिवश अंशिका कश्यप दर्ज हो गया है, जबकि सही नाम अनिका कसौधन है। सुकन्या खाता में सही नाम अनिका कसौधन दर्ज किया जाये। हरिओम कुमार पुत्र राधे कृष्ण साकिन कौड़ीराम, पो.-कौड़ीराम, तहसील-बांसगांव, जिला-गोरखपुर।

# मत करें चिंता, हर समस्या का करायेंगे समाधान

## जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखायें अधिकारी, कराये पारदर्शी निस्तारणः मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए, सरकार हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के



सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा समीप खड़े अफसरों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और निष्पक्ष होना चाहिए।

जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्चस्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहता है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में मुख्यमंत्री ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## गायत्री शक्तिपीठ में मां सरस्वती की मूर्ति खंडित

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर बासुडीहा स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में अराजक तत्वों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति खंडित करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शक्तिपीठ के ट्रस्टी गुलाब सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे जब वे परिसर में टहल रहे थे, तब उन्होंने देखा कि चबूतरे पर स्थापित मां सरस्वती की मूर्ति खंडित अवस्था में पड़ी थी। यह मूर्ति कांच के ढांचे से सुरक्षित की गई थी, जिसे तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित की शिकायत पर गगहा पुलिस ने अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। ट्रस्टी ने आशंका जताई है कि किसी शरारती तत्व ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम दिया है।

## सीएम योगी ने दी अंबरीश श्रीवास्तव को भावभीनी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिविल लाइंस पार्क रोड निवासी, प्रतिष्ठित कारोबारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय कुमार श्रीवास्तव (अतुल) के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पुत्र अंबरीश श्रीवास्तव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अंबरीश श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा के मंत्री थे। 24 अप्रैल को उनका असामयिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबरीश श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत की आत्मा की चिर शांति के लिए महायोगी गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने अंबरीश के पिता अजय कुमार श्रीवास्तव (अतुल), माता संध्या श्रीवास्तव, पत्नी दीपाली श्रीवास्तव, अनुज नितिन श्रीवास्तव, अंबरीश के पुत्रों ईशान श्रीवास्तव व वीर श्रीवास्तव और अन्य परिजनों आदित्य श्रीवास्तव, पारुल श्रीवास्तव, तनुजा श्रीवास्तव, विराज श्रीवास्तव, अनन्या श्रीवास्तव, नव्या श्रीवास्तव, अमित कुमार श्रीवास्तव, गोरख प्रसाद, डॉ. अंकुर सिन्हा आदि से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल व अन्य कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा समाज के लोगों ने निकाला कैंडल मार्च



चरगांवा, गोरखपुर। गाजीपुर करंडा निवासी निशा विश्वकर्मा हत्या कांड के विरोध में गोरखपुर जनपद के विश्वकर्मा समाज के लोगों ने अधिवक्ता ब्रितेनजय शर्मा के नेतृत्व में निशा विश्वकर्मा के पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के मंगलवार की शाम को गोलघर में इंदिरा बाल विहार से टाउन हाल तक कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन करने के साथ श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया।

श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ता ब्रितेनजय शर्मा सहित, दिनेश विश्वकर्मा (फौजी), शिव रतन विश्वकर्मा, संजय शर्मा, श्याम बाबू शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, रिशी केश विश्वकर्मा, आचार्य कृष्ण कुमार शर्मा, दीप नारायण शर्मा, डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, मनोज शर्मा, अधिवक्ता अरविंद शर्मा, राम दुलारे शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बंगाल महिला आत्मसम्मान के कर्मठ कार्यकर्ताओं की विजयः दीपक



इटावा। पश्चिम बंगाल में हुई आशातीत विजय महिलाओं के आत्मसम्मान, महिला सशक्तिकरण और बंगाल के कर्मठ कार्यकर्ताओं की विजय है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा बंगाल विजय कोई साधारण विजय नहीं है। यह आजादी के बाद गैर हिंदी भाषी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया वह शंखनाद है जिसकी गूंज भारतीय राजनीति में लम्बे समय तक गूंजती रहेगी। भारतीय जनता पार्टी को अभी तक हिंदी भाषी व उत्तर भारत की पार्टी होने के आरोप लगते रहे हैं। जो चुनाव के परिणाम में भी देखने को मिलते रहे हैं। परंतु विगत पांच विधानसभा चुनावों में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी को बंगाल में आशातीत सफलता मिली है। इसके साथ ही साथ असम तीसरी बार विजय प्राप्त की है और इसके साथ केरल में भी और तमिलनाडु में भी जनाधार बढ़ाया है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी के उन छोटे-छोटे परंतु मजबूत इरादों व संगठन क्षमता का व्यापक प्रदर्शन झलकता है। श्री गुप्ता ने आगे कहा बंगाल चुनाव ने विपक्ष की एकता की ढोंग की पोल खोल दी है अब विपक्ष शक्तिशाली होने का ढोंग नहीं कर सकता। आने वाले समय में होने वाले चुनाव में सपा कांग्रेस सहित अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के लिए खतरे की घंटी बज गई है। यह चुनाव यशस्वी प्रधानमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री व केंद्रीय नेतृत्व के संगठित एवं दुस्साहसिक निर्णयों का परिणाम है। श्री गुप्ता ने केन्द्रीय नेतृत्व के साथ साथ प्रदेश के नेतृत्व की जमकर सराहना की।

## संगठनात्मक अभियानों की कार्ययोजना पर चर्चा





इटावा। भाजपा कार्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तय करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीते अभियानों की समीक्षा तथा आगामी संगठनात्मक अभियानों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान पार्टी की संगठनात्मक शक्ति को और अधिक मजबूत बनाने का अभियान है। प्रशिक्षण वह धुरी है, जो कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करती है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को न केवल संगठनात्मक कार्यशैली का ज्ञान मिलता है, बल्कि उनमें राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और सेवा भाव भी विकसित होता है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि जनपद इटावा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण 23 व 24 मई को बालाजी मंडपम में संपन्न होगा। प्रशिक्षण कार्यकताओं को गढ़कर संगठन को मजबूत बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। संचालन जिलामहामंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया। बैठक में सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक डॉ सिद्धार्थ शंकर दोहरे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव, हरि किशोर तिवारी, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही ने ली बेजुबान की जान

गीडा, गोरखपुर। पिपरौली क्षेत्र में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण एक गरीब पशुपालक को भारी आर्थिक और भावनात्मक क्षति झेलनी पड़ी है। नौसढ़ विद्युत उपकेन्द्र के जैतपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले जैतपुर गांव में सोमवार रात हाई-वोल्टेज केबल की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली और जनता की सुरक्षा के प्रति उनकी उदासीनता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नगवा निवासी पशुपालक जितेन्द्र चौहान की गाय सोमवार रात करीब 10 बजे अनजाने में इस फटे हुए केबल के संपर्क में आ गई। केबल में प्रवाहित हो रहे तेज करंट ने गाय को संभलने का मौका भी नहीं दिया और कुछ ही क्षणों में उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि मृत गाय की कीमत लगभग 70,000 रुपये थी। उनके लिए यह केवल एक पशु नहीं, बल्कि परिवार के पालन-पोषण का आधार थी। जैतपुर गांव में स्थापित 250 केवीए के ट्रांसफार्मर से होकर पोल तक जाने वाली बिजली की केबल लंबे समय से फटी हुई थी। स्थिति इतनी भयावह थी कि यह हाई-वोल्टेज केबल लटककर जमीन को छू रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने बार-बार स्थानीय लाइनमैन से गुहार लगाई लेकिन ऊपर से आदेश नहीं है, या सामान नहीं है। जैसे बहाने बनाकर उन्हें टाल दिया गया। लोगों का तर्क है कि जिस स्थान पर गाय की मौत हुई वहां अक्सर बच्चे भी खेलते रहते हैं। अगर समय रहते केबल नहीं बदली गई तो अगली बार किसी इंसान की जान जा सकती है। इस संबंध में नौसढ़ उपकेन्द्र के अवर अभियंता विपिन सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित पशुपालक को कार्यालय बुलाया गया है और उनसे जरूरी फार्म भरवाकर विभाग की ओर से उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही, तत्काल कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जमीन को छू रहे फटे हुए केबलों को दुरुस्त कराया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो।

## लेखपाल पर पंचायत सहायक को गाली देने का आरोप

### फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने को लेकर विवाद, रिकॉर्डिंग का दावा

मौरावां (वीओएल)। हिलौली ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत असरेंदा में एक लेखपाल पर पंचायत सहायक को गाली देने का आरोप लगा है। पंचायत सहायक अजय कुमार ने लेखपाल रज्जन लाल पर फार्मर रजिस्ट्री के काम में तेजी लाने को लेकर फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी पुरवा को शिकायत पत्र दिया गया है। अजय कुमार ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि 2 मई 2026 को रात करीब 8:44 बजे लेखपाल रज्जन लाल ने उन्हें फोन किया। लेखपाल ने फार्मर रजिस्ट्री की संख्या पूछी, जिस पर अजय ने तीन रजिस्ट्री होने की जानकारी दी। इसके बाद लेखपाल रज्जन लाल ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। अजय कुमार का दावा है कि लेखपाल द्वारा दी गई गालियां उनके मोबाइल में रिकॉर्ड हैं। 4 मई 2026 को अजय कुमार ने उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव को शिकायत पत्र सौंपकर लेखपाल रज्जन लाल के खिलाफ कार्रवाई और उनका असरेंदा ग्राम पंचायत से स्थानांतरण करने की मांग की है। उन्होंने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान असरेंदा, लल्लन सोनी ने बताया कि वर्ष 2025 में तत्कालीन उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने लेखपाल रज्जन लाल को खतौनी में गलत हिस्सा सुधारने के नाम पर पैसे



लेने के आरोप में निलंबित किया था। बहाली के बाद लेखपाल ने दोबारा असरेंदा ग्राम पंचायत में अपनी पोस्टिंग करा ली थी। इस घटना के विरोध में लगभग पचास पंचायत सहायकों ने हिलौली ब्लॉक मुख्यालय पर सामूहिक धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को उपजिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायकों ने घोषणा की है कि जब तक लेखपाल रज्जन लाल सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक वे फार्मर रजिस्ट्री का कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक ने उद्घाटन किया



भरथना, इटावा। विधायक राघवेंद्र गौतम के संयोजन में क्षेत्र के ग्राम मेढ़ीदुधी महात्मा गांधी ग्रामीण स्टेडियम में आयोजित विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन मंगलवार को उद्घाटन मैच क्षेत्र के नन्दगांव क्रिकेट क्लब और भरथना लिजेंड क्रिकेट क्लब के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमें भरथना टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 52 रन बनाकर टीम ऑलआउट हो गई। जिसके जबाव में नन्दगांव टीम के खिलाड़ियों ने धुंआधार बल्लेबाजी कर मात्र 7 ओवरों में निर्धारित लक्ष्य पूरा करते हुए 8 विकेट से उद्घाटन मैच जीत लिया। वहीं मात्र दो ओवरों में चार विकेट लेने वाले धुरंधर बॉलर लोकेंद्र को मैनऑफ दा मैच का खिताब घोषित किया। इससे पहले सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, जिला महासचिव वीरू भदौरिया आदि सपा नेताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और पहली गेंद खेलकर क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। तदुपरान्त अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। टूर्नामेंट स्थल पर पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी, मोहम्मद लारा के अलावा बड़ी संख्या में सपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कस्बे में विराट उर्स का आयोजन किया गया



पाटन उन्नाव। विधानसभा भगवंतनगर क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक स्थित हड़हा कस्बे में 1038वां विराट एवं भव्य उर्स बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उन्नाव के चर्चित समाजसेवी एवं पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने भी आयोजन कमेटी एवं कव्वालों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रदेश स्तरीय इस भव्य आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सभा को संबोधित करते हुए पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सहयोग और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आयोजन समिति को 11 हजार रुपए का आर्थिक मदद भी प्रदान की इस अवसर पर मुख्य रूप से जुनेद अहमद पूर्व प्रधान वकील सभासद, आजाद सभासद, इमरान, जीशान, मोहम्मद जमाल, जहूर अली, मानवेन्द्र सिंह, आर के सिंह मामाजी, ज्ञान सिंह, प्रखर सिंह, सुनील सिंह, अमन, अर्पित, सौरभ राघवेंद्र, रिंकू, विश्वजीत, मयंक पटेल, अशोक पासवान, रामजी यादव लोटन पासवान आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो लुटेरे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## एक लुटेरा पुलिस की गोली से हुआ घायल, 53 हजार रूपये तमंचा कारतूस व बाइक हुई बरामद

भरथना, इटावा। बीती 27 अप्रैल की रात्रि 9 बजे कस्बा के व्यापारी के साथ तमंचे के बल पर 17 लाख रुपए की नगदी लूटकांड में भरथना पुलिस को बडी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने मुठभेड के दौरान लूट की घटना करने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जबकि एसएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि एक लाख 70 हजार की लूट हुई है व्यापारी ने किसी साजिश के तहत 17 लाख की लूट की खबर फैलाई गई थी गहन पूछताछ के बाद असली बात सामने आई लुटेरों ने लूट हुए झोले को जलाकर फेंक दिया था पुलिस ने झोला सहित 53 हजार रुपयों सहित दो तमंचे कारतूस व एक मोटर साइकिल अभियुक्तों के कब्जे से बरामद हुई।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र के मार्गदर्शन पर क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थाना पुलिस भरथा द्वारा कार्यवाही की गई। पुलिस ने लूट की घटना करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु बीती 4 व 5 मई की रात्रि को घसारा तिराहा के पास संदिग्ध व्यक्ति आरोपी फरार है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 27 अप्रैल को किराना व्यापारी के साथ छिनैती की घटना उनके द्वारा की गई थी। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, विश्वनाथ उर्फ वीपी पुत्र घनश्याम राजपूत के कुल 17 मुकदमें लूट, चोरी जैसे अन्य मुकदमें है तथा ऋतिक कुमार



वाहन चैकिंग के एक मोटरसाइकिल पल्सर पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। जवाबी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त विश्वनाथ उर्फ वीपी पुत्र घनश्याम राजपूत निवासी ग्राम कुमराहन थाना इकदिल जनपद इटावा के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया वहीं दो पुत्र सत्येन्द्र उर्फ डैनी निवासी गौतला थाना अछल्दा, जनपद औरैया के खिलाफ कुल 5 मुकदमें पंजीकृत है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 4 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 6 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व लूट के 53700 रुपया व एक मोटरसाइकिल पल्सर बरामद की है। जिनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह व निरीक्षक अपराध अरविन्द सिंह सहित पुलिस जवानों का विशेष सहयोग रहा।

## तेज गरज के साथ बारिश शुरू

इटावा। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे मौसम ने अचानक करवट ली। पहले तेज हवाएं चलीं, फिर आसमान में तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 10 मिनट से लगातार तेज बारिश होने से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई और शहर का तापमान लगभग 30 डिग्री तक पहुंच गया। बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने पूरे शहर का मौसम बदल दिया। दिन में जहां गर्मी महसूस हो रही थी, वहीं अचानक आई ठंडी हवाओं और बारिश ने माहौल सुहावना कर दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक/आर.एस.पी., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं. 1:- ई-प्रापण निविदा संख्या: NER-LJN-RSP-2026-10, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के मुख्य परियोजना प्रबन्धक/आर.एस.पी./लखनऊ के लिये सामान्य परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु सामान्य सलाहकार की नियुक्ति के लिये प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 65883671.00 बयाना राशि (रू.) ₹ 477900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 36 महीने।

बिड प्रारम्भ करने की तिथि–दिनांक 15.05.2026, उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि–दिनांक 29.05.2026, 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि–दिनांक 29.05.2026, 15.00 बजे। निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/आर.एस.पी. मुख्यालय/डब्लू-71 लखनऊ

यात्रियों की क्षति व परावलन पर कदापि यात्रा न करें।

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

निम्न सबस्टेशनों की स्क्रैप विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित करता है :

220 के.वी. सबस्टेशन भरथना, जिला-इटावा (उ.प्र.), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि: 16.05.2026

132 के.वी. सबस्टेशन औरैया, जिला-औरैया (उ.प्र.), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 16.05.2026

132 के.वी. सबस्टेशन चकरनगर, जिला-इटावा (उ.प्र.), ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 16.05.2026

● ई-ऑक्शन वर्तमान दशा ('as is where is') के आधार पर, विभिन्न परिवर्तकों का अलग-अलग लॉट में M/s M.S.T.C. के माध्यम से किया जाएगा। ● स्क्रैप का स्थल :- * 220के.वी. उपकेन्द्र, भरथना, इटावा पर 100 एम.वी.ए. परिवर्तक * 132 के.वी. उपकेन्द्र, चकरनगर, इटावा पर 40 एवं 20 एम.वी.ए. परिवर्तक * 132के.वी. उपकेन्द्र, औरैया पर 20एम.वी.ए. परिवर्तक ● ई-ऑक्शन विवरण * विभिन्न परिवर्तकों हेतु ई-ऑक्शन सं.-MSTC/LKO/UPPTCL/4/Etawah/26-27/7184 * नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शर्तें www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है। * नीलामी से सम्बन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे। ● सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूत्रता :- * rachit.maurya @upptcl.org/Mobile No. 8874203563 * murtaza.ali@upptcl.org/Mob. No. 8874204731

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

(पत्रांक : 165, दि. 05.05.2026)

संक्षेप

## रिश्वत लेते डीएफओ नार्थ का बाबू गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। डीएफओ नार्थ खीरी कीर्ति चौधरी का बाबू विक्रांत नेगी 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी को लखनऊ एंटी करप्शन टीम ने बिलोबी हाल के पास से गिरफ्तार किया है। बाबू विक्रांत नेगी निवासी फरिस्ट कॉलोनी डीसी रोड लखीमपुर ने वनकर्मी इंद्रल सिंह से उसका ट्रांसफर करवाने के नाम पर रुपए मांगे थे। इंद्रल अपना तबादला दुधवा नेशनल पार्क से महेशपुर पोस्ट करना चाहता था। उसने डीएफओ नार्थ से ट्रांसफर के लिए आवेदन किया था। हालांकि अब डीएफओ नार्थ का कहना है कि तबादला एप्लीकेशन उनके सामने नहीं आई। पूरे मामले में डीएफओ नॉर्थ की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही है।

## एसडीएम के संरक्षण में 30 हजार की ली गई रिश्वत हुई वापस

निघसान खीरी। तहसील निघासन क्षेत्र के अंतर्गत पीड़ित विजयपाल मौर्य पुत्र चूर्णामदि निवासी ग्राम बगलहा तकिया के द्वारा 27/04/2026 को जिलाधिकारी के पास प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई गई प्रार्थना पत्र जरिये पीड़ित के द्वारा अवगत कराया गया कि कुरा बटवारा सही ढंग से न किए जाने के एवज में क्षेत्रीय कानूनगो के द्वारा पीड़ित से 30 हजार रुपए की घूस ले ली गई जिसके बावजूद भी पीड़ित के खेत की सुचारू रूप से नहीं की गई पैमाईश मामला जिलाधिकारी तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश जिसमें पैमाईश हेतु टीम का गठन किया गया मौके पर पहुंची टीम के द्वारा की गई पैमाइश में पीड़ित का लगभग डेढ़ बीघा से ज्यादा खेत बढ़ा मौके पर पहुंची राजस्व टीम व पुलिस के द्वारा पीड़ित के खेत में पिलर लगवा कर चौहद्दी सुरक्षित की गयी कानूनगो देशराज वर्मा के द्वारा पीड़ित से ली गयी ?30000 की रिश्वत एसडीएम ने वापस कर दी एसडीएम की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है।

## चीनी मिल सुपरवाइजर की आत्महत्या पर उठा सवाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मकसूदापुर स्थित चीनी मिल में तैनात सुपरवाइजर मनोज कुमार गंगवार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को लेकर विभिन्न संगठनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा मृतक के अंतिम संस्कार में पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में चीनी मिल के प्रबंधन से भी बातचीत की गई। मिल प्रबंधन की ओर से कहा गया कि घटना की जानकारी देर से मिली है और यदि जांच में किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या दबाव की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार या दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के प्रहरी हैं शिक्षामित्र: राज्य मंत्री



- राज्य मंत्री बोले, शिक्षा के प्रहरी हैं शिक्षामित्र
- 3191 शिक्षामित्रों के खातों में बढ़ा मानदेय हुआ अंतरित
- राज्यमंत्री ने देखी टीएलएम प्रदर्शनी, रचनात्मकता की सराहना की

लखीमपुर खीरी। शहर के रॉयल पैराडाइज में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ह्रशिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरणह्न कार्यक्रम ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में गोरखपुर में आयोजित सीएम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सीएम के भाषण को सुनकर शिक्षामित्र ने खूब तालियां बजाई।

सीएम ने प्रदेश के शिक्षामित्रों को तीन बड़ी सौगातें दी हैं। सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें 5 लाख रुपये तक की कैशलेस मेडिकल सुविधा और जीवन बीमा सुरक्षा देने का ऐलान किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया। राज्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में शिक्षामित्र किरण शुक्ला, संजीव शुक्ला, मेनिका तिवारी, विभा मिश्रा, शिवराम राठौर, सावित्री देवी, अतुल श्रीवास्तव, गीतिमा, सूबेदार सिंह और सत्येंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़े हुए 18 हजार रुपये मानदेय के चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही जिले के सभी 3191 शिक्षामित्रों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय अंतरित कर दिया गया।

### 18 हजार मानदेय से मजबूत होगा परिवार व शिक्षा व्यवस्था : राज्यमंत्री

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि शिक्षामित्र वास्तव में शिक्षा के प्रहरी हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी प्रदेश की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का कार्य किया है। अब शिक्षामित्रों को पहले की तुलना में बढ़ा हुआ मानदेय उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा, जिससे उन्हें समय पर आर्थिक संबल मिलेगा। अब शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वे और अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना शिक्षक और शिक्षामित्रों के योगदान के बिना अधूरी है। सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान और भविष्य को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने शिक्षामित्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

## जिले भर में भाजपा की जीत पर जश्न

सीतापुर। जनपद में भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों असम, पश्चिम बंगाल और पुड्डुचेरी में ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। खैराबाद और कमलापुर कस्बों में ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ खुशी का इजहार किया गया। वहीं खैराबाद में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। आतिशबाजी से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर महंत बजरंग मुनि महाराज, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी सहित कई नेता मौजूद रहे। वक्ताओं ने इसे जनता के विश्वास और जनकल्याणकारी नीतियों की जीत बताया। अभिषेक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की अपील की। इसी प्रकार कमलापुर कस्बे में भाजपा नेता डॉ. सुसांत विश्वास और रवि तिवारी के नेतृत्व में जोरदार जश्न मनाया गया।

## सोशल मीडिया पर वायरल शिकायत पर डीएम बच्ची से मिले

लखीमपुर खीरी। सोशल मीडिया पर कक्षा एक की नन्ही छात्रा मानवी सिंह की पुकार पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्थल निरीक्षण का निर्णय लिया। शहर से सटे सलेमपुर ग्राम पंचायत पहुंचकर



डीएम ने न केवल जमीनी स्थिति का गहन आकलन किया, बल्कि मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश देकर प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया। बिना औपचारिकता के डीएम ने गांव की खड़ंजे वाली सड़क पर पैदल चलते हुए मानवी के घर तक पहुंचकर हालात देखे। इस दौरान उन्होंने बच्ची और उसके पिता से आत्मीय बातचीत की। मानवी की परेशानी सुनकर डीएम का संवेदनशील पक्ष सामने आया और उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को खड़ंजा मार्ग की मरम्मत के निर्देश दे दिए। निरीक्षण में सामने आया कि रास्ते पर खड़ंजा तो है, लेकिन बारिश के कारण वह कई जगह पर ऊंचा नीचे हो गया है और जलभराव ने समस्या को और बढ़ा दिया है। डीएम ने साफ कहा कि लोगों को अब इस परेशानी से जल्द राहत दिलाई जाएगी।

## लगा नि:शुल्क श्रमिक आरोग्य मेला शिविर



पलियाकलां खीरी। श्रमिक दिवस सप्ताह के अवसर पर शासन से मिले निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलिया के तत्वावधान में बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में निःशुल्क श्रमिक आरोग्य मेला शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें 392 अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं,मजदूरों का स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा बीपी, पल्स, वेट, एक्स रे ,ब्लड टेस्ट, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य समान्य स्वास्थ्य परीक्षण नि :शुल्क कर दवाएं वितरित की गई। स्वास्थ्य परीक्षण का शुभारंभ इकाई प्रमुख ओ पी चौहान एवं अधीक्षक डाक्टर भरत वर्मा, डाक्टर अजीत सिंह ने फीता काटकर किया, इस अवसर पर महिला चिकित्सक नीतू वर्मा डाक्टर अशोक बिहारी, अंकित दीक्षित, अजय राय,अमन कुमार, ध्रुव कुमार, प्रवीन राना, बृजेश कुमार,संजू देवी, मीरा चौहान, प्रीति,अतुल कुमार, विपिन मिश्रा, पंकज अस्थाना, राजीव मौर्या द्वारा सभी का परीक्षण किया गया। पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।इस अवसर पर डिस्टलरी के युनिट हेड उदय प्रताप सिंह,चीनी मिल के सभी विभागाध्यक्ष कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।इकाई प्रमुख ओ पी चौहान ने सभी डाक्टरों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा समाज हित में इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।

# सकरन में गेहूं खरीद में खेल



सीतापुर। विकास खण्ड सकरन में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों पर भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने इस पूरे मामले को लेकर उपजिलाधिकारी बिसवां को पत्र सौंपते हुए कड़ी चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो किसान सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। भाकियू का आरोप है कि साधन सहकारी समिति महाराजनगर, सांडा, अंदूनसीरपुर सहित अन्य केंद्रों पर पीसीयू के गेहूं क्रय केंद्र संचालित तो किए जा रहे हैं, लेकिन यहां किसानों के साथ खुला खेल हो रहा है। किसान जब अपना गेहूं बेचने पहुंचते हैं तो केंद्र प्रभारी ह्रबारदाना (खाली बोरा) नहीं हैह्न कहकर उन्हें लौटा देते हैं। इसी बीच मौके पर सक्रिय दलाल और बिचैलिये किसानों से संपर्क कर उनका गेहूं औने-पौने दाम, करीब 2300 रुपये प्रति कुंतल में खरीद लेते हैं। बाद में यही गेहूं क्रय केंद्रों पर 2585 रुपये प्रति कुंतल के सरकारी रेट पर बेचा जाता है। इस पूरे खेल में किसानों को सीधा नुकसान और बिचैलियों को मोटा मुनाफा हो रहा है। मामले को और गंभीर बनाता है केंद्रों का दूर-दराज संचालन। सांडा का क्रय केंद्र 35 किमी दूर रेउसा ब्लॉक के डलिया में और अंदूनसीरपुर का केंद्र करीब 20 किमी दूर बिसवां गल्ला मंडी में संचालित किया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे लागत और परेशानी दोनों बढ़ रही हैं। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यह सीधा-सीधा किसानों के हक पर डाका है। यदि जल्द ही भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी और नजदीकी केंद्रों पर गेहूं की तौल शुरू नहीं हुई, तो किसान ब्लॉक मुख्यालय पर अनशन और उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# छात्र संसद व कन्या भारती पदाधिकारियों ने ली शपथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद और कन्या भारती के पदाधिकारियों को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा और प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया।

इसके बाद आचार्य कमलेश कुमार गुप्ता ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में छात्र संसद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि छात्र संसद में सक्रिय भागीदारी के चलते विद्यालय के पूर्व छात्र यश प्रताप सिंह चैहान ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा ने छात्र संसद के प्रधानमंत्री आर्यन पटेल और उप प्रधानमंत्री श्रेयांश मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं कन्या भारती की प्रधानमंत्री आराध्या शुक्ला, उप प्रधानमंत्री वंशिका सोनी और छात्र संसद अध्यक्ष आराध्या यादव को भी शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद प्रभारी आचार्य अभिषेक सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## खंभा गिरने से तीन दिन से अंधेरे में गांव बिजली न आने पर ग्रामीणों में रोष

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में अलीगंज फीडर से होने वाली बिजली आपूर्ति पिछले तीन दिनों से बाधित है। खंभा गिरने के कारण सप्लाई ठप होने के बाद अब तक व्यवस्था बहाल न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के 36 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। लगातार शिकायत करने के बाद भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। आरोप है कि जूनियर इंजीनियर फोन तक नहीं उठा रहे, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को पेयजल, पंखा और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। गांव में छोटे बच्चों और बुजुर्गों की स्थिति अधिक दिक्कत भरी बनी हुई है। मामले में गरीब मजदूर किसान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव केके यादव ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

सीतापुर। जिले में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन की सख्ती एक बार फिर जोरदार तरीके से सामने आई है। खैराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे



के सामने बनी ओम सिटी सहित दो अलग-अलग स्थानों पर बड़े पैमाने पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। प्रशासन ने करीब 40 बीघा और 12 बीघा, कुल मिलाकर लगभग 55 बीघा जमीन पर फैली अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया, जिसकी अनुमानित कीमत 40 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ओम सिटी नाम से विकसित की जा रही प्लाटिंग ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में थी, जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलवा दिया। वहीं दूसरी कार्रवाई खैराबाद कस्बे में बीसीएम अस्पताल के सामने की गई, जहां बिना अनुमति लगभग 12 बीघा जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। प्रशासनिक टीम ने दोनों स्थानों पर बाउंड्री वाल, आंतरिक सड़कों और नालियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी, अवर अभियंता एम.के. मिश्रा, लेखपाल व भारी पुलिस बल मौजूद रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और किसी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया। सिटी मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि जिले में कहीं भी अवैध प्लाटिंग या कब्जे की शिकायत मिलने पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई कि जमीन खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच जरूर करें। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है, जबकि स्थानीय लोगों ने इसे जरूरी कदम बताते हुए स्वागत किया है।

## आखिर किसकी मिलीभगत से दोबारा अवैध निर्माण शुरू हुआ

सीतापुर। खैराबाद में ओम सिटी पर हुई ताजा कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि इसी स्थान पर दिसंबर 2025 में भी प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया था। उस समय करीब 27 बीघा जमीन पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद दोबारा 30 से 35 बीघा जमीन पर प्लाटिंग शुरू हो जाना भू-माफियाओं के हौसले की कहानी खुद बयां करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसकी मिलीभगत से ग्रीन बेल्ट (पी-1) जैसी संरक्षित जमीन पर दोबारा अवैध निर्माण शुरू हो गया? क्या जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी या लापरवाही ने भू-माफियाओं को खुली छूट दे दी? प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद दोबारा अवैध प्लाटिंग होना न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाता है, बल्कि सिस्टम की कार्यशैली पर भी सीधा सवाल खड़ा करता है। अब जरूरत है कि केवल बुलडोजर चलाने तक ही कार्रवाई सीमित न रहे, बल्कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कड़ी जांच और सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी भू-माफिया कानून को चुनौती देने की हिम्मत न कर सके।

# पहले बड़े मंगल पर सुंदरकांड पाठ, भंडारे में उमड़ी भीड़

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



इस अवसर पर श्री लक्ष्मण जती मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना की। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि की ओर से विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ कराया गया। पाठ के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे, जिससे परिसर में भीड़ रही। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में क्षेत्र के लोगों के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

आयोजकों के अनुसार ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवारों पर इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## मेधावी छात्राओं का किया सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसपुर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं की उपलब्धि को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय में कक्षा आठ तक अध्ययन कर चुकी छात्राएं विनीता देवी, आरती देवी, अंजू देवी और रेशू देवी को उनके माता-पिता सहित मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से छात्राओं को पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना तोमर ने कहा कि छात्राओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अभिभावकों ने भी खुशी जाहिर की। समारोह में सुनील कुमार, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, पदमा रानी, अनिलेश त्रिपाठी और अशोक कुमार सहित विद्यालय स्टाफ और गांव के लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने अस्थायी गौशाला का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर अपनाया कड़ा रुख

## बोले दो दिन में सुधार नहीं तो सचिव निलंबित



सीतापुर। डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को सरैंयासानी स्थित अस्थायी गौशाला का औचक निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था, भारी कीचड़ और पशुओं की उपेक्षा देखकर डीएम का पारा चढ़ गया।

गौशाला में एक भी पशु की टैगिंग न मिलने पर जिलाधिकारी ने पैरावेट गंगाराम के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कमजोर और बीमार पशुओं की हालत पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सचिव और खंड विकास अधिकारी को मौके पर ही कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने साफ कहा कि पशुओं की देखभाल में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पशुओं को दिए जा रहे पानी, भूसा भंडारण, हरे चारे की उपलब्धता, पशुओं के पंजीकरण रजिस्टर और हरे चारे के अभिलेखों का भी गहन निरीक्षण किया। बीमार पशुओं के उपचार के लिए चिकित्सकों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली गई। उन्होंने ग्राम प्रधान से केयर टेकरों की संख्या पूछी और स्वयं केयर टेकरों से बात कर उनके मानदेय की जानकारी ली। डीएम ने खंड विकास अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जब तक पशुओं की टैगिंग, कीचड़ का निस्तारण और अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त न हो जाएं, तब तक सचिव फारा इकबाल का वेतन आहरित न किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर हालात नहीं सुधरे तो सचिव के निलंबन की कार्रवाई तत्काल अमल में लाई जाए। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वह स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्यों की निगरानी करें और सभी कमियों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम के इस सख्त तेवर से संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

# शहर-गांव तक गूंजे बजरंगबली के जयकारे



सीतापुर। ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर सीतापुर जनपद पूरी तरह भक्तिमय रंग में डूब गया। नैमिषारण्य धाम से लेकर जिला मुख्यालय और दूर-दराज के गांवों तक आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर ओर ह्लजय बजरंगबलीह्व के जयकारे गूंजते रहे। तड़के भोर से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं, जो देर रात तक थमने का नाम नहीं ले रहीं थीं। नैमिष में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर हनुमान जी के दरबार में माथा टेका, तो शहर के प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि सड़क से लेकर मोहल्लों और गांवों तक सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। हरगांव, लहरपुर मार्ग, दतेली और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह भव्य भंडारे सजाए गए। पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, हलवा और ठंडे शरबत का प्रसाद देर रात तक बांटा जाता रहा। तेज धूप के बीच श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे युवाओं का उत्साह भी देखने लायक था। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने छाया, पानी और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कुल मिलाकर पहला बड़ा मंगल सीतापुर में आस्था, सेवा और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उदाहरण बन गया।

## 5 युवा सांसदों ने विधानसभा में बिखेरा प्रतिभा का जलवा

सीतापुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में माय भारत द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा में 1 से 3 मई तक आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य विकसित भारत युवा संसद 2026 में सीतापुर के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। प्रदेश के 75 जिलों से चयनित 375 युवा सांसदों के बीच जनपद सीतापुर से अमन कुमार त्रिपाठी, सक्षम श्रीवास्तव, फारोजा अकमर, इला मिश्रा और भूमिका सिंह ने प्रतिभाग किया। इन सभी युवाओं का चयन 28 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में आपातकाल के 50 वर्षः लोकतंत्र के लिए एक अध्याय विषय पर उत्कृष्ट अभिव्यक्ति के आधार पर हुआ था। विधानसभा में आयोजित मुख्य सत्र में इन युवाओं ने केंद्रीय बजट-2026ः विकसित भारत 2047 के लिए भारतीय युवाओं का सशक्त मार्ग विषय पर प्रभावशाली भाषण दिए। अमन कुमार त्रिपाठी ने नैमिषारण्य और महान अर्थशास्त्री राजा टोडरमल की धरती सीतापुर का उल्लेख करते हुए ओजस्वी शुरूआत की और युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। सक्षम श्रीवास्तव ने कौशल विकास की जरूरत बताई, फारोजा अकमर ने बजट को युवाओं के लिए दिशा निर्धारक बताया, इला मिश्रा ने विकास में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया, जबकि भूमिका सिंह ने युवाओं के हित में और ठोस कदम उठाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सतीश महाना, बृजेश पाठक तथा गिरीश चंद्र यादव ने युवाओं को संबोधित किया।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **26.05.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 00432026 दिनांक 04.05.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | | क्रम सं० 1. 11-SrDEN-I-LKO/2026-27 |
| | | | क्रम सं० 2. 12-SrDEN-I-LKO/2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं० 1 के लिये | लखनऊ डिवीजन में स्थित विभिन्न कार्यालयों / कार्यस्थलों में महिलाओं के लिए अलग शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था का कार्य। |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | सहायक मंडल इंजीनियर – मुख्यालय / लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता कार्य / आलमबाग – पूर्व / लखनऊ में आलमबाग स्थित सिग्नल प्रोजेक्ट कार्यालय में प्लास्टरिंग, छत की मरम्मत, जल आपूर्ति, दीवार की फिनिशिंग, चारदीवारी, शेड और शौचालय आदि सहित भारी मरम्मत कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र0 सं0 1 के लिये | Rs. 20103331.91 |
| | | क्र0 सं0 2 के लिये | Rs. 10384337.68 |
| 5 | धरोहर राशि | क्र0 सं0 1 के लिये | Rs. 402100.00 |
| | | क्र0 सं0 2 के लिये | Rs. 207700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 1 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| | | क्र0 सं0 2 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | | 12.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 26.05.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1494/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## अज्ञात वाहन ने ली वृद्धा की जान

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर बैतीकला गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान तेजाऊ (80), पत्नी दयाशंकर गुप्ता, निवासी बभनपुर थाना चांदा के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह किसी पारिवारिक या सामाजिक कार्य से लावा देने गई थीं और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। चांदा कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गोली मारने के आरोपी को मिली जमानत

**सुलतानपुर।** अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र के छीटेपुर शास्त्रीनगर में ई-रिक्शा मालिक भारतलाल गौतम को गोली मारने के मामले में जेल में निरुद्ध धमरावा निवासी प्रज्वल प्रताप सिंह को जिला जज सुनील कुमार ने जमानत दे दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने आरोप को निराधार बताते हुए फर्जी केस में फंसाए जाने की दलील दी। मामले में भारतलाल गौतम ने बीते 17 मार्च की रात हुई घटना में अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने प्रज्वल सिंह और शिवम शुक्ला को आरोपी बनाकर जेल भेजा था।

## जिला जज से की बैठने की व्यवस्था की मांग

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जूनियर अधिवक्ताओं की बैठने की समस्या को लेकर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रणव द्विवेदी, रोहित अवस्थी व विशंभर नाथ शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला जज सुनील कुमार से मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में सीटों की कमी से हो रही दिक्कतें बताईं और पर्याप्त व्यवस्था की मांग की। जिला जज ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## कल्याणपुर गोलीकांड के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर।** अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव में हुए गोलीकांड के चर्चित मामले में पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के खिलाफ दर्ज केस में सह आरोपित जौनपुर जिले के बक्शा थाने के महनपुर गांव निवासी विशाल सिंह उर्फ बागी की जमानत अर्जी मंगलवार को जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी है। जमानत का विरोध करते हुए डीजीसी क्रिमिनल राम अचल ने कहा कि आरोपी का गोली मारने का रोल है। अखंडनगर थाने के कल्याणपुर गांव के जिलाजीत यादव ने बीते 15 मार्च को केस दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि रतनपुर मैरवा निवासी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप, उनके पुत्र अभिजीत सिंह व अन्य आरोपितों ने लाठी, डंडा व असलहे से लैस होकर हमला कर दिया था।

# सरकार शिक्षा के स्तर की बेहतरी को प्रयासरत : दिनेश प्रताप

## शिक्षामित्रों ने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भाव से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण दिया योगदान : अदिति सिंह



- जनपद में शिक्षा मित्रों को बढे हुए मानदेय का डमी चेक देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** जनपद के शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन गोपाल सरस्वती इण्टर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता द्वारा प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के 16 शिक्षा मित्रों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक वितरित किया गया, इसके साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड के दो एवं नगरीय क्षेत्र समेत 39 शिक्षामित्रों को उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानदेय वृद्धि से जनपद के 2093 शिक्षामित्र लाभान्वित हुए। उद्यान मंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक है। हम यहाँ उन शिक्षा मित्रों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से समाज को एक नई दिशा दी है। शिक्षा मित्र केवल शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। आपने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का जो कार्य किया है, वह वास्तव में सराहनीय है। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि भी की और उनके सम्मान को उनकी चैखट तक पहुंचाने का भी कार्य किया है।

विधायक सदर अदिति सिंह ने कहा कि आज हम उन शिक्षा मित्रों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भाव से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षा मित्र हमारे समाज की वह मजबूत नींव हैं, जो बच्चों के भविष्य को आकार देने का कार्य करते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ संसाधनों की कमी होती है, वहाँ आपने जिस धैर्य और लगन के साथ शिक्षा की अलख जगाई है, वह अत्यंत सराहनीय है। मैं यह मानती हूँ कि किसी भी प्रदेश का विकास उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है, और इस व्यवस्था को मजबूत बनाने में आप सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपने केवल बच्चों को पढ़ाया ही नहीं, बल्कि उनमें संस्कार, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी जगाई है। विधायक सलोन ने कहा कि आज का यह सम्मान आपके कार्यों की सराहना मात्र नहीं, बल्कि यह एक संदेश भी है कि समाज आपके योगदान को पहचानता है और उसका सम्मान करता है।

जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षामित्रों को बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को सीधे 10000 से बढ़ाकर 18000 रुपए मानदेय किया गया है, जिसे अप्रैल 2026 से लागू भी कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें पांच लाख रुपए तक की चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पूर्व कम्पोजिट विद्यालय रोझयां भीखमशाह, प्राथमिक विद्यालय डिडौली एवं कस्तूरबा विद्यालय सूची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कक्षा पांच की बालिका अवंतिका द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, उपजिलाधिकारी सचिन यादव, राजेश श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, शिक्षा मित्र आदि उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ के पहले मंगलवार पर भंडारे का आयोजन



**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद में जेष्ठ मास के प्रथम मंगलवार पर जगह जगह रामचरित मानस व भंडारे का आयोजन हनुमान भक्तों द्वारा किया गया। जनपद मुख्यालय के एसीसी टिकरिया के पास बड़े मंगलवार पर सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर रायबरेली गौरीगंज अमेठी के नेतृत्व में रेलवे क्रासिंग के पास बाबा ब्रह्मदेव स्थल पर रामचरित मानस का पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ प्रशांत मानडव्या मुख्य कार्यकारणी अधिकारी व गुंजन शुक्ला मुख्य आपरेशनल अधिकारी ने किया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कुलदीप सिंह क्लस्टर मैनेजर, सारंगधर पांडेय, निर्भय तिवारी, डा. ओपी सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप मौर्या, भुनेंद्र सिंह उमेश सिंह, हरि प्रकाश वर्मा सहित तमाम हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## डीबीटी से किसानों के खाते में भेजी गयी फसल बीमा क्लेम की धनराशि

**अमेठी।** खरीफ-2025 और रबी-2025-26में अतिवृष्टि और बेमौसम की भारी बारिश के कारण फसल का नुकसान उठा चुके किसानों को सोमवार को विकास भवन में ? आयोजित एक कार्यक्रम में वन क्लिक के माध्यम से फसल बीमा क्लेम का भुगतान डी बी टी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में किसानों को डेमो चेक भी प्रदान किए गए हैं। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार और जिला कृषि अधिकारी राजेश यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने छः किसानों को डेमो चेक प्रदान किए। कौशल किशोर -, शाहगढ़, अमर बहादुर सिंह -, सिंहपुर, अमर बहादुर सिंह -अमेठी, श्री कांत, तिलोई ,राम कुमार -बहादुरपुर और धर्मराज सिंह-मुसाफिरखाना को डेमो चेक प्रदान किए गये हैं। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, कृषि विभाग के सभी अधिकारी और तकनीकी सहायक फूलचंद मौजूद रहे।

## अब्दुल्लाबाहरपुर गेहूं क्रय केंद्र पर ताला किसान औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर

**शुकुल बाजार, अमेठी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में सरकार द्वारा घोषित 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के बावजूद शुकुल बाजार क्षेत्र के अब्दुल्लाबाहरपुर स्थित बी० पैक्स गेहूं क्रय केंद्र पर लगातार ताला लटका है। शासनादेश के अनुसार 30 मार्च से खरीद शुरू होनी थी, लेकिन 4 मई तक केंद्र पर एक भी बोहनी नहीं हुई। इससे क्षेत्र के सैकड़ों किसान समर्थन मूल्य से वंचित हो रहे हैं और आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं। किसान जगन्नाथ, रामकिशोर और सुनीता देवी का कहना है कि केंद्र के बाहर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद का समय लिखा है, लेकिन हकीकत में गेट बंद रहता है। केंद्र प्रभारी राज कपूर से संपर्क करने की कोशिश की गई, पर उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ मिला। मजबूरी में किसान अपनी उपज स्थानीय मंडियों में बिचौलियों को 2100 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच बेच रहे हैं, जिससे उन्हें करीब 300-400 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि बारदाना की कमी और पोर्टल खराब होने जैसे बहाने बनाकर खरीद प्रक्रिया टाली जा रही है। केंद्र पर न तो कांटा-बांट की व्यवस्था है और न ही नमी मापक यंत्र उपलब्ध है। सूचना पट्ट पर दिए गए अधिकारियों के नंबर भी या तो नहीं उठ रहे या बंद मिल रहे हैं। टोल फ्री नंबर पर शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसान नेता राम उजागिर ने कहा कि सरकार हर दाना खरीदने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। किसानों पर कर्ज और घरेलू जरूरतों का दबाव बढ़ता जा रहा है। उधर, एसडीएम कार्यालय का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे में खरीद शुरू नहीं हुई तो वे तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

## सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हुई अवध विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू



**सुलतानपुर (वीओएल)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की सम सेमेस्टर 2025-26 की मुख्य परीक्षाएं मंगलवार से कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शुरू हो गईं। परीक्षाएं तीन पालियों में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई जा रही हैं। पहली पाली में एमए, एमएससी व एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, दूसरी पाली में बीए, बीएससी व बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर तथा तीसरी पाली में बीए षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्राध्यक्ष प्रो. अंग्रेज सिंह के निर्देशन में आंतरिक उड़ाका दल का गठन किया गया। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया गया। प्राचार्य के नेतृत्व में परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर पुनः जांच भी की गई, जिससे परीक्षा की शुचिता बनी रही। परीक्षा में प्रथम पाली में करीब 400, द्वितीय पाली में 350 तथा तृतीय पाली में 32 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान प्रो. मो. शाहिद, प्रो. राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रो. नीलम त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न हुई।

# सड़क हादसे में पिता की मौके पर मौत मासूम बेटा गम्भीर रूप से घायल

- डीसीएम ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस-सलोन मार्ग पर टिकरिया मोड़ के पास पूरे जियन गांव के सामने गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका 7 वर्षीय बेटा घायल हो गया।ास्रायपुर मजरे नसीराबाद देहात निवासी रतीराम पुत्र हरीराम 30 वर्ष अपने 07 वर्षीय बेटे अतिक के साथ अपनी बहन राजश्री के घर सतपेडा मजरे नसीराबाद देहात गया हुआ था। वापस आते समय जायस सलोन मार्ग पर टिकरिया मोड़ के पास पूरे जियन गांव के सामने तेज रफ्तार डीसीएम ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। रतीराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि बेटा अतिक घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे में बाइक डीसीएम में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई,लेकिन चालक वाहन रोकने के बजाय तेज रफ्तार में भागने लगा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीछा कर ऊदापुर मजरे बिरनावा में नाकेबंदी कर डीसीएम को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस दुर्घटना के शिकार दोनों लोगों को नसीराबाद अस्पताल लाई जहां चिकित्सक ने



रतीराम को मृत घोषित कर दिया और प्रारंभिक उपचार के बाद उसके बेटे को अस्पताल से छुट्टी दे दी।

### प्रेम जाल में फंसा कर महिला से सामूहिक बलात्कार

**रायबरेली।** दूध बेचने का कारोबार करने वाली महिला को प्रेम जाल में फंसा कर संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने आरोप लगाया है कि नशे की दवा खिलाकर सामूहिक बलात्कार करने वाले ने अपनी पह्चान छुपा कर शारीरिक संबंध बनाया और वीडियो बनाकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया गया। पीड़िता ने सलोन थाने में तहरीर दी परंतु कार्रवाई न होने पर उसने इसकी शिकायत एसपी से की है। बताया जाता है थाना सलोन के बहराना मजरे पकसरावां की रहने वाली नीलम यादव पत्नी संजय यादव दूध बेचने का कार्य करती है आरोपी दूध खरीदने के साथ ही फोन पर बात करने लगा जिससे मामला प्रेम प्रसंग पर पहुँच गया।

# हनुमान जी की भक्ति में डूबे भक्त



**रायबरेली।** हनुमान जी महाराज की भक्ति में डूबे में भक्तों द्वारा ज्येष्ठ मांह के पहले बड़े मंगल पर जेसीआई परिवार द्वारा जेल गार्डन रोड पर हरी निवास में भव्य आयोजन किया गया। सदर विधायक अदिति सिंह कार्यक्रम में पहुँच कर सुंदरकांड का पाठ और भव्य प्रसाद पूड़ी, सब्जी छोला, चावल, बूंदी हलुआ, आइसक्रीम आदि वितरण में सहभागिता की। वहीं शहर के तमाम गणमान्य नागरिक और जेसीआई परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंची सदर विधायिका अदिति सिंह ने कहा कि हनुमान जी महाराज इसी योग के साक्षात देवता है उनके द्वारा उनके भक्तों की सदा रक्षा की जाती है और वह लोगों के हृदय में सदैव निवास करते हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने हाथों से प्रसाद वितरण भी किया।

## अम्बहा में बड़े मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन

**डलमऊ, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम अम्बहा में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत इस बार भी बड़े मंगल के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में प्रमुख रूप से हरिनाथ, अवधेश यादव, करण यादव, संजय जायसवाल और अरविन्द सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर भंडारे की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर यह भंडारा कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# हवन पूजन के साथ-साथ विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली।** स्थानीय हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में जेष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर इस वर्ष भी हवन पूजन के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अनुराग अग्रहरि उर्फ विक्की के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत सुंदरकाण्ड पाठ से हुई, जिसके पश्चात हवन-पूजन संपन्न कराया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश प्रसारित होता है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी की कृपा से ही इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर संपन्न होते हैं।

कार्यक्रम में लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, पहरेमऊ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील सिंह, समय बहादुर, ज्ञानप्रकाश जायसवाल, सूर्य प्रकाश वर्मा, विजय धीमान, धनश्याम चैरसिया, दयाशंकर सिंह, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, अशोक वर्मा, एमपी सिंह गैस एजेंसी, अभिषेक पाण्डेय, राजू मौर्य, एसएमआई रोहित द्विवेदी, शौरभ, बृजेश प्रताप सिंह, पुनीत सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, शिवबरन साहू, सुधीर साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का मिला चेक, किया गया सम्मानित




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवीन सभागार में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन व अतिथि स्वागत से हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा 1.43 लाख शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए जाने पर खुशी जताई गई, जिसका लाभ अप्रैल माह से लागू हो चुका है। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ता है और वे बेहतर कार्य के लिए प्रेरित होते हैं। जिले में कार्यरत लगभग 2150 शिक्षामित्रों को सम्मानित किया गया। कुछ चयनित शिक्षामित्रों को मंच पर बुलाकर प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किए गए। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया। समारोह में शिक्षामित्रों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया।

## खड़ी बस में डीसीएम ने मारी टक्कर खलासी समेत कई यात्री घायल

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के कोथरा कला महारानी पश्चिम रेलवे स्टेशन के उत्तरी तरफ नेशनल हाईवे 731 फोरलेन पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। विशाखापट्टनम से तीर्थयात्रियों को लेकर अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने के बाद वाराणसी में काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जा रही बस को पीछे से डीसीएम ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक का खलासी समेत कई बस यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बस हाईवे किनारे यात्रियों के नित्यक्रिया के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान यूपी 13 बीटी 4124 नंबर की डीसीएम, जो रामपुर जनपद से मिर्चा लेकर जौनपुर जा रही थी, अनियंत्रित होकर खड़ी बस में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार यात्रियों और डीसीएम के खलासी को चोटें आईं। सूचना मिलते ही हाईवे पर संचालित एंबुलेंस 1033 मौके पर पहुंची और घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर स्थिति न होने पर यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस की मदद से दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन मौके पर खड़े हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में परिषद परीक्षा वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थियों सहित कुल 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ही उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस तरह के सम्मान समारोह से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और वे आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता द्वारा किया गया।

# ज्येष्ठ के प्रथम मंगल पर एनएसपीएस में प्रसाद वितरण

**रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम के तहत एनएसपीएस त्रिपुला में महावीर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। एनएसजीआई संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने विधि-विधान से पूजन कर सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। तत्पश्चात भगवान को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया।

संयुक्त सचिव डॉ. शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्येष्ठ माह के मंगलवार का विशेष महत्व है। बजरंगबली की उपासना से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और व्यक्ति को शक्ति, साहस तथा सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर शिव लखन




प्रजापति (प्रधानाचार्य एनएसपीएस त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू ), तारकेश्वर सिंह (प्रधानाचार्य एनएसबीवीएम), मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, अरुण चैधरी, संचिता त्रिवेदी, नितिन सिंह, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, रामदेव, आर एन सिंह, गिरीश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### जगह-जगह हुआ भंडारा और शर्बत का आयोजन

**सलोन,रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर जगह-जगह हनुमत आराधना, भंडारा व शर्बत का आयोजन किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा व राहगीरों ने गर्मी में नीबू पानी की ठंड शर्बत से अपनी प्यास बुझाई। कस्बे के तहसील मार्ग स्थित बाबा माधव दास मन्दिर में स्थापित बड़े हनुमान जी के मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और प्रसाद वितरित किया गया। सलोन कस्बे के रामलीला मार्ग स्थित, एडवोकेट ओम प्रकाश रस्तोगी, डॉ अतुल रस्तोगी और प्राँशु रस्तोगी के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। आरती के बाद हनुमान जी को को लड्डू और हलवा पूड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद दोपहर 12 बजे सायं सात बजे तक भंडारे में पूड़ी सब्जी श्रद्धालुओ को वितरित की गई। ग्रामीण क्षेत्र करहिया, कमालगंज, सूची आदि जगहों पर शर्बत, फल आदि प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित रवि कांत पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी, सोमिल रस्तोगी, आशीष रस्तोगी, गोलू रस्तोगी, अखिलेश रस्तोगी, सन्दीप गुप्ता, मुन्ना बबलू रस्तोगी, सुभाष जायसवाल, गोपाल मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## मोबाइल कोर्ट आयोजित 54 शिकायतें निस्तारित

**कुशीनगर।** राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ०प्र०, प्रो० हिमांशु झा की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय स्थित डीपीआरसी हाल में जनपद कुशीनगर में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आवास एवं शौचालय, दिव्यांग पेंशन, सहायक उपकरण, अंत्योदय राशन कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की गई। कुल 54 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। इनमें 14 दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 06 लाभार्थियों को व्हीलचेयर, स्मार्ट केन, एडीएल किट एवं श्रवण यंत्र (कान की मशीन) जैसे सहायक उपकरण आयुक्त द्वारा मौके पर ही उपलब्ध कराए गए। आयुक्त ने जनपद कुशीनगर के दिव्यांगजनों के हित में जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शेष समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप निदेशक, दिव्यांगजन विभाग गोरखपुर मंडल सहित चिकित्सा विभाग, पूर्ति विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अमेठी में शिक्षामित्रों का सम्मान, बढ़े मानदेय का वितरण

गौरीगंज , अमेठी। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष (भाजपा) राजेश अग्रहरि एवं विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद पूरे समर्पण और मेहनत से बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से ही गांव-गांव में शिक्षा का प्रकाश पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक स्टालों का अवलोकन भी किया गया। बच्चों की प्रतिभा, नवाचार और उत्साह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित लोग भावुक और उत्साहित नजर आए। मुख्य अतिथि राजेश अग्रहरि एवं विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। यदि इन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो ये समाज और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षामित्रों के समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे उनमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा जागृत हुई। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षामित्रों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नारी सशक्तीकरण की मिशाल बनी महिला किसान

### कृषि और पशुपालन से किसान होंगे आत्म निर्भर: ओमप्रकाश गुप्ता



जिला संवाददाता (vol)

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बकनहाँ की महिला किसान श्रीमती पार्वती देवी नारी सशक्तिकरण की मिशाल बन गई हैं। पशु पालन के जरिए पार्वती की किस्मत बदल गई है और वह महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं।

ग्राम निवासिनी पार्वती देवी अपने पति खजान्ती कुशवाहा के सहयोग से वर्तमान में 12 गाय और 5 भैंस पाल रखी हैं और खुद के बुते डेयरी फॉर्म संचालित कर रही हैं। प्रतिदिन 50 से 60 लीटर दूध उत्पादन होता है। सारा दूध कसया बाजार बिक जाता है। उद्यमी पार्वती देवी का कहना है कि वे स्वयं पशुओं की सेवा, गोबर प्रबंधन और साफ-सफाई का कार्य संभालती हैं। पशुपालन से हुई आय से अपना घर

**● पशुपालन से बदली किस्मत**

बनवाया है। उन्होंने अपनी मुर्रा नस्ल की भैंस का उल्लेख करते हुए बताया कि वह प्रतिदिन 10 से 12 लीटर दूध देती है। परिवार के सदस्य दूध का सेवन करते हैं और बच्चे कसया में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आय के अन्य स्त्रोतों में गोबर भी शामिल है। सालाना 25 से 30 ट्रॉली गोबर बिक जाता है। जिससे अच्छी आमदनी होती है। पार्वती गोबर खाद का उपयोग अपने खेतों में कर फसल उत्पादन भी बढ़ा रही हैं। श्री खजान्ती ने बताया कि पशुपालन से हुई आय से उन्होंने 52 हॉर्स पावर का ट्रैक्टर, एक पिकअप वाहन और दो मकान बनवाए हैं। पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने गांव के किसानों को हरियाणा के करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी संस्थान में प्रशिक्षण दिलवाया है। श्री गुप्ता ने कहा कि खेती के विकास में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। देशी गायों का गोबर और मूत्र जैविक खेती के लिए अत्यंत लाभकारी होता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और कीट-रोगों पर नियंत्रण मिलता है। श्रीमती पार्वती का मानना है कि पशुपालन महिलाओं के लिए सबसे सरल और लाभकारी व्यवसाय है। वे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। पार्वती देवी नियमित रूप से गौ सेवा के साथ धार्मिक गतिविधियों में भी भाग लेती हैं।

## श्रमिकों को समान व न्यूनतम मजदूरी मिलना सुनिश्चित होना चाहिए

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जंगल शाहपुर सचिवालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और श्रमिक सुविधा केंद्र कुशीनगर के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लल्लन यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व संचालन रामवृक्ष गिरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भुवन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर ने राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए जिला जज संजीव कुमार त्यागी के निर्देशन में 9 मई को दीवानी न्यायलय परिसर कुशीनगर स्थान-पडरौना में लगने वाले लोक अदालत की जानकारी दिए और समनीय मामले, चेक बाउंस, मोटर तदुर्घटना, विजली एवं जल बिल, राजस्व एवं सिविल वाद और अरबिंटेशन से सम्बंधित मामले से पीड़ित श्रमिकों को भागीदारी के लिए अपील किये तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी कराये और कहे कि श्रमिकों की भागीदारी के बिना कोई विकास की परिकल्पना नहीं कर सकता है। श्रमिकों को समान और न्यूनतम मजदूरी मिलना सुनिश्चित होना चाहिए। सचिव ने श्रमिकों को माला पहना कर सम्मान दिए और प्रेरित किये कि अपने अधिकारों के लिए एकजुट होवें। उन्होंने कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख लल्लन यादव के कार्यों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करते रहने के लिए तत्पर रहने हेतु प्रेरित किये।

रामवृक्ष गिरी ने श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक न्याय, जीवन सुरक्षा, हीट वेभ और उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं और श्रम पंजीयन तथा श्रमिक सुविधा केंद्र के सेवाओं की जानकारी दिए। पैरा लीगल वैलेंटियर सबनम ने महिलाओं और पुरुष के समान और न्यूनतम मजदूरी पर चर्चा की। इस अवसर पर राजू प्रसाद, दिनेश प्रसाद, अमिताभ श्रीवास्तव, पवन कुमार, मुस्तफा अंसारी, ज्योति पाण्डेय, विजय मिश्रा, सकलैंन अंसारी, इद्रीश मंसूरी, शम्भू राय, मुन्ना कुमार, संजय कुशवाहा, रामनिवास पाल, खातून नेशा, गेनिया देवी, भगवानी देवी, साबिर अली, आशा देवी, सरफराज आलम, नागिया देवी, तरुननेशा, नूरआलम आदि सैकड़ो मजदूर उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब का अस्थमा दिवस पर निःशुल्क जांच शिविर आयोजित



**देवरिया ।** रोटरी क्लब देवरिया सदर द्वारा विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर जिले के वरिष्ठ चेस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर एक विश्वकर्मा के नर्सिंग होम डीडी हेल्थ केयर में निशुल्क अस्थमा जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्ति कृषि निदेशक आरबी सिंह वरिष्ठ चेस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर एक विश्वकर्मा एवं रोटी क्लब देवरिया के चार्टर अध्यक्ष राकेश धर द्विवेदी द्वारा किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ चेस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर एक विश्वकर्मा द्वारा मरीज का निशुल्क जांच तथा अस्थमा रोग के लक्षण बचाव के उपचार की जानकारी दी गई । जिला 31 20 के जोनल सचिव रोटेरियन डाक्टर विपिन बिहारी शर्मा ने लोगों को अस्थमा रोग के प्रति जागरूक रहने और पौधे लगाने की बात कही । डाक्टर ए के विश्वकर्मा द्वारा लोगों को अस्थमा के प्रति जागरूक रहने और जांच और सही उपचार से अस्थमा को ठीक करने की बात कही । इस अवसर पर रोटेरियन मनोज सेठ संदीप कुमार गुप्ता मिथिलेश कुमार अनिल कुशवाहा सहित डीडी हेल्थ केयर के स्टाफ उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन संयोजक रोटेरियन सिद्धनाथ चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## न्यायालय परिसर में पेड़ों की नीलामी 14 को

**देवरिया ।** अध्यक्ष नीलामी समिति जजी देवरिया काशीनाथ ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय परिसर में निमार्णाधीन 24 कक्षीय न्यायालय भवन के सामने स्थित पार्क के पेड़ों की नीलामी कराई जाएगी। नीलामी 14 मई 2026 को अपरान्ह 1:00 बजे दस कक्षीय न्यायालय भवन के केन्द्रीय सभागार कक्ष में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न होगी। इसमें कुल 11 हरे पेड़ (सिरस, बरगद, वाटर पाम, गुलर व कदम) शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## मोहनगंज पुलिस का एक्शन मोड: 5 वारंटी गिरफ्तार, अभियान में तेज हुई धरपकड़

**मोहनगंज (अमेठी)।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान को मोहनगंज पुलिस ने नई धार दे दी है। सोमवार को थाना मोहनगंज पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे 5 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया। क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, ये सभी अभियुक्त विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे और न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रामदास यादव व उनकी पत्नी शोभावती निवासी पूरे लक्ष्मण प्रसाद (सैम्बसी), राजा प्रसाद व उनकी पत्नी सुषमा निवासी चेतारा बुजुर्ग, तथा अंकित कुमार निवासी पूरे बाबा (भदमर) शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह समेत उपनिरीक्षक राकेश सिंह, अयोध्या प्रसाद, विनोद कुमार तिवारी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। टीम ने सटीक सूचना और रणनीति के आधार पर यह सफलता हासिल की। पुलिस का साफ संदेश है—कानून से बचने का कोई शॉर्टकट नहीं। अभियान अभी जारी है, और आने वाले दिनों में ऐसे और ऑपरेशन देखने को मिल सकते हैं।

## शादी का झांसा देकर बनाये संबंध, बेटा होने पर की ऐसी हरकत, पुलिस से लगानी पड़ी गुहार

**आगरा।** युवक ने खुद को अविवाहित बता कर शपथ पत्र बनवाया। जबकि वह पहले से शादीशुदा है। पहली पत्नी से मुकदमा चल रहा है। युवती ने युवक के विवाहित होने का विरोध किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शादी का झांसा देकर विवाहित युवक ने एक युवती से संबंध बना लिए। पता चलने पर प्राथमिकी दर्ज कराई तो युवती के रिश्तेदारों को आपत्तिजनक मैसेज भेजकर बदनाम कर दिया। युवती के घर पर पहुंचकर 3 लाख रुपये न देने पर बदनाम करने और बेटे को अगवा कर जान से मारने की धमकी दी है। दहशत में आई युवती ने पुलिस से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बाह क्षेत्र के एक इलाके की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि छाता, मथुरा के आझई खुर्द गांव के ध्रुव ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए थे। इससे उसे बेटा भी है। ध्रुव ने बाह तहसील में खुद को अविवाहित बता कर शपथ पत्र बनवाया था। जबकि वह पहले से शादीशुदा है। पहली पत्नी से मुकदमा चल रहा है। विवाहित होने की जानकारी पर ध्रुव के माता-पिता से कहा तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। ध्रुव ने मोबाइल से उसका व्हाट्सएप नंबर अपने फोन में ले लिया। उसके नाम से रिश्तेदार और परचितों को आपत्तिजनक मैसेज भेजे। 10 अप्रैल को उसके नंबर से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। जानकारी होने पर उसने नंबर को बंद कर दिया। 15 अप्रैल को ध्रुव घर आ धमका, मां ने भगा दिया। रात 9:30 बजे फिर घर में घुस आया और बोला कि दर्ज कराए मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगवाने में डेढ़ लाख रुपये खर्च हुए हैं, कोर्ट में आपत्ति मत करना। आपत्ति की तो 3 लाख रुपये लूंगा, नहीं तो इतना बदनाम कर दूंगा कि मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी, आत्महत्या कर लोगी। विरोध करने पर मां और उसके साथ गाली गलौज और पिटाई की। ध्रुव और एक अन्य ने बेटे को खींच कर धमकी दी कि पुलिस में शिकायत की तो बच्चे का अपहरण कर जान से मार देगा। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि तहरीर पर एक नामजद समेत 2 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बुद्ध घाट पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित बुद्ध घाट स्थित मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया गया और विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रत्येक मंगलवार को यहां आयोजित होने वाले हनुमान जी के पूजन अर्चन और भंडारे के क्रम में आचार्य गण के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राम भक्त पवन सूत का पूजन अर्चन कर आरती उतारी गई तथा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और सबके कल्याण की कामना की गई। प्रसाद वितरण में होटल लीला गैलेक्सी के प्रबंधक किशोर कुमार निषाद, पत्रकार राज पाठक, अरुण कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गोंड, कृष्ण कुमार कुशवाहा, पिंटू वर्मा, आदित्य मिश्रा, रजनीश श्रीवास्तव, अनारनाथ मद्धेशिया सहित स्वयं सेवकों ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया।

## अनुमति के बिनाकाट दिये 16 पेड़, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**आगरा।** ताज ट्रेपेजियम जोनमें सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना 16 पेड़ काट दिए गए। बिचपुरी रेलवे फाटक के सामने प्लॉट में पेड़ काटने की शिकायत पर वन विभाग ने जांच कराई तो लकड़ियां गायब मिलीं और केवल ठूंठ पाए गए। वन विभाग की तहरीर पर थाना जगदीशपुरा पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। टीटीजेड में सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी अनुमति के बिना पेड़ काटने का सिलसिला जारी है। ताजा मामला बिचपुरी रेलवे फाटक के सामने का है, जहां निजी प्लॉट पर खड़े 16 पेड़ों पर आरी चला दी गई। इनमें 9 पेड़ पापड़ी के, 4 शहतूत, 2 नीम और एक पेड़ देसी बबूल का काटा गया है। शिकायत पर वन दरोगा रूपाली और उनकी टीम जांच के लिए पहुंची तो पाया कि मौके से पेड़ों की लकड़ियां गायब थीं। सभी पेड़ों की गोलाई 25 से 70 सेमी तक पाई गई। वन विभाग ने पेड़ काटने के मामले में आलोक नगर, जयपुर हाउस निवासी अंशुमान और सिकंदरा के पश्चिमपुरी की राधिका विहार कॉलोनी निवासी राजकुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।


## आने वाले समय मे यह जीत देश में और मजबूत जनाधार का मार्ग प्रशस्त करेगी : विजय कुमार



**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत परिसर में नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत को लेकर भाजपा कार्यकताओं में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया और नई सरकार के गठन पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री एवं पार्टी नेतृत्व की नीतियों और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग का विश्वास जीता है। पश्चिम बंगाल की जनता ने भी विकास और पारदर्शी शासन को प्राथमिकता देते हुए भाजपा को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह जीत देश में और मजबूत जनाधार का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस अवसर पर भाजपा भटनी के मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह, आशीष पासवान, अवधेश गुप्ता, कृष्ण दत्त मिश्रा, सुरेश गुप्ता, अभय, प्रतीक, सचिन, गोपाल गुप्ता सहित नगर के सभी सभासदगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव: कृषि मंत्री

**● मानदेयवृद्धि शिक्षामित्रों के योगदान का है सम्मान : शलभ मणि**




**देवरिया।** देवरिया क्लब, में शिक्षा मित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का का आयोजन जनपद गोरखपुर स्थित गुरु गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में किया गया जहां से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना। जनपद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा लगाए गए, जिनमें नवाचार और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से शिक्षामित्र के बढे मानदेय का प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि एवं कृषि मंत्री श्री शाही ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मित्र ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उन्होंने सीमित संसाधनों में भी शिक्षा की अलख जगाने का जो कार्य किया है, वह सराहनीय है। सरकार शिक्षा मित्रों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और उनके मानदेय में वृद्धि इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मित्र शिक्षा व्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं, जो बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि का निर्णय शिक्षा मित्रों के समर्पण और योगदान का सम्मान है तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बरहज विधायक दीपक मिश्र ने कहा कि शिक्षा मित्रों ने प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और उन्हें निरंतर शिक्षा से जोड़े रखने में शिक्षा मित्रों की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा मित्रों ने शिक्षा के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में बुनियादी शिक्षा की मजबूत नींव रखने में शिक्षा मित्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार द्वारा किया गया मानदेय वृद्धि का निर्णय उनके सम्मान का प्रतीक है। नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्र समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने में शिक्षा मित्रों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा शिक्षा मित्रों का योगदान केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में जागरूकता फैलाने और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके प्रयासों से ही प्राथमिक शिक्षा का स्तर सुदृढ़ हुआ है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा व्यवस्था को निरंतर बनाए रखा। उनका समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा अनुकरणीय है। विभाग उनके सर्वांगीण विकास एवं हितों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिन्होंने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर एसपी अभिजीत आर शंकर, ब्लॉक प्रमुख पथरदेव सुब्रत शाही, संजय सिंह, संजय कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बीइ ओ सत्यप्रकाश कुशवाहा, बीइ ओ देवीमुनि वर्मा, जयराम पाल, राम प्यारे राम, सूरज कुमार, उपेंद्र कुमार भारती, राजेश कुमार यादव, राज किशोर सिंह, अमित कुमार सिंह, गोपाल मिश्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अमेठी पुलिस को बड़ी सफलता, एटीएम बदलकर ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब

जिला संवाददाता (vol)

**गौरीगंज, अमेठी।** कोतवाली अमेठी पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार, बीते तीन दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के सागर स्थित इंडिया वन एटीएम पर दो संदिग्ध युवक ग्राहकों के एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान एक युवक को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से रंगे हाथ पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया।

पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह सुनसान या कम भीड़ वाले एटीएम को निशाना बनाकर लोगों को झांसे में लेकर उनके कार्ड बदल देता था और बाद में खाते से रकम निकाल लेता था।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की जा रही बाइक भी बरामद कर ली है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत जनपद में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहें और किसी अजनबी की मदद लेने से बचें।

# हाईस्कूल व इंटर के टॉप टेन मेधावी सम्मानित



**कुशीनगर।** कसया नगर के सपहा रोड स्थित नवल एकेडमी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2026 के विद्यालय के हाईस्कूल व इंटर के टॉप टेन छात्र - छात्राओं का माल्यार्पण किया गया और मोमेंटो देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मंगलवार को आयोजित समारोह में प्रबंधक एवं शिक्षकों ने सभी टॉपर को सम्मानित किया। प्रबंधक आर एन पांडेय ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने सभी छात्रों को इसी प्रकार निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और अपनी निरंतर मेहनत को दिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जूनियर वर्ग की शॉट पुट (गोला फेक) प्रतियोगिता में राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर विद्यालय के छात्र साहिल अंसारी को सम्मानित किया गया। साथ ही हाईस्कूल की परीक्षा में नीरज यादव को 90.87 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर कक्षा 11 में निःशुल्क पढ़ाने की विद्यालय प्रबंधन द्वारा घोषणा की गई। इस दौरान विद्यालय के कोऑर्डिनेटर अनिल मिश्रा, जितेंद्र सिंह, श्रीमती रजनी राय, श्रीमती रंभा कुशवाहा, संजय राय सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक जब्त, 2गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस नेचेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रेमपुर पुलिया से दो अभियुक्तों जिते उर्फ जितेन्द्र पुत्र भगवती प्रसाद यादव निवासी ग्राम वाजिदपुर थाना नगला सिंघी, सोनू नाई पुत्र स्व0 मुन्नी लाल हाल निवासी नगला पचिया नई आबादी थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद स्थायी पता लाडपुर थाना हाथरस जंक्शन जिला हाथरस को मय चोरी की बाइक बजाज सीटी 100 के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## एसपी ने मुख्य आरक्षी शिव कुमार राय को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**देवरिया ।** मुख्य आरक्षी शिव कुमार राय नियुक्ति क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय देवरिया के मार्ग से गुजरते समय एक अत्यंत जरूरतमंद व्यक्ति जो विषम परिस्थितियों में था, मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसकी सहायता की गयी । जिसकी आम जनमानस में काफी सराहना की जा रही है। उक्त मुख्य आरक्षी द्वारा जिस संवेदनशीलता एवं मानवीयता का परिचय दिया गया उनकी सेवा भावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर द्वारा मुख्य आरक्षी शिव कुमार राय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# विकास और रोजगार

भारत की आर्थिक विकास दर बढ़ रही है, लेकिन रोजगार रहित विकास ने देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े उद्यम लग रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं है। इससे बेरोजगारी और आर्थिक विषमता का संकट बढ़ा है। ऐसे में सरकार को विकास के साथ अवसरों को सृजित करने के लिए रोजगार केन्द्रित उद्यमों को बढ़ावा देना होगा ताकि विकास के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ें। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन हो जायेगा। हालांकि हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। बहरहाल अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतराल के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है, 1947 तक भारत विकसित देश बन पाता है या नहीं, मध्यम आया वाली अर्थव्यवस्था बनने में कितना समय लगेगा, ये तमाम सवाल अपनी जगह पर हैं और इनका जवाब समय के गर्भ में है। लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि अगर भारत को संपूर्ण रोजगार के लक्ष्य को हासिल करना है, तो इसका रास्ता एमएसएमई सेक्टर ही प्रशस्त कर सकता है। एमएसएमई जॉब ओरिएंटेड सेक्टर है और कम ऑटोमोटिव होने, श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण एमएसएमई सेक्टर में अगर प्रगति होती है तो सही मायने में रोजगार के मौके बनते हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां श्रम की बहुलता है। श्रम की उपलब्धता, लगातार बढ़ती समृद्धि और उसके परिणाम स्वरूप बढ़ी मांग ने एमएसएमई की संभावनाओं को भी पंख लगाने का काम किया है। यह भी कि सिर्फ सर्विस सेक्टर, कृषि, प्रकृति एवं डेयरी से जुड़े क्षेत्र और छोटे आकार की उत्पादन प्रणाली तक ही एमएसएमई की कहानी सीमित नहीं है। आज वैश्विक व्यापार में भी मध्यम, लघु और सूक्ष्म आकार के उद्यमों ने बड़ी सफलता दर्ज की है। इसलिए इस बात पर जाने की जरूरत नहीं है कि देश में एमएसएमई की संख्या कितनी है। यह संख्या फिलहाल छह करोड़ के करीब बतायी जा रही है। यह संख्या इतनी अधिक है कि अगर इसमें एक भी नया उद्यम न जुड़े और प्रति उद्यम औसतन दस रोजगार भी सृजित किये जा सकें, तो देश में इतने रोजगार के मौके बनेंगे कि युवाओं की संख्या कम पड़ जायेगी। इसलिए भारत सरकार को जीडीपी में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने, नये रोजगार के सृजन और मेक इन इंडिया, आत्म निर्भर भारत अभियान जैसे प्रयासों को सफल बनाने के लिए छोटे उद्यमों में अधिक फोकस करना चाहिए। आज बड़े उद्यमों को सरकार के सहयोग की जरूरत नहीं है। उनको केवल विकास परक नीति चाहिए आगे का रास्ता वे खुद तय कर लेते हैं। लेकिन छोटे उद्यमों को वित्तीय सहायता, कंसलटेंसी, विपणन सहायता, प्रौद्योगिकी, स्किल से लेकर सुगम औद्योगिक नीति तक की भी जरूरत है। यह सच है कि छोटे उद्यम कभी भी बड़े आकार के उद्यमों को कंपीट नहीं कर सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि छोटे उद्यमों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार मदद करे तभी एमएसएमई क्षेत्र अपनी संभावनाओं के अनुकूल प्रदर्शन कर सकेगा।




**प्रगति और अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के कारण बड़े उद्यमों के साथ स्टार्टअप से लेकर एमएसएमई तक, सभी के लिए बेहतर मौके बने हैं।**

# विजय ने ऐसे लिखी कामयाबी की पटकथा

**नरेंद्र शर्मा**

तमिलनाडु की राजनीति में 2026 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक मोड़ बनकर उभरा है। अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर उर्फ थलापति विजय की तमिलगा वेट्री कझगम यानी टीवीके ने न केवल चुनावी समीकरण बदल दिए हैं बल्कि पिछले 6 दशक से प्रदेश की राजनीति की दिशा तय कर रही द्रविड़ियन राजनीति की जड़ों को चुनौती दी है। किसी ने नहीं सोचा था कि जिस दिन 2026 विधानसभा चुनाव के परिणाम आएंगे, एक झटके में सारी राजनीति बदल जायेगी। हालांकि बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे दौर की वोटिंग के तुरंत बाद 29 अप्रैल 2026 को जो पांचों राज्य विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल आये थे, उनमें एक पोल एजेंसी एक्ससेस माई इंडिया ने भविष्यवाणी की थी कि तमिलनाडु की राजनीति में उलटफेर हो सकता है, टीवीके किंगमेकर की जगह खुद किंग बनकर उभर सकती है। इस पोल एजेंसी का मानना था कि टीवीके इस चुनाव में 98 से 120 सीटें जीत सकती है। लेकिन उसके अलावा किसी और ने इस पार्टी को 1 से लेकर 6 सीटों से ज्यादा नहीं दी थी। ऐसे में लग रहा था कि शायद 6 दूसरी पोल एजेंसियों से यह अलग इसलिए जा रही है, क्योंकि इसका कोई टीवीके के साथ विशेष लगाव है या खास बायस है, यही कारण है कि लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे। लेकिन जब 4 मई 2026 को मतगणना शुरू हुई तो पहले 30 मिनट के भीतर ही टीवीके ने अपने को लेकर की गई भविष्यवाणी के रंग दिखाने शुरू कर दिये और दोपहर के 12 बजते-बजते यह पूरे देश में चर्चा का विषय बन गई।

सालों से चुनाव नतीजों का विश्लेषण कर रहे मशहूर समाजशास्त्री और सेफोलॉजिस्ट योगेंद्र यादव कहते हैं, टीवीके ने तमिल राजनीति में इतना बड़ा उलटफेर किया है, जिसकी आम चुनाव विश्लेषकों की तो छोड़िये राजनीति पर गहरी पकड़ रखने वाले किसी भी विशेषज्ञ ने कल्पना तक भी नहीं की थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके ने जो विजय का परचम फहराया है, वह कितनी बड़ी बात है। महज दो साल पहले अस्तित्व में आयी और कई तरह के हिचकोले खाती हुई इस विधानसभा चुनाव तक पहुंची टीवीके ने अपने पहले चुनाव में ही इस तरह का इतिहास रच दिया है कि बड़े-बड़े चुनावी पंडितों को उसको समझने के लिए अपने सारे सिद्धांतों को उलटफेर करना पड़ रहा है। टीवीके का यह पहला चुनाव प्रदर्शन ही इतना जबर्दस्त रहा है कि न केवल उसने पहली बार में ही 234 सीटों में से 108 सीटें जीतकर तमिलनाडु की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है, साथ ही उसने इस चुनाव में 34.92 प्रतिशत वोट हासिल किए, जो तमिलनाडु की सभी राजनीतिक पार्टियों में से सबसे ज्यादा है। इस बार के चुनाव में जहां सबसे मजबूत दावा पेश कर रहीं द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने 59 सीटें हासिल की, वहीं दूसरी प्रमुख प्रतिद्वंदी द्रविड़ पार्टी, आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) और उसके समूचे गठबंधन को कुल मिलाकर 47 सीटें मिलीं हैं, जो कि 2021 के मुकाबले 19 सीटें कम हैं। क्योंकि 2021 में एआईएडीएमके को 66 सीटें मिली थीं, जबकि तब डीएमके को 133 सीटें मिली थीं, इस बार उसे 73 सीटें कम मिली हैं। इस तरह देखा जाए तो डीएमके को जहां 24 फीसदी, एआईएडीएमके को 21 फीसदी, कांग्रेस को 3 फीसदी, भारतीय जनता पार्टी को लगभग 3 फीसदी और अन्य सभी पार्टियों को मिलाकर करीब 13.5 फीसदी वोट मिले हैं। वहीं इन सबसे ज्यादा टीवीके ने अकेले करीब 35 फीसदी वोट हासिल किए, जो कि डीएमके से 10 फीसदी और एआईएडीएमके से 14 फीसदी से ज्यादा हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि टीवीके ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में किस कदर तहलका मचाया है। अभिनेता से नेता बने थलापति विजय ने अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन से राजनीति की सफल इबारत लिख दी है। प्रदेश की राजनीति में वह डीएमके और ए आई ए डी एम के के मजबूत विकल्प बनकर उभरें हैं और जनाकांक्षाओं का नया केंद्र बन गये हैं। मगर सवाल है उन्होंने आखिर यह सफलता हासिल कैसे की?

**हद तो यह है कि इस बार के चुनाव में टीवीके ने जो कामयाबी हासिल की है, वैसी कामयाबी दोनों द्रविड़ दल मिलकर भी नहीं हासिल कर सके। तभी तो टीवीके ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है और कामयाबी की ऐसी पटकथा लिखी है कि पूरा देश उसे समझने और समझाने में लगा है।**



**तमिलनाडु**

दरअसल उनकी रणनीति युवा मतदाताओं पर फोकस, भ्रष्टाचार विरोधी छवि और फिल्मी लोकप्रियता की साझी कामयाबी का कॉकटेल है। खास बात ये है कि वह तमिलनाडु की राजनीति में भरोसे और बदलाव के रूप में उभरे हैं। उनकी भावनात्मक अपील और ठोस वायदों का समीकरण मतदाताओं को उनकी तरफ आकर्षित करने में अहम भूमिका निभायी है। क्योंकि तमिलनाडु में मतदाता एक ऐसे विकल्प की तलाश में थे, जो एमके स्टालिन की निरंकुश हो चुकी राजनीति के लिए जरूरी था।

इस मायने में यह एक साधारण जीत नहीं है बल्कि तमिल राजनीति का एक मजबूत विकल्प है। यही कारण है कि उनकी जीत को विश्लेषकों ने सीटों की संख्या के आधार पर नहीं बल्कि एक राजनीतिक संस्कृति के उदय के रूप में चिन्हित किया है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व, साफ-सुथरी छवि और पारंपरिक जातीय तथा सरलीकृत द्रविड़ समीकरणों की राजनीति को पीछे छोड़ना थलापति विजय की एक बहुत बड़ी कामयाबी है, जिससे यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि क्या उनके साथ ही तमिलनाडु से द्रविड़ियन राजनीति की विदाई हो जायेगी? हालांकि इस तरह का अनुमान अभी न केवल जल्दबाजी है बल्कि वाकई सरलीकृत होगा। क्योंकि 1967 के बाद से द्रविड़ियन राजनीति, तमिल राजनीति की न केवल अस्मिता बनकर उभरी है बल्कि उसके पार किसी ने अभी तक कुछ सोचा ही नहीं। इसलिए यकायक एक झटके में द्रविड़ियन राजनीति इस कदर नहीं उखड़ सकती, जिसकी टीवीके की कामयाबी से अनुमान लगाया जा रहा है। लेकिन यह भी सही है कि टीवीके की कामयाबी ने द्रविड़ राजनीति को एक संक्रमण काल में तो साबित ही कर दिया है। लेकिन इसकी वैचारिक जड़े अभी बहुत मजबूत हैं और टीवीके का विकल्प इतना मजबूत नहीं है। इसलिए इतना बड़ा श्रेय बिना किसी ठोस मुठभेड़ के नहीं दिया जा सकता। फिर भी जिस तरह से टीवीके ने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों को हतप्रभ करते हुए सत्ता की पहली दावेदार बनकर उभरी है, उससे यह तो माना ही जा सकता है कि तमिलनाडु का मतदाता अब परंपरा से ज्यादा प्रदर्शन और विकल्प को प्राथमिकता दे रहा है।

ऐसे में जरूरी नहीं है कि वह द्रविड़ियन राजनीति से चिपका ही रहे। हां, अगर टीवीके अपने किये गये वायदों पर खरी नहीं उतरती और बदलाव के बड़े-बड़े दावे महज चुनावी दावे साबित होते हैं, तो यह भी कहने में किसी को शायद ही गुरेज हो कि इस चुनाव में तमिलनाडु के केजरीवाल बनकर उभरे विजय का भी हश्र वही होगा, जो दिल्ली की राजनीति में चमचमाते सूरज के रूप में उभरे केजरीवाल का हुआ है। लेकिन इस बात का श्रेय तो देना ही होगा कि किस तरह तमिलनाडु की राजनीति में गहरी तक धंसी द्रविडियन राजनीति को चुनौती देकर जोसेफ विजय चंद्रशेखर ने प्रदेश के लोगों को एक नया सपना, एक नया विकल्प दिया है। क्योंकि अब के पहले कभी भी कोई राजनीतिक पार्टी पहली बार में ही सीधे सत्ता के केंद्र तक नहीं पहुंची। हद तो यह है कि इस बार के चुनाव में टीवीके ने जो कामयाबी हासिल की है, वैसी कामयाबी दोनों द्रविड़ दल मिलकर भी नहीं हासिल कर सके। तभी तो टीवीके ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है और कामयाबी की ऐसी परीकथा लिखी है कि पूरा देश उसे समझने और समझाने में लगा है।

## सोशल मीडिया

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के 'भ्रष्टाचार का स्मारक' बना खाद कारखाना आज पूरी मजबूती के साथ गोरखपुर में संचालित हो रहा है। सीएम योगी.



मणिपुर में बीएसएफ जवान के घर सोते दो नन्हें बच्चों की हत्या की खबर दिल को चीर देने वाली है। राज्य में हिंसा के तीन साल बाद भी शांति के संकेत नजर नहीं आते। राहुल गांधी



आज पंजाब के हमारे विधायकों के साथ संवाद किया। पूरी आम आदमी पार्टी देशहित में लोकतंत्र विरोध ताकतों को हराने के लिए प्रति बद्ध है, बेहतरीन काम के दम पर। ए. केजरीवाल.



# शोहरत की बुलंदी से गुमनामी तक, फराह नाज के किस्से



**बॉलीवुड**

**कैलाश सिंह**

बॉलीवुड अदाकारा फराह नाज ने अक्सर खुद को अपनी छोटी बहन तब्बू की छाया में गुम पाया। लेकिन 1990 के दशक के मध्य तक फराह का बहुत सफल कॅरियर था और वह शुहरत की बुलंदियों पर थीं। उन्होंने अपनी सफलता का रास्ता खुद ही बनाया था। फिर अपने पतन की कहानी भी उन्होंने खुद ही लिखी। उनके गुस्सैल स्वभाव ने उनके लिए ही मुश्किलें खड़ी कर दी थीं। अगर मीडिया रिपोर्ट्स को सही माना जाये तो दो बार उन्होंने ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली थी, मरने के लिए नहीं बल्कि अपने घर वालों पर दबाव डालने के लिए कि वह उनकी बात मान जायें। एक बार उन्होंने एक फिल्म के सेट पर गुस्से में चंकी पांडे के थप्पड़ मार दिया था और एक अन्य फिल्म सेट पर वह अनिल कपूर से झगड़ा कर बैठी थीं। फिर उन्होंने दारा सिंह के बेटे विंदु दारा सिंह से शादी की और बड़े पर्दे से गायब हो गईं। फराह अपनी बहन तब्बू जितनी ही प्रतिभाशाली व सुंदर थीं, वह फिल्मोद्योग में बहुत कुछ हासिल कर सकती थीं, लेकिन उन्हें वह मकाम न मिल सका, जिसकी वह वास्तव में हकदार थीं और इसके लिए वह अपने अतिरिक्त किसी अन्य को दोष भी नहीं दे सकतीं हैं।

मात्र 17 साल की आयु में फराह को एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस ने डेब्यू करने का अवसर दिया था। उनकी पहली फिल्म 'फासले' थी, जिसके रिलीज होते ही वह उभरती हुई कलाकार के रूप में स्वीकार की जाने लगीं। इसके बाद सफल फिल्मों का एक सिलसिला आरम्भ हो गया- 'नसीब अपना अपना', 'यतीम' आदि। वह इतनी कम आयु में सफलता व शुहरत को हैंडल नहीं कर पा रही थीं। फिर पूरे फिल्मोद्योग में यह अफवाह फैल गई कि उनका एक सहायक निर्देशक से अफेयर चल रहा है। आखिरकार उन्होंने विंदु से शादी की और अभिनय से दूर हो गईं। अफेयर की तीव्रता को देखते हुए अन्य निर्देशक और प्रोडक्शन हाउस यह अनुमान लगाने लगे कि वह कम आयु में शादी कर लेंगी और वह उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे। इससे फराह का करियर प्रभावित होने लगा, हालांकि उन्होंने अधिकारिक तौरपर अपने अफेयर को कभी स्वीकार नहीं किया। एक अभिनेत्री किसी भी समय फिल्म छोड़कर जा सकती है, यह रिस्क कोई भी निमार्ता नहीं लेना चाहता था। फराह ने जल्द ही अपना संबंध समाप्त कर दिया। बिन्दू से फराह की पहली मुलाकात 90 के दशक में एक फिल्म शूट के दौरान हुई थी। दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया और वह डेट करने लगे। दोनों के परिवार इस रिश्ते से सहमत नहीं थे। फराह की मां अपनी बेटी के लिए एक सफल पार्टनर चाहती थीं, जबकि दारा सिंह को अपने बेटे के लिए एक परम्परागत पत्नी चाहिए थी। अपने पैरेंट्स की राय न बदलने के कारण फराह व विंदु ने अलग अलग होने का फैसला किया। अलग होने के बाद दोनों ने एक दूसरे से बोलना बंद कर दिया। विंदु फिल्म शूट के लिए तमिलनाडु चले गये जहां कम्युनिकेशन के साधन नहीं थे। जब फराह व विंदु कई दिनों तक एक दूसरे से बोले नहीं तो उन्हें एहसास हुआ कि वह एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते। विंदु की वापसी पर दोनों ने शादी करने का फैसला किया, पैरेंट्स भी मान गये और 1996 में उनकी शादी हो गई। 1997 में दोनों के एक बेटा हुआ, फतेह। लेकिन जल्द ही दोनों के बीच मतभेदों की खाई चैड़ी होने लगी। 2002 तक फराह और विंदु अलग हो चुके थे। विंदु को जल्द ही मॉडल दीना उमारोवा से प्यार हो गया। यह रोमांस परवान चढ़ा, 2005 में दोनों ने शादी कर ली और विंदु के जीवन में उम्मीदों से भरा एक नया अध्याय आरंभ शुरू हुआ। विंदु ने फराह से तलाक के अनेक कारण गिनवाये और अपनी स्थिति की तुलना प्रेशर कुकर से की। टकराव व वैवाहिक मुद्दे समय के साथ तीव्र होते गये, जिससे अलग होने के अतिरिक्त कोई रास्ता न था। इन चुनौतियों के बावजूद उन्होंने दोस्त रहने की उम्मीद जतायी। हालांकि अब वह साथ भोजन नहीं करते हैं, लेकिन छुट्टियों की ग्रीटिंग्स एक दूसरे को भेजते हैं। वे अपने बेटे की एक साथ परवरिश कर रहे हैं। फराह ने 2003 में सुमीत सहगल से शादी कर ली। फतेह इन्हीं के पास रहता है। सुमीत की मदद से फराह ने फिर से फिल्मों में वापसी की है। उन्हें शिखर व हलचल फिल्मों में प्रमुख किरदारों में देखा गया है। सुमीत की पहली पत्नी शाहीन से बेटी सय्येशा सहगल भी उनके साथ रहती है। इस प्रकार के मिश्रित परिवार विशिष्ट व सहयोगी वातावरण उत्पन्न कर सकते हैं, जिससे सभी सदस्यों में प्रेम व सदभाव की भावना आ सकती है।

# भारत भूमि का गौरव

**अंतर्दृष्टि**

एक समय भारत की कला संस्कृति और सभ्यता दुनिया में सबसे अधिक सम्पन्न और चमकदार थी। लेकिन विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति पर बहुत हमले किये। स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

# ...मिर्ची तो लगती ही है

**व्यंग्यलोक**

मिर्च का स्वभाव है लगना। अब है तो है। वह तो छूटने से रहा। नीति भी कहती है कि 'स्वभाव दोष न मुच्यते।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में झालमुड़ी खाई। सभी खाते हैं। वे भी खा लेते, बस दिखावा न करते। जो खाने की चीज है, उसे सब खा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने भी खा ली। बात खत्म लेकिन बड़े आदमियों के साथ एक दिक्कत है, उनका कुछ भी करना चर्चा के केंद्र में आ जाता है। चुनाव के बीच अगर ऐसा कुछ कर दिया जाए तो फिर कहने ही क्या? चर्चा का आसमान और व्यापक हो जाता है। आलोचक और प्रशंसक दोनों इस घटना पर सियासी विमर्श करने लगे। ममता बनर्जी ने इसे नौटंकी करार दिया। यही तो राजनीति की खासियत है कि यहां विपक्ष हर चीज को नौटंकी ही मान लेता है। अड़ जाता है। प्रधानमंत्री को लगा कि यह तो बड़ी बात है। उन्होंने अपनी ओर से प्रतिक्रिया का गोला दाग दिया कि झालमुड़ी मैंने खाई लेकिन मिर्ची किसी और को लग रही है। झालमुड़ी पर बात होती रही। इसमें बंगाल की सभ्यता और संस्कृति को भी राजनीति की कसौटी पर कसा जाता रहा लेकिन चुनाव नतीजे आने के बाद तो माछ-भात की भी पार्टी दी गई और झालमुड़ी की भी। ऐसे में विरोधी जमात को तो मिर्ची लगनी ही थी। अब कोई दिखा-दिखा कर झालमुड़ी खाएगा तो मिर्ची का असर तो दिखेगा ही। वैसे मिर्च का स्वभाव यह है कि वह काटने पर भी लगती है और पीसने पर भी। हाथ में जलन पैदा करती है। पेट में जाती है तो वहां भी जलन पैदा करती है। तोतों की आवाज मीठी कर देती है लेकिन किसी और को खिला दो तो वह आक्रामक हो जाता है। भोजन भी तब तक अच्छा नहीं लगता, जब तक वह तीखा न हो। राजनीति भी तीखी नोक-झोंक चाहती है। ममता बनर्जी अड़ गईं कि वे अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगी। यह शायद झालमुड़ी पार्टी की मिर्ची का ही कमाल है। हाजमा हमेशा पेट का ही खराब नहीं होता। दिमाग का भी हाजमा बिगड़ जाता है। हारे हुए इंसान को सहानुभूति की जरूरत होती है लेकिन यह तो जले पर नमक छिड़कने की कवायद हो रही है। कल तक जो लोग कह रहे थे कि ममता भाजपा से नहीं लड़ सकती, वे उनसे बात कर रहे हैं। पूछने लगे हैं कि आज आएं या कल। आप संघर्ष करें, हम आपके साथ हैं। मरीज के मरने के बाद वैद्य आएं और फसल सूखने के बाद मूसलधार बारिश हो, क्या फर्क पड़ता है? राजनीति की चाल वैसे भी बेढंगी होती है। वहां हर कोई नमक-मिर्च लिए रहता है, जिसे जब मौका मिलता है, रगड़ देता है। विरोधी ऐसा करें तो बात समझ में आती है लेकिन जब अपने भी साथ छोड़ने लगें तो मिर्ची लगती ही है। राजनीति मिर्च-मसालेका ही खेल है। बंगाल में बदले की राजनीतिक संस्कृति रही है लेकिन सद्यः विजेता दल बदलाव के राग अलाप रहा है। कहीं यह भी मिर्च का प्रतिरूप तो नहीं। **– सियाराम पाण्डेय 'शांत'.**

## विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

## आपकी बात

### विकास और आर्थिक संसाधन

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है।

विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**महेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### महंगाई के आंकड़े

महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में नियंत्रण किया जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। ऐसे सरकार को महंगाई कम करना चाहिए।

**ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइकों में भिड़ंत, तीन की मौत

महोबा। जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में सोमवार देर रात दो बाइकों की हुई आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक रविकान्त गौड़ ने बताया कि यह हादसा मुड़ारी तिगैला के निकट उस समय हुआ जब सुगिरा गांव निवासी विजय (30) अपने भतीजे उमेश व साजन के साथ बेलाताल में भांजे संदीप के विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। संदीप की शादी 5 मई को थी जिसके चलते मातृका पूजन कार्यक्रम में मंडप के नीचे चौकट की रस्म अदा करने के लिए उन्हें कार्यक्रम में पहुंचने की जल्दी थी। उन्होंने बताया कि विजय की बाइक मुड़ारी तिगैला के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक से टकरा गई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक बुरी तरह चरमरा कर ध्वस्त हो गयी और उनमें सवार लोग उछल कर काफी दूर गिरे। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी, तब पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान उमेश (30) की रास्ते में ही मौत हो गई जबकि उपचार के दौरान नेगवा के 55 वर्षीय राम गोपाल और गुढ़ा के 25 वर्षीय बलदाऊ की मौत हो गयी। दुर्घटना में विजय और उसका भतीजा साजन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका सघन चिकित्सा कक्ष में उपचार किया जा रहा है।

## ओमकरण को मिली मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट की डिग्री

ललितपुर। जनपद के लिए गर्व का क्षण उस समय देखने को मिला जब ललितपुर के युवा ओमकरण सिंह गौर को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित एल.एन. मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगूभाई पटेल रहे। इस अवसर पर राजीव शुक्ला तथा रवि किशन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने ओमकरण सिंह गौर को डिग्री भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ओमकरण सिंह गौर की इस उपलब्धि से ललितपुर में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि ओमकरण सिंह की यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हॉस्पिटल मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर ओमकरण सिंह गौर ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे ललितपुर का नाम रोशन किया है।

## फांसी लगाकर जान दी

बबेरू। कोतवाली क्षेत्र निभौर गांव के मजरा अरखन महुंली गांव निवासी कृष्णापाल शनिवार की रात शराब के नशे में घर आया इसी बात को लेकर 28वर्षीय पत्नी सीमा से विवाद हो गया। किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। पति पुत्र श्रवण को लेकर छत पर सोने चला गया। रात को बेटी के साथ सोने चली गई। बेटी के सोने बाद छप्पर की धन्नी में दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

## चालक की मौत

अतर्रा। ट्रैक्टर आनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक की मौत एक घायल थाना क्षेत्र के तेरा ब के शिवलाल पुरवा निवासी लाला राम खुद का ट्रैक्टर चलाता था। वह लकड़ी लेकर जा रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो गयाए जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और खाई में गिर कर पलट गया। चालक लालाराम की दब कर मौत हो गई। बगल में बैठा अशोक कुमार निषाद पुत्र बब्बू निवासी महेवाए जनपद कौशांबी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस की जखौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना जखौरा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना जखौरा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 112/26, धारा 64(1), 87, 351(3) बीएनएस के तहत वांछित आरोपी ग्राम बसवां निवासी बृजपाल सिंह पुत्र बाबूलाल राजपूत को 4 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# अधिवक्ताओं से अभद्रता का आरोप

### अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर डीएम के नाम एडीएम से की शिकायत



ललितपुर। उपजिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एक पेशकार और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं के साथ गाली-गलौज करने का गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, अधिवक्ता रमाकांत सिरौठिया और उनके साथी विशाल तिवारी से एसडीएम कार्यालय में तैनात पेशकार और कर्मचारी पर अवैध धन (रिश्वत) की मांग करने के आरोप लगे हैं। पत्र में कहा गया है कि शांति भंग के मामलों में जमानत के लिए आने वाले मुलजिमों को छोड़ने के एवज में अवैध वसूली की जाती है। शिकायत में उल्लेख है कि 4 मई 2026 की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच, जब अधिवक्ता अपने मुवक्किलों की पैरवी के लिए कार्यालय में थे, तब पेशकार विकास श्रीवास्तव ने उनके साथ बेहद अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि पेशकार ने वकीलों को चोर और दलाल जैसे अपशब्द कहे और उन्हें अपमानित किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि मौके पर पुलिस भी बुलाई गई थी, लेकिन कर्मचारियों ने पुलिस के सामने भी अपना अडि ?ल रवैया जारी रखा। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि कार्यालय में कुछ प्राइवेट व्यक्ति भी अवैध रूप से न्यायिक कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ज्ञापन देते समय गोविन्दनारायण सक्सेना, हेमंत चैधरी, महेंद्र जैन, आनंद चतुर्वेदी, रमाकांत सिरोठिया, विशाल तिवारी, विकास, रविंद्र, विशाल चैहान, शेरसिंह यादव, हेमंत चैबे, पुष्पेन्द्र गोस्वामी आदि अधिवक्ता ज्ञापन देते समय उपस्थित रहे।

**कैमरों फुटेज खंगालने की मांग**

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि कार्यालय में लगे कैमरों की जांच की जाए, जिससे घटना की सत्यता सामने आ सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार में लिप्त इन कर्मचारियों और अवैध रूप से काम कर रहे बाहरी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की निष्पक्ष जांच हो, अधिवक्ताओं से अभद्रता करने वाले पेशकार और कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, कार्यालय में अवैध रूप से काम कर रहे प्राइवेट लोगों को तुरंत हटाया जाए। इस मामले में अब सबकी नजरें जिलाधिकारी के अगले कदम पर टिकी हैं।

# बाल श्रम रोकथाम अभियान के तहत मुक्त कराये 2 बाल श्रमिक

### 2 ढाबा संचालकों को नोटिस जारी



ललितपुर। श्रम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा बाल श्रम रोको अभियान के तहत जनपद में बाल श्रम उन्मूलन के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बिरधा ब्लॉक क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर दो बाल/किशोर श्रमिकों को श्रम कार्य से मुक्त कराया गया, जबकि दो ढाबा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नेतृत्व में 4 मई 2026 को यह अभियान चलाया गया। अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, व्यापार मंडल एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। टीम ने बिरधा ब्लॉक क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों का निरीक्षण किया तथा बाल श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया। निरीक्षण के दौरान दो ढाबों पर कार्यरत दो बाल/किशोर श्रमिक चिन्हित किए गए, जिन्हें तत्काल श्रम कार्य से मुक्त कराया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में बाल श्रम उन्मूलन तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही शादी-विवाह समारोह, टेंट, कैटरिंग, ढोल-डीजे सहित अन्य आयोजनों में यदि कोई बाल श्रमिक कार्य करते पाया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता : एसपी



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में जनपद के व्यापारी संगठनों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य जनपद की आर्थिक मजबूती के आधार स्तंभ व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षा, सहयोग एवं समन्वय को और सुदृढ़ बनाना रहा। प्रमुख रूप से अतिक्रमण की समस्या, गुगौरा चौकी के पास सड़क निर्माण के चलते उत्पन्न जाम, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा भीड़ भाड़ वाले एवं जाम प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर परस्पर संवाद स्थापित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि जनपद में सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से चरित्र सत्यापन कराएं तथा सुरक्षा की दृष्टि से अपने प्रतिष्ठानों एवं बाजारों के एंट्री व एग्जिट पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य स्थापित करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय सहित जनपद के विभिन्न व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 46 साल बाद भी नहीं हुआ अधिग्रहीत जमीन का उपयोग

ललितपुर। जिले के ग्राम चैंरसिल के किसानों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी अधिग्रहित भूमि वापस दिलाने की मांग उठाई है। किसानों का कहना है कि वर्ष 1979-80 में राजघाट बांध परियोजना के लिए उनकी करीब 90 प्रतिशत भूमि सरकार द्वारा अधिग्रहित कर ली गई थी, लेकिन 46 वर्ष बीत जाने के बाद भी उस भूमि का कोई उपयोग नहीं किया गया। प्रार्थना पत्र में किसानों ने बताया कि इतने लंबे समय से वह अपनी जमीन पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। शासनादेश के अनुसार यदि अधिग्रहित भूमि का 20 वर्षों तक उपयोग नहीं होता है, तो उसे किसानों को वापस किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया। किसानों का आरोप है कि बिना किसी सूचना के उनकी कुछ जमीन वन विभाग के नाम दर्ज कर दी गई, जिससे वे और अधिक परेशान हो गए हैं। उन्होंने मांग की है कि गलत तरीके से किए गए भूमि हस्तांतरण को निरस्त किया जाए और जमीन पुनरू सिंचाई विभाग/राजघाट परियोजना या सीधे किसानों के नाम दर्ज की जाए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से आह्वान किया है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के प्रावधानों के तहत उनकी भूमि उन्हें वापस दिलाई जाए, ताकि वे अपनी खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। इस संबंध में गांव के कई किसानों में हरदयाल सिंह लोधी एड., जगभान सिंह, रामचरन, पृथ्वी सिंह, बृजेन्द्र सिंह, राजाभैया, जशरथ सिंह, रूप सिंह, संतोष सिंह, मौसालाल, चंदन, हरचरन, अदीश यादव, प्रताप, भानसिंह, विकास, रामदास, रामसेवक, अमर सिंह, विन्द्रावन, श्रीराम, देवेन्द्र, नीलू राजा, जसवेन्द्र, पुष्पेन्द्र राजा, अजय सिंह, सेंदपाल सिंह, सोबरन सिंह, रामराजा सिंह, मुन्नासिंह, राजपाल सिंह, लक्ष्मी अहिरवार, पारवी अहिरवार, आशा, मुन्नी अहिरवार, अनन्तराम अहिरवार, शरद अहिरवार, प्यारेलाल के अलावा अनेकों किसानों ने हस्ताक्षर व अंगूठा लगाकर प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## कम्पनी बाग में प्रस्तावित निविदा पर पुनर्विचार की मांग

ललितपुर। नगर के बीच में स्थित राजकीय चंद्रशेखर आजाद उद्यान (कम्पनी बाग) में प्रस्तावित निविदा कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से पुनर्विचार की मांग की है। इस संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनहित में प्रस्तावित कार्य को वैकल्पिक स्थान पर कराने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिला उद्यान अधिकारी ने 04 मई 2026 को पत्रांक-69 ई-टेंडर/2026-27 के माध्यम से कंपनी बाग को दीर्घकालीन अवधि के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी को सौंपने संबंधी प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें पार्क में विभिन्न जनसुविधाएं विकसित करने के साथ यूजर चार्ज वसूले जाने का भी प्रावधान बताया गया है। उनका कहना है कि कम्पनी बाग शहर का प्रमुख सार्वजनिक उद्यान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं आम नागरिक भ्रमण, व्यायाम और मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में किसी प्रकार का शुल्क लागू होने से आम लोगों की पहुंच प्रभावित हो सकती है। पत्र में यह भी मांग की गई कि यदि जनसुविधाओं से संबंधित कोई नया कार्य प्रस्तावित है, तो उसे शहर के अन्य उपयुक्त स्थानों जैसे कर्मा बाई पार्क या चिल्ड्रन पार्क में कराया जाए, जहां उसका अधिक सुविधाजनक और उपयोगी उपयोग हो सके। साथ ही पार्क का संचालन उद्यान विभाग अथवा वर्तमान व्यवस्था के तहत ही बनाए रखने की मांग की गई। नागरिकों ने जिलाधिकारी से मामले में जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया पर पुनर्विचार कर उचित निर्णय लेने की अपील की है।

## बिना कारण जेसीबी जब्त करने का आरोप

ललितपुर। पुलिस चैकी दैलवारा अंतर्गत ग्राम गनगौरा निवासी एक किसान ने पुलिस पर बिना उचित कारण जेसीबी मशीन जब्त करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। मामले को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी देखने को मिली। प्रार्थना पत्र के अनुसार किसान अपने खेत में भूमि सुधार का कार्य संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति लेकर करा रहा था। आरोप है कि कार्य के दौरान चैकी दैलवारा से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए मौके से जेसीबी मशीन को जब्त कर चैकी ले गए। यह घटना 2 मई 2026 को सुबह करीब 10 बजे की बताई गई है। पीड़ित का कहना है कि खेत में किए जा रहे भूमि सुधार कार्य के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और परमिशन उपलब्ध हैं, इसके बावजूद कार्रवाई किए जाने से उसे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी मामले में प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से जेसीबी मशीन को तत्काल मुक्त कराने तथा पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। इस दौरान किसान नेता केहर सिंह बुन्देला, कृपाल सिंह, जयहिन्द, हनुमत सिंह, महेन्द्र सिंह, अजय सिंह, शिवराम सिंह, रघुवीर, दयाराम, कल्लू, प्रान सिंह, साहिल, चन्दू, अभिषेक, रघुवीर, सतेन्द्र, ऊदल सिंह, जगदीश सिंह, सुखलाल, महेन्द्र कुमार, विजय सिंह, अनन्तराम, केहर सिंह, मानसिंह, मेहरबान सिंह के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पढ़ायेंगे सेवानिवृत्त शिक्षक और वॉलंटियर

ललितपुर। बीएसए कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिले में शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षकों की भर्ती की जा रही है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशों के क्रम में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत 07-14 आयु वर्ग के ऐसे आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनका स्कूलों में नामांकन हो चुका है। ?इन पदों पर सेवानिवृत्त अध्यापकों या वॉलंटियर (स्वयंसेवकों) का चयन किया जाएगा। यह नियुक्ति उन विद्यालयों में की जाएगी जहां आउट ऑफ स्कूल बच्चों की संख्या 5 से अधिक है। चयन प्रक्रिया विद्यालय स्तर पर गठित समिति के माध्यम से संपन्न होगी और यह नियुक्तियां 31 मार्च 2027 तक के लिए पूरी तरह से अस्थायी होंगी। ?आंकड़ों की बात करें तो जनपद के 5 विकास खण्डों के कुल 14 विद्यालयों में प्रशिक्षकों के 14 पद सृजित किए गए हैं। इसमें विकास खण्ड बार के 04 विद्यालयों में 04 पद, विरधा के 04 विद्यालयों में 04 पद, मड़ावरा के 03 विद्यालयों में 03 पद, महरौनी के 01 विद्यालय में 01 पद और तालबेहट के 02 विद्यालयों में 02 पदों पर चयन होना है। ?जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत दिशा-निर्देशों और चयनित स्कूलों की सूची के लिए संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय या बीएसए कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को इस सूचना को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने और ग्राम पंचायतों तक पहुँचाने के निर्देश दिए हैं।

# सर्विस रोड पर हादसा दंपती समेत तीन घायल



जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटावा-मैनपुरी बॉर्डर स्थित दोनों जिलों की जोनई -मीठेपुर चैकी के पास बन रहे नव निर्मित फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर गड्ढों के चलते मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। हादसे में बुजुर्ग दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। औरैया जिले के कोतवाली क्षेत्र निवासी 71 वर्षीय ओमप्रकाश अग्रवाल अपनी 68 वर्षीय पत्नी रजनी अग्रवाल के साथ कार से औरैया जा रहे थे। कार को चालक नरेंद्र कुमार चला रहा था। जैसे ही उनकी कार आगरा से जसवंतनगर की ओर आने वाली सर्विस रोड पर जोनई चैकी के पास पहुंची, तभी डिवाइडर के किनारे खराब खड़ी एक कार से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि सर्विस रोड पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन संतुलन खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मीठेपुर पुलिस और पहुंचे इंसिडेंट मैनेजर सुनीत चैहान ने घायलों को एनएचएआई एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दंपती को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा स्टियरिंग कमेटी की बैठक




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा स्टियरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी बाढ़ एवं गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में यमुना एवं चंबल नदियों में संभावित बाढ़ को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं। विशेष रूप से चकरनगर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हरौली गांव को जोड़ने वाली पुलिया के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुचारु बना रहे। इस संबंध में माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम में बच्चों के नदी, तालाब एवं नहरों में स्नान करने से होने वाली डूबने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने पुलिस एवं तहसील प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा। साथ ही, जनजागरूकता अभियान चलाकर ऐसी घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वाटर पार्कों में भी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया। पशुओं के लिए हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उनके टीकाकरण वैक्सीनेशन अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में कोल्ड रूम की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार नए कोल्ड रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सन्तोष मिश्रा, एआरटीओ प्रदीप देशमणि सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

## टायर फटने से ईको कार पलटी, महिला समेत पांच घायल

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह मस्जिद के पास एक ईको कार का आगे का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कई पलटियां खाते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। हादसे में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। एक ही परिवार के लोग ईको कार से मध्य प्रदेश के ददरौआ धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही ईको कार इकदिल के पास पहुंची, अचानक आगे का टायर फट गया। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और करीब तीन पलटियां खाने के बाद हाईवे के बीचो-बीच बने डिवाइडर पर जा गिरी। हादसे में राधेश्याम, 68) यक्ष कुमार (45,) पिंकू यादव, (35) कुमकुम देवी (40) पत्नी सुखेंद्र प्रताप और चालक मुरारी कश्यप (24) घायल हो गए। सभी निवासी गांव पघईपुर थाना फफूंद जिला औरैया राहगीरों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि पर सम्मान समारोह आयोजित

### प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के हित में कर रही है कार्य: रामरतन कुशवाहा




ललितपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सरकार के निर्देश पर कल्याण सिंह सभागार में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, चंद्रशेखर, केदारनाथ तिवारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने की। शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के गोरखपुर से प्रसारित लाइव संबोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने प्रदेश के करीब 1 लाख 43 हजार शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाना सरकार की संवेदनशील सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में शिक्षामित्रों की अन्य मांगों पर भी सकारात्मक विचार किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। नपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षामित्र वर्षों से अल्प मानदेय में सेवाएं दे रहे थे, ऐसे में मानदेय बृद्धि सराहनीय कदम है। बीएसए रणवीर सिंह ने शिक्षामित्रों से शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षक के समान महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया। बढ़े हुए मानदेय के प्रतीक स्वरूप संगठन जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस सहित रेखा लिटोरिया (प्राथमिक विद्यालय जाखलौन, बिरधा), अशोक कुमार अहिरवार (प्राथमिक विद्यालय जखौरा), धनसिंह राजपूत (प्राथमिक विद्यालय सिवनी), दयाराम राजपूत (प्राथमिक विद्यालय उल्दना, महरौनी) एवं बालकिशन कुशवाहा (प्राथमिक विद्यालय छायन, महरौनी) को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माननीय शब्द पर स्थिति स्पष्ट की

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माननीय शब्द के लिए कौन पात्र है, इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस शब्द का उपयोग संप्रभु शक्तियों का प्रयोग करने वाले संवैधानिक पदाधिकारियों के नाम से पूर्व किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने कहा कि सम्मानित माननीय शब्द का उपयोग उन संवैधानिक पदाधिकारियों के नामों के पूर्व लगाया जाना चाहिए जो इस सरकार के तीन स्तंभों में से किसी में संप्रभु शक्तियों का प्रयोग करते हैं। अदालत ने 30 अप्रैल के अपने आदेश में स्पष्ट किया कि इस सम्मानित शब्द का उपयोग किसी लोक सेवक द्वारा नहीं किया जा सकता यदि वह एक संप्रभु संवैधानिक पद पर आसीन न हो। पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, संसद और विधानसभा के सभापति और सांसद एवं विधायक इस सम्मानित शब्द का उपयोग करने के पात्र हैं। अदालत ने हर्षित शर्मा नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। यह मुद्दा तब पैदा हुआ जब उप्र पुलिस ने मथुरा में दर्ज एक प्राथमिकी में भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नाम के पूर्व माननीय शब्द नहीं लगाया। अदालत ने अपर मुख्य सचिव (गृह) से इस खामी पर स्पष्टीकरण मांगा था जिसके जवाब में राज्य सरकार ने बताया कि दो अप्रैल को मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी कर जांच करने को कहा गया था। हलफनामा में यह भी बताया गया कि खाजन सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा हिंदी में दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और सिंह सांसद या पूर्व मंत्री के नाम के पूर्व माननीय शब्द के उपयोग संबंधी प्रोटोकॉल से अनभिज्ञ था। यह मामला उन आरोपों से जुड़ा है जो शिकायतकर्ता खाजन सिंह ने आरोपी हर्षित शर्मा के खिलाफ लगाया है।

## किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान तौल न होने के कारण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

पैलानी। पैलानी तहसील के पलरा गेहूं खरीद केंद्र में लगभग 1400 कुंतल गेहूं पिछले एक माह से खुला पड़ा हुआ है जो बारिश पर भीग रहा है परंतु समय से तौल न हो पाने की वजह से क्षेत्र का किसान अपना अपना अनाज ताके हुए रखवाली करने में विवस देखा जा रहा है मौसम खराब के चलते क्षेत्र का किसान अपने अनाज को बचाने के लिए बरसात की पन्नियां डाले हुए रखवाली करते.करते थक गया है एक महीने से किसानों के अनाज की अभी तक तौल नहीं हो सकी है जिससे किसान परेशान हो गया है वहीं किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि किसान विवेक सिंहए निर्मला साहू लुलिया प्रधान सुनील पटेल क्रांति सिंह अंकित सिंह अमित आदि आधा सैकड़ा किसान गेहूं की रखवाली खरीद केंद्र में कर रहा है ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि यह केंद्र 15 दिन पहले चालू हो गया था लेकिन अभी तक 313 कुंतल की तौल की गई है जबकि बायोमेट्रिक मशीन पर 513 कुंतल शो कर रहा है वही केंद्र प्रभारी धीरज सिंह बीमारी को कहकर केंद्र नहीं आते हैं सचिव मनोज कुमार त्रिपाठी आज तक केंद्र नहीं आए हैं किसानों का हजारों कुंतल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ और सड़ रहा है बताया कि जब तक निस्तारण नहीं हो जाएगा या तौल चालू नहीं हो जाएगी तब तक धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन के लिए रखा गया है गेहूं खरीद केंद्र में चार दिन से तौल बंद है जिससे किसान बहुत परेशान है वही च ब अधिकारी प्रवीण यादव से बात की गई उन्होंने बताया कि केन्द्र प्रभारी की बीमारी के चलते दूसरा प्रभारी आज नियुक्त होना है तौल जल्द से जल्द चालू की जाएगी

## स्वच्छ भारत मिशन विषयक कार्यशाला



बांदा। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में आज को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा के अध्यक्षता में निकाय के कार्मिको नागरिक स्वयं सहायता समूहों को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 के विषयक कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका परिषद बांदा के अवस्थी पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें आईटीसी मिशन सुनहरा कल स्टेट टीम एवं स्वच्छ भारत मिशन के डी0पी0एम0 श्री अभिषेक खरे द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों हेतु टूलकिट के अनुसार कार्मिको को प्रशिक्षित किया गया किया गया। कार्यशाला में श्री देवेंद्र कुमार एवं श्री हेमन्त प्रसाद सफाई निरीक्षकए समस्त सफाई नायकए महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों सहित निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। कार्यशाला में डोर टू डोरए कूड़े के एकत्रीकरण एवंए पृथक्करण कूड़ा प्रोसेसिंग शहर के समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की दृश्यता एवं सिटीजन फीडबैक तथा सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय रेड एवं येलो स्पॉट आदि समस्त बिंदुओं पर जानकारी दी गई कि कैसे इन क्षेत्रों में बेहतर कार्य करके शहर की साफ सफाई में एवं स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में सुधार लाया जा सकता है। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द जी द्वारा कार्मिको को निर्देश दिये गये कि वर्ष भर जो सफाई व्यवस्था में जो हम कार्य करते है उसका परीक्षण ही स्वच्छ सर्वेक्षण है। उसमें अव्वल आने हेतु पूरी मेहनत से अपना कार्य कराना सुनिश्चित करें। साथ ही नागरिको से अपील की जाती है कि सर्वेक्षण में आने वाली टीम द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर सकारात्मक रूप से देकर अपने नगर बांदा को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 में उच्चतम पायेदान पर लाने में सहयोग प्रदान करें।

# सेंसेक्स में 252 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ।

विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में बढ़त दर्ज की गई। घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव भरा सत्र रहा और चुनावों के बाद का उत्साह कमजोर पड़ने के साथ बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच दुनिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप बाजार में गिरावट रही। ऊंचे कच्चे तेल के दामों का दबाव बने रहने से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों के उम्मीद से थोड़े बेहतर परिणामों ने कुछ सहारा दिया और चुनिंदा शेयरों में निचले स्तर पर खरीदारी देखी गई। इस दौरान ब्रेंट कच्चा तेल 113 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। वहीं रुपया दो पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.25 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,835.62 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की थी। सेंसेक्स सोमवार को बाजार की उम्मीदों के अनुरूप चुनावी नतीजे आने से 355.90 अंक चढ़कर 77,269.40 अंक और निफ्टी 121.75 अंक बढ़कर 24,119.30 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल के करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने से भारत जैसे तेल आयातक देशों पर दबाव बना हुआ है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.30 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह और कमजोर होकर 95.44 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया। अंत में यह 95.25 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में दो पैसे की गिरावट है। सोमवार को भी रुपया 39 पैसे टूटकर 95.23 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी आपूर्ति चिंताओं के कारण रुपये पर दबाव बना रहेगा। इसके अलावा डॉलर की मांग और वैश्विक तनाव भी रुपये को प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से गिरावट पर कुछ रोक लग सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.10 से 95.55 के दायरे में रहने की संभावना है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.47 पर रहा। वहीं, ब्रेंट क्रूड वायदा बाजार में 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 112.64 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 251.61 अंक गिरावट के साथ 77,017.79 अंक और निफ्टी 86.50 अंक की गिरावट के साथ 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,835.62 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की।

## संक्षेप

### प्रुडंट ने किया एज प्लस एआई सक्षम प्लैटफॉर्म का शुभारम्भ

मुंबई। प्रुडंट कॉरपोरेट एडवायजरी सर्विसेस लिमिटेड ने आज अपने एआई- सक्षम बिजनेस मैनेजमेंट टूल के शुभारम्भ की घोषणा की। इस टूल से पार्टनर्स और स्मार्ट तरीके से ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सकेंगे और मार्केटिंग बेहतर तरीके से कर सकेंगे और प्रीसशन के साथ अपने बिजनेस की प्रगति कर सकेंगे। जिस तरह से हमारे म्युच्युअल फंड वितरक ग्राहकों को जान सकते है, उतना अच्छा तो कोई सॉफ्टवेयर कभी जान नही सकता है। यह भावनात्मक निदेशांक (इमोशनल कोशंट) है और वह हमेशा पार्टनर के साथ रहेगा। एज प्लस बौद्धिक निदेशांक (इंटिलिजंट कोशंट) एक ऐसी मदद करनेवाली प्रणाली है जो हर पार्टनर का कार्य तेजी और तीव्रता से आगे बढ़ाएगी और आनेवाले समय के लिए उसे तैयार करेगी। पार्टनर को सबसे करीब होनेवाले दो परिणामों को ध्यान में रखते हुए एज प्लस को बनाया गया है।

### स्पैम प्रभावित देशों में 5वें स्थान पर भारत

मुंबई। ट्रूकॉलर द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में सबसे ज्यादा स्पैम पाने वाले देशों में पाँचवें स्थान पर है। इस सूची में इंडोनेशिया पहले स्थान पर है, जबकि उसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का नाम आता है। ये जानकारियाँ ट्रूकॉलर के एनॉनिमाइज्ड और समेकित डेटा पर आधारित हैं, जिसके दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। केवल 2025 में ही इस प्लेटफॉर्म ने दुनियाभर में 68 अरब से ज्यादा स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉलों की पहचान की। क्षेत्रीय रैंकिंग में भी भारत प्रमुख रूप से शामिल है, यहाँ स्पैम कॉल की तीव्रता 66% दर्ज की गई, जिससे भारत दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित पाँच देशों में शामिल हो गया।

### कोलगेट का नया कैम्पेन एवरी कोलगेट स्माईल हैज ए स्टोरी लॉन्च

मुंबई। कोलगेट टूथपेस्ट लगभग 90 सालों से भारतीय परिवारों को सुरक्षा चक्र प्रदान करता आ रहा है। कोलगेट केवल एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि माँओं की कई पीढ़ियों के लिए परिवार का एक भरोसेमंद सदस्य है, जो उनके प्रियजनों की देखभाल करता है। आज कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड एक नए प्लेटफॉर्म, एवरी कोलगेट स्माईल हैज ए स्टोरी (हर कोलगेट स्माईल की एक कहानी है) के लॉन्च के साथ इस स्थायी रिश्ते की खुशी मना रहा है। पारंपरिक एडवरटाईजिंग से हटकर शुरू की गई यह नई सीरीज वास्तविक लोगों, वास्तविक कहानियों और वास्तविक नतीजों को बयाँ कर रही है, जो भारत में ब्रांड की 90 सालों की विरासत से जुड़े रहे हैं।

### जेन टेक्नोलॉजीज ने पेश किया एंटी-ड्रोन सिस्टम

नयी दिल्ली। जेन टेक्नोलॉजीज ने पहला मॉड्यूलर, एआई-पावर्ड काउंटर-ड्रोन सिस्टम लॉन्च किया। पूरी तरह से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया यह सिस्टम, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और युद्ध के मैदान की महत्वपूर्ण तकनीकों में संप्रभु बौद्धिक संपदा के निर्माण की दिशा में भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जेन टेक्नोलॉजीज का यह नवीनतम प्लेटफॉर्म, अगली पीढ़ी के एआई-संचालित एंटी-ड्रोन समाधान के माध्यम से, तेजी से बदलते इस खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए तैयार किया गया है एल्गोरिदम लागू करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने एक कड़वी सच्चाई सामने ला दी है।

### नयी फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज लॉन्च

पुणे। फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज अपनी नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज लॉन्च की है। यह नया मॉडल एंबुलेंस, स्कूल बस और डिलीवरी वैन जैसे कामों में उपयोग के लिए बनाया गया है। यह नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाती है। इसमें आराम, सुविधा, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और कुल लागत को कम करने पर ध्यान दिया गया है। इससे वाहन चलाना और उसकी देखभाल करना भी आसान हो गया है और इस तरह हर ग्राहक के अनुभव को और बेहतर तथा उन्नत बनाया गया है। इस लॉन्च के साथ फोर्स मोटर्स लिमिटेड अब धीरे-धीरे अपने सभी पुराने ट्रैवेलर मॉडल की जगह नया एन रेंज ही बनाएगी। यानी भविष्य में बनने वाले सभी नए वाहन इसी नए मॉडल पर आधारित होंगे। फोर्स ट्रैवेलर भारत में साझा यात्री परिवहन का एक भरोसेमंद और स्थापित उत्पाद रहा है और यह अपने सेगमेंट में लगातार नेतृत्व कर रहा है। नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज में हमने उन चीजों पर ध्यान दिया है जो वास्तव में जरूरी हैं।

## भारतीय निवेश से अमेरिकी बाजार में सृजित हो रहे रोजगार के अवसर

वॉशिंगटन। भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिससे रोजगार के करीब 70,800 अवसर उत्पन्न हुए। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अमेरिका के वाणिज्य विभाग में नीति एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन के अमेरिकी उप अवर सचिव ब्रैंडन रेमिंगटन ने सोमवार शाम मैरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित सेलेक्ट यूएसए निवेश शिखर सम्मेलन में सीआईआई इंडिया रिसेप्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीए) करीब 16.4 अरब डॉलर रहा जिससे करीब 70,800 नौकरियों को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में अनुसंधान एवं विकास पर 33 करोड़ डॉलर भी खर्च किए हैं। हम भारत से आपके निवेश का स्वागत करते हैं। उपलब्ध संचयी आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में भारत से कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब डॉलर रहा है। इनसे करीब 70,800 नौकरियों, 31.3 करोड़ डॉलर के अनुसंधान एवं विकास व्यय और 1.5 अरब डॉलर के निर्यात को समर्थन मिला है। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि ये आंकड़े किस अवधि से संबंधित हैं।

## कच्चे तेल के महंगा होने से कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया।




रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तेजी से घट सकती है। इसके अलावा बड़े स्तर पर भंडारण और अधिक रिफाइनिंग मात्रा के कारण कार्यशील पूंजी की जरूरत भी बढ़ेगी, जिससे मुक्त नकदी प्रवाह पर दबाव आएगा। कच्चे तेल में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बजाय लंबे समय तक ऊंची कीमतें बने रहना एक बड़ा जोखिम है। भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के व्यवसाय मॉडल और पूंजीगत व्यय के आधार पर उनके क्रेडिट प्रोफाइल में अंतर दिखेगा। इंडियन ऑयल का विविधीकृत कारोबार उसे अपेक्षाकृत अधिक मजबूत बनाता है, जबकि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पर विस्तार और ऊर्जा बदलाव से जुड़े खर्च के कारण अधिक दबाव रह सकता है। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की स्थिति संयुक्त उपक्रम परियोजनाओं के पूरा होने के साथ बेहतर हो सकती है। हालांकि लंबे समय तक ऊंचे दाम बने रहने पर ऐसा होने में देरी हो सकती है। यदि 2026 में ब्रेंट क्रूड औसतन 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहता है, तो केवल रिफाइनिंग पर आधारित कंपनियां बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं, जबकि खुदरा ईंधन कीमत नियंत्रण से प्रभावित कंपनियां दबाव में रहेंगी। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कंपनियों की रेटिंग अब भी सरकार या सरकारी स्वामित्व से जुड़ी हुई है।

## एफडीआई आवेदनों के निपटान के लिए अद्यतन एसओपी जारी

नयी दिल्ली। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों के निपटान के लिए जारी अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत अब सरकार सभी आवेदनों पर 12 सप्ताह के भीतर फैसला करेगी।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से जारी अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए अधिकतम 12 सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। इसमें आवेदकों के प्रस्तावों में कमियों को दूर करने या सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांगी गई अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराने में लगा समय शामिल नहीं होगा। सरकार के 2017 की मानक संचालन प्रक्रिया में प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए अधिकतम 10 सप्ताह का समय निर्धारित किया गया था। वर्तमान एसओपी के अनुसार, जिन प्रस्तावों को अस्वीकृति के लिए प्रस्तावित किया गया है या जिन पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अतिरिक्त शर्तें लगाने का प्रस्ताव है, उनके विचार के लिए डीपीआईआईटी को अतिरिक्त दो सप्ताह का समय भी दिया जाएगा। इस एसओपी का मकसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह कागजरहित बनाना है। इसलिए आवेदक को एफडीआई प्रस्तावों के निपटान के लिए आवश्यक किसी भी दस्तावेज की भौतिक प्रति जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# मोटर वाहन की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड 2611317 इकाई रही

नयी दिल्ली। देश में मोटर वाहन की कुल खुदरा बिक्री अप्रैल में 12.94 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 26,11,317 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 23,12,221 इकाइयां रही थी। उद्योग निकाय फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स (फाडा) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से, केंद्रीय बैंक की सहायक ब्याज दर नीति, मजबूत रबी फसल के बाद ग्रामीण नकदी प्रवाह जैसे सकारात्मक कारकों ने उद्योग को मजबूत प्रदर्शन में मदद की। यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले महीने रिकॉर्ड 4,07,355 इकाई रही जो अप्रैल 2025 के 3,63,028 इकाइयों की तुलना में 12.21 प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी अप्रैल में अब तक के सर्वाधिक मासिक स्तर 19,16,258 इकाइयों पर पहुंच गई। यह पिछले वर्ष के इसी महीने की 16,95,638 इकाइयों की तुलना में 13.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। फाडा ने बताया कि तिपहिया वाहनों की बिक्री अप्रैल 2025 की 99,741 इकाइयों के मुकाबले 7.19 प्रतिशत बढ़कर।,06,908 इकाई पर पहुंच गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी अप्रैल 2025 के 86,364 इकाइयों से 15.02 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 99,339 इकाई रही। भारतीय मोटर वाहन खुदरा उद्योग ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत बेहद मजबूत तरीके से की है। अप्रैल 2026 में 26,11,317 इकाइयों की बिक्री हुई।

## भारत उभरते बाजारों में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वैश्विक झटकों से निपटने में बेहतर स्थिति में: मूडीज

नयी दिल्ली। भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसके बड़े विदेशी मुद्रा भंडार ने वैश्विक झटकों के दौरान मुद्रा की अस्थिरता को नियंत्रित करने तथा विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। साख तय करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

उभरते बाजारों पर अपनी रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि स्पष्ट एवं भरोसेमंद मौद्रिक नीति रूपरेखा, मुद्रास्फीति अपेक्षाओं का स्थिर रहना और जरूरत पड़ने पर विनिमय दरों का समायोजित हो पाना, इन सभी कारणों से भारत भविष्य के झटकों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। मूडीज ने कहा कि उभरते देशों में भारत बेहतर स्थिति में है और भविष्य में किसी भी तनाव के समय में देश मजबूत सुरक्षा बनाए रखेगा। घरेलू वित्त पोषण पर भारत की निर्भरता स्थानीय बाजारों की मजबूती और बेहतर भंडार से संतुलित होती है। हालांकि, भारत का अपेक्षाकृत उच्च ऋण बोझ और कमजोर राजकोषीय संतुलन लगातार झटकों से निपटने के लिए उपलब्ध गुंजाइश को सीमित करता है। इसमें कहा गया कि हाल के दबाव से पहले ही भारत ने स्थिरता को समर्थन देने वाले महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए थे। मूडीज ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कई बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं ने वैश्विक स्तर के कई बड़े झटकों को जोखिम उपाय बढ़ाए बिना और तेज वृद्धि या बाजार पहुंच खोए बिना सहन किया है।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च की नयी ऐस गोल्ड+ एक्सएल, 21 साल पूरे होने का जश्न मनाया

मुंबई। टाटा मोटर्स ने अपने प्रतिष्ठित टाटा ऐस के शानदार 21 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए आज टाटा ऐस गोल्ड+ एक्सएल को लॉन्च किया। यह नया वेरिएंट भारी सामान ढोने और बड़े बॉडी साइज की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। टाटा ऐस, जिसे प्यार से 'छोटा हाथी' भी कहा जाता है, ने भारत में छोटे मालवाहक वाहनों के बाजार को पूरी तरह बदल दिया है। यह नया मॉडल देश के बढ़ते उद्यमियों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए पेश किया गया है। इस खास मौके पर टाटा मोटर्स ने 'इक्कीस साल बेमिसाल' कैंपेन की शुरूआत की है। यह अभियान उन लाखों उद्यमियों के लिए लाया गया है जिन्होंने इस छोटा हाथी के जरिए कमाई की और अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया। इस अभियान के तहत ग्राहकों को ध्यान में रखकर कई पहलें चलाई जायेंगी।

## गोदरेज इंडस्ट्रीज ने ब्रांड पहचान की घोषणा की

मुंबई। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने आज अपने नए 'उद्देश्य' और ब्रांड पहचान का अनावरण किया। यह ग्रुप के विकास क्रम में एक निर्णायक मोड़ है, जो इसकी नई पहचान, रणनीति और महत्वाकांक्षा को भविष्य की प्रगति के साथ जोड़ता है। 129 वर्षों की सुदृढ़ विरासत और नए स्वरूप की आधुनिक ऊर्जा से प्रेरित यह पहचान ग्रुप के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रियल एस्टेट, फाइनेंशियल सर्विसेज, एग्रीकल्चर और केमिकल्स जैसे विविध पोर्टफोलियो में एक स्पष्ट रणनीतिक तालमेल स्थापित करती है।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका-ईरान

द्वारा जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद करने से ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई है। विश्व के करीब 20 फीसदी तेल और प्राकृतिक गैस का कारोबार होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए होता है और यह मार्ग उर्वरक और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के कारोबार के लिए भी अहम है। ईरान के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध समाप्त करने के लिए जारी वार्ता में एक बड़ा रणनीतिक लाभ साबित हुआ है। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के अवरोध को तोड़ने से वैश्विक आर्थिक चिंताओं में कमी आएगी और तेहरान को एक प्रमुख लाभप्रद स्थिति से वंचित किया जा सकेगा। लेकिन ऐसे प्रयासों से उस व्यापक युद्ध के फिर से भड़कने का भी खतरा है जो 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसके कारण ईरान को जलडमरूमध्य बंद करना पड़ा था। ईरान ने कहा है कि अमेरिका का यह नया प्रयास तीन सप्ताह से अधिक समय से कायम नाजुक युद्धविराम का उल्लंघन है।

मंगलवार को एक पोस्ट में ईरान की संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बगेर कलिबफ ने अमेरिका पर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया।

### कैबिनेट के

शामिल है। केन्द्र सरकार ने एक अन्य निर्णय में गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे। बयान के मुताबिक, यह परियोजना ब्राउनफील्ड मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिसमें 650 मीटर लंबी गोदी, दो बड़े फ्लोटिंग ड्राई डॉक, कार्यशालाएं और अन्य समुद्री अवसंरचना शामिल होंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, 10.25 प्रतिशत की मूलप्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा। हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है। इससे ज्यादा रिकवरी को प्रोत्साहन मिलता है। मंत्री ने कहा कि एफआरपी उत्पादन लागत (अखिल भारतीय भारित लागत) का 200.5 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा किसानों को एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिलने की उम्मीद है। सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर गन्ने का एफआरपी तय करती है। चीनी मिलों के लिए यह अनिवार्य है कि वे किसानों से गन्ना एफआरपी या उससे अधिक कीमत पर खरीदें। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। मंत्री ने कहा कि पिछले दस साल में गन्ने का एफआरपी हर साल बढ़ा है। इस कदम से लगभग एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा होगा और गन्ने की खेती में लगे खेतिहर मजदूरों को मदद मिलेगी। साथ ही चीनी मिलों का लगातार चलना और घरेलू चीनी की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इससे चीनी मिलों और उससे जुड़ी गतिविधियों में काम करने वाले पांच लाख मजदूरों को बेहतर रोजी-रोटी मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त गन्ने से एथनॉल का उत्पादन भी संभव हो पाएगा।

### विकास कार्यों

कहा कि आज जो भी गोरखपुर आता है, यहां के बदलाव को देखकर अचंभित और प्रफुल्लित होता है। गोरखपुर में चारों ओर फोर-लेन व सिक्स-लेन कनेक्टिविटी है। यहां एम्स बन गया है। खाद कारखाना और पिपराइच में चीनी मिल फिर चल पड़ी है। उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान, आयुष विश्वविद्यालय, चिड़ियाघर, बेहतरीन पर्यटन स्थल रामगढ़ताल, कई होटल्स सहित अनेक सुविधाओं का विस्तार हुआ है। गोरखपुर का विकास सामुदायिकता के भाव से किए गए कार्य का परिणाम है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी विकास कार्यों और सुविधाओं का नुकसान न करने पाए। सीएम योगी ने कहा कि करीब बीस वर्ष पूर्व लोग तारामंडल क्षेत्र में रहने का साहस नहीं कर पाते थे। 1998 की बाढ़ के बाद यहां से लोग भाग रहे थे। यहां एकतरफ रामगढ़ताल की गंदगी थी तो दूसरी तरफ बुनियादी सुविधाओं का अभाव। पर, आज विकास के चलते सबसे महंगी जमीन इस क्षेत्र की है। वाटर बॉडी पर टू-लेन ब्रिज बनने से इस समूचे क्षेत्र में इंटरनल कनेक्टिविटी मजबूत हो जाएगी। समृद्धि के प्रतीक के रूप में इस क्षेत्र को सबसे पॉश कॉलोनी माना जा रहा है। इस क्षेत्र में रामगढ़ताल पर्यटन का शानदार केंद्र बना है, चिड़ियाघर इसी क्षेत्र में है। यहां कन्वेंशन सेंटर बन रहा है, तारामंडल का पुनरोद्धार हो रहा है, साइंस पार्क बनाया जा रहा है। साथ ही वाटर बॉडी का भी व्यवस्थित रूप से सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। सीएम ने जीडीए के अफसरों से कहा कि वे वाटर बॉडी को रामगढ़ताल के समकक्ष जोड़ने का प्रयास करें। इस वाटर बॉडी में पानी बहता हुआ दिखाई देना चाहिए, जहां लोग नौकायन का भी आनंद उठा सकें। वाटर बॉडी के किनारे लोग परिवार सहित आ सकें, बच्चे खेल सकें। उन्होंने स्वच्छता और सुंदरता को लेकर मोहल्ला स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को विकसित, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं दी हैं। सांसद रविकिशन ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। स्वागत संबोधन गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने किया।

### डेढ़ लाख

आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षामित्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि अब ट्रेड यूनियन वाली सोच और नकारात्मक वृत्ति को पूरी तरह त्याग देना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक या शिक्षामित्र केवल मांगों पर अड़े रहेंगे, नकारात्मक सोच रखेंगे, तो न केवल बच्चों की नींव कमजोर करेंगे बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र को क्षति पहुंचाएंगे। हमारा नेचर ट्रेड यूनियन जैसा नहीं हो सकता। पहले देश, फिर हम। सकारात्मक भाव के साथ कार्य करने वाले ही अच्छी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं। सरकार सकारात्मक सोच के साथ आपके साथ है, इसलिए नकारात्मक भाव बिल्कुल नहीं आने चाहिए। वर्षों से चली आ रही आपकी मांग को सरकार ने संवाद व सहयोग के माध्यम से हल किया, न कि टकराव के रास्ते से। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में एक शिक्षामित्र परिवार आया था, जिसकी बेटी गंभीर रूप से बीमार है, डायलिसिस की जरूरत है। इसीलिए मैंने शिक्षामित्रों को भी प्रधानमंत्री की कैशलेस स्वास्थ्य सुरक्षा देने का निर्णय किया था। 5 लाख रुपये का सालाना कैशलेस स्वास्थ्य कवर सभी शिक्षामित्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। जो छूट गए होंगे, उन्हें भी यह सुविधा दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद को तत्काल सभी जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही एक भव्य समारोह आयोजित कर सभी को यह कार्ड प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद को तत्काल सभी शिक्षामित्रों के बैंक खाते खुलवाने का निर्देश दिया गया है। इससे मानदेय सीधा एकाउंट में आएगा। सरकार ने शिक्षामित्रों को उनके जिले व नजदीकी विद्यालय में तैनाती देने की व्यवस्था की है। खासकर विवाहित महिला शिक्षामित्रों को मायके या ससुराल के निकट विद्यालय में म्यूचुअल ट्रांसफर की सुविधा दी जाएगी।

### आंधी-वर्षा

स्पष्ट कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को फील्ड में रहकर राहत कार्यों की निगरानी करने और आवश्यक संसाधनों के लिए शासन से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें लगातार सक्रिय हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### इस्तीफा नहीं

उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई। उन्होंने कहा हम भाजपा से नहीं लड़ रहे थेअ हम निर्वाचन आयोग से लड़ रहे थे जो भाजपा के लिए काम कर रहा था। मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। इतिहास में एक काला अध्याय जुड़ गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त खलनायक बन गए हैं।

### राष्ट्र व युवा

आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसके संचालन को ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए यहां 1 मेगावाट का सोलर प्लांट भी लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले एक वर्ष में इस केंद्र पर कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित हुई हैं, जिनमें एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी प्रमुख है। इस आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड की पहचान को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि देश में शीतकालीन खेलों के प्रति बढ़ती रुचि आने वाले समय में भारत को इस क्षेत्र में नई पहचान दिला सकती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही पहलों का भी उन्होंने उल्लेख किया। राज्य में खेल प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान के तहत आठ शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी, जहां खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अलावा हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

### पश्चिम एशिया

को छोड़कर, तेल की कीमतें सामान्य रूप से संतुलित रही हैं और इससे भारत को मजबूत आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर की कोई भी कीमत आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगी, क्योंकि हम अभी तक अपनी मांग के ढांचे में पर्याप्त बदलाव नहीं कर पाए हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मेमानी ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के रुख पर पूछे जाने पर कहा कि ब्याज दरों में निकट भविष्य में कमी की संभावना नहीं है। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए सरकार से लक्षित उपाय करने की भी वकालत की। उन्होंने सुझाव दिया,"मैं लक्षित उपायों के पक्ष में हूं, विशेष रूप से ऐसे कदमों के जो ज ण से जुड़ी समस्याओं के कारण एमएसएमई क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को दूर कर सकें।" केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने आठ अप्रैल को सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया था। समिति ने पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, रुपये में कमजोरी और व्यापार प्रवाह में बाधा से बढ़ी अनिश्चितता का भी उल्लेख किया था। सीआईआई के अध्यक्ष ने कारोबार सुगमता और न्यायिक सुधारों में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।






# दिल्ली ने चेन्नई को दिया 156 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाये, नूर ने लिये 2 विकेट

एजेंसी



नयी दिल्ली । आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने 19 ओवर के बाद 6 विकेट के नुकसान पर 135 रन बना लिए हैं। समीर रिजवी क्रीज पर हैं। ट्रिस्टन स्टब्स 38, अक्षर पटेल 2, नीतीश राणा 15, करुण नायर 13, केएल राहुल 12 और पथुम निसांका 19 रन बनाकर आउट हुए। इम्पैक्ट प्लेयर्स: शिवम दुबे, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, आकाश मधवाल, सरफराज खान। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शॉट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया। स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई।

18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए, और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए हैं। गुरजनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैन ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधे शॉर्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहुल को 12 रन पर आउट किया। राहुल कवर के ऊपर बड़ा शॉट खेलने निकले, लेकिन गेंद पिच पर रुक गई और वह टाइमिंग नहीं कर सके।

आसान कैच कप्तान गायकवाड ने पूरा किया। मुकेश चौधरी ने चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी गेंद पर पथुम निसांका को 19 रन पर आउट किया। निसांका बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में टाइमिंग नहीं कर सके और मिड-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस ने आसान कैच पकड़ लिया। निसांका ने पहले ओवर में शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अकील हुसैन के ओवर में दो चौकों की मदद से 8 रन बटोरे। हुसैन ने बीच ओवर में छह की अपील जरूर की, लेकिन अंपायर ने नॉट आउट दिया और कप्तान ने रिव्यू नहीं लिया। लुंगी एनगिडी पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे, जिसके कारण पिछले दो मुकाबले नहीं खेल सके। अब वे आज के मैच से वापसी कर रहे हैं। चेन्नई के कप्तान गायकवाड ने कहा कि टीम पहले गेंदबाजी करना चाहती थी, लेकिन पिच सूखी नजर आ रही है और मैच के दौरान ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। साथ ही बताया कि इस मैच के लिए टीम में अकील हुसैन और गुरजपनीत सिंह को शामिल किया गया है। अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी दिख रही है, हालांकि दूसरी पारी में यह थोड़ी धीमी हो सकती है, जिसका फायदा उनके गेंदबाजों को मिल सकता है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव करते हुए काइल जैमीसन की जगह लुंगी एनगिडी को शामिल किया है। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टीम की कोशिश होगी कि शुरुआत से बड़ा स्कोर खड़ा कर विपक्ष पर दबाव बनाया जाए। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में 32 मैच खेले गए हैं। चेन्नई का पलड़ा भारी रहा है। उसने 20 मैच जीते हैं, जबकि दिल्ली ने 12 मैच जीते हैं। केएल राहुल इस मैच में 7 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप में टॉप पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने 9 मैचों में 433 रन बनाए हैं। वहीं अब तक एक सेंचुरी और 3 हाफ सेंचुरी जड़ चुके हैं। वहीं, अक्षर पटेल टॉप विकेट टेकर हैं। वे 9 मैचों में 9 विकेट लिए हैं।

### रोहित चोट से जल्दी उबर जाते तो मुंबई की स्थिति इस समय बेहतर होती : हरभजन

मुंबई। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से जल्दी उबर जाते तो मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की बेहतर स्थिति में होती। रोहित ने चोट से उबरने के बाद सोमवार को यहां वापसी की और 84 रन की तूफानी पारी खेली इससे उनकी टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 229 रन का लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित 12 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण बाहर हो गए थे और इसके बाद पांच मैचों में नहीं खेल पाए थे। हरभजन ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मैदान पर रहना महत्वपूर्ण होता है। डगआउट में बैठे रहने से आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन मैदान पर रहकर आप अंतर पैदा कर सकते हैं और रोहित शर्मा ने यही किया। उन्होंने कहा, बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मजबूत नींव की जरूरत होती है और उन्होंने न सिर्फ अच्छी नींव रखी बल्कि उसे आगे भी बढ़ाया। अगर उन्होंने शतक बना लिया होता तो और भी अच्छा होता, लेकिन जितने समय तक वह क्रीज पर रहे, उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। हरभजन ने कहा, काश उनकी चोट थोड़ी जल्दी ठीक हो जाती।

# सनराइजर्स के खिलाफ बल्लेबाजी में सुधार करना होगा पंजाब किंग्स को



हैदराबाद। पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी। लगातार छह मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी। पंजाब किंग्स भले ही नौ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं।

बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इन मैचों में उसकी गेंदबाजी की कमियों पर किसी का खास ध्यान नहीं गया। शुरुआती दौर में लय बनाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लड़खड़ा गए हैं। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की युवा तिकड़ी की आक्रामक रणनीति लापरवाही में बदल गई है। इससे टीम को शुरुआती झटके सहने पड़े और मध्य क्रम को पारी संभालने की जिम्मेदारी उठानी पड़ी। पंजाब किंग्स का मध्य क्रम भी चोटी के बल्लेबाजों की नाकामी के बाद अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रहा और टीम लक्ष्य से पिछड़ गई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उसकी गेंदबाजी बहुत अच्छी नहीं रही है। यहां तक कि पंजाब किंग्स जब जीत दर्ज कर रहा था तब भी उसके गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को बीच-बीच में खुलकर रन बनाने दिए हैं।

यही नहीं उसकी गेंदबाजी में महत्वपूर्ण मौकों पर अनुशासन की कमी के कारण अच्छा अंत करना लगातार एक समस्या बनी हुई है। अब जबकि टूर्नामेंट महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है तब पंजाब को सनराइजर्स के खिलाफ यहां की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा और स्पष्ट रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। तीसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स से सात विकेट से मिली हार से उबरने के लिए बेताब होगी। इस हार से उसकी लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया। इससे पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका भी गंवा दिया था। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

सनराइजर्स हैदराबाद: पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, रविचंद्रन अश्विन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, केन्स फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवम मावी, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्ज़ी, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

## संक्षेप

### बल्लेबाजी में रोहित से सीख लेता हूं : रिकेल्टन

मुंबई। मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने कहा कि वह बल्लेबाजी के अलग-अलग पहलुओं पर रोहित शर्मा से सीख लेने का मौका नहीं चूकते हैं लेकिन यह भारतीय सुपरस्टार कुछ ऐसे शॉट खेलता है जिनके बारे में वह सपने में भी नहीं सोच सकते। रिकेल्टन (83) और रोहित (84) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए मजबूत जोड़ी बनाई है। उन्होंने पहले विकेट के लिए तीसरी और इस सत्र की दूसरी शतकीय साझेदारी निभाई जिससे उनकी टीम सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत हासिल करने में सफल रही। रिकेल्टन ने रोहित से मिली सलाह के बारे में मैच के बाद पत्रकारों से कहा, पहले साल में मैंने उनसे बल्लेबाजी को लेकर थोड़ा और सीखा। मैंने टी20 बल्लेबाजी के बारे में ही नहीं, बल्कि टेस्ट और वनडे की बल्लेबाजी के बारे में, उसकी बारीकियों और उससे जुड़ी मानसिकता के बारे में सीख ली।

### धोनी की गैरमौजूदगी से मायूस हुए प्रशंसक

नयी दिल्ली। करिश्माई विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में यहां के अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे दर्शकों को मंगलवार को मायूसी का सामना करना पड़ा। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मुकाबले के लिए उनका माही मैदान पर उतरेगा और अगर वह मैच ना भी खेले तो कम से कम उनकी झलक देखने को मिलेगी। पांच बार के चैंपियन 44 साल के धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। लीग की शुरुआत में सुपरकिंग्स ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए टीम से बाहर हैं, लेकिन आईपीएल में पांच सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी टीम से बाहर रहने पर उनके भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। मूल रूप से झारखंड के गिरिडीह की रहने वाली केंद्रीय अर्धसैनिक बल से जुड़ी ममता खलखो अपनी आठ साल की बेटी और 12 साल के बेटे के साथ धोनी को खेलते हुए देखने की उम्मीद से स्टेडियम पहुंची थीं।

## सबालेंका ने ग्रैंड स्लैम की कमाई में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा नहीं मिलने पर बहिष्कार की मांग

एजेंसी

रोम। शीर्ष रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि अगर टेनिस खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की कमाई में अधिक हिस्सा मिलना शुरू नहीं होता तो उन्हें बहिष्कार करना चाहिए। सबालेंका और उनके साथी नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर उन बड़े खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने सोमवार को एक बयान जारी कर फ्रेंच ओपन की इनामी राशि पर गहरी निराशा जाहिर की। मंगलवार को इटैलियन ओपन में अपना 28वां जन्मदिन मनाने वाली सबालेंका ने कहा, हमारे बिना तो कोई टूर्नामेंट होगा और ना ही कोई मनोरंजन। मुझे लगता है कि हमें निश्चित रूप से कमाई का अधिक प्रतिशत मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी ना किसी मोड़ पर हम इसका बहिष्कार करेंगे।

मुझे लगता है कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा। खिलाड़ी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिका ओपन से बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य सुविधाएं और पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वे कुल इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रहे हैं जिससे कुल राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो हो जाएगी।

### राजस्थान रॉयल्स की बोली हारना निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का प्रतिबिंब नहीं : सोमानी

नयी दिल्ली। अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को नहीं दर्शाता है। राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार लक्ष्मी मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली, क्योंकि सोमानी (टेक्नोलॉजी उद्यमी), रॉब वाल्टन और शीला फोर्ड हैम्प के समूह ने अपना नाम वापस ले लिया।

# भारतीय महिला व पुरुष टीम ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगी शृंखला

एजेंसी

भोपाल। भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीम एशिया कप की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक यहां चार मैचों की शृंखला खेलेगी। यह शृंखला इस महीने के आखिर में जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में 19 अप्रैल से अभ्यास शिविर भी लगाया गया था। पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, इस शिविर के दौरान मुख्य ध्यान सभी विभागों में खिलाड़ियों के बुनियादी कौशल और क्षमता को मजबूत करने पर रहा है, ताकि वे आधुनिक हॉकी की जरूरतों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।




ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के खिलाफ मैच खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तर पर खेलने और अंडर-18 एशिया कप की तैयारी करने का शानदार मौका होगा। यह प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अपनी क्षमता और अपने अनुभव का प्रदर्शन करने का अवसर है। वहीं दूसरी ओर लाहौर। पाकिस्तान की हॉकी टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच मंजूर उल हसन का मानना है कि उनके देश ने 2019 में पहले एफआईएच प्रो लीग में भाग न लेकर गलती की, क्योंकि इससे खिलाड़ी शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बहुमूल्य अनुभव हासिल करने से वंचित हो गए। पाकिस्तान को एफआईएच प्रो लीग के पहले सत्र से बाहर कर दिया गया था क्योंकि उसने अपने पहले तीन मैच छोड़ दिए थे।

इसके कारण उसे प्रो लीग की शीर्ष श्रेणी में जगह बनाने के लिए कम रैंकिंग वाली टीमों के साथ द्वितीय श्रेणी के नेशंस कप में खेलना पड़ा। पूर्व ओलंपियन ने मंगलवार को कहा, 2019 में जब एफआईएच प्रो लीग शुरू हुई थी तब उसमें न खेलना गलती थी। इससे हमारे खिलाड़ियों ने शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को परखने का बहुमूल्य मौका गंवा दिया।

हसन ने कहा, अगर आप अन्य टीमों को देखें तो वे 2019 से प्रो लीग में खेल रही हैं। हम उसमें हिस्सा नहीं ले पाए और हमारे खिलाड़ियों को निम्न रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तान को प्रो लीग के अगले चरण में बेल्जियम, स्पेन, भारत और इंग्लैंड सहित शीर्ष टीमों का सामना करना है।

# प्रदर्शन से भारतीय टीम ने शीर्ष तीन में बनायी जगह

एजेंसी

शंघाई। पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने यहां क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया। हालांकि एशियाई खेलों के पदक विजेता अभिषेक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 705 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहे,



जिससे उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन वह व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में हिस्सा लेंगे। महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ से सात अंक पीछे रहीं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे। इस तरह से भारतीय खिलाड़ियों में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष पर रहने वाले देवताले और अदिति कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। इस जोड़ी ने कुल 1411 अंक बनाकर छठी वरीयता हासिल की। रिकर्व वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे।

### भारत के स्कीट आईएसएसएफ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम

अल्माटी (कजाखस्तान)। भारतीय स्कीट निशानेबाजों ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन में निराश किया जब पुरुषों और महिलाओं दोनों ही वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। ओलंपियन मैराज अहमद खान और रेजा ढिल्लों भारतीय निशानेबाजों में शीर्ष पर रहे। सोमवार को 75 में से 71 का स्कोर बनाकर दूसरे दिन की शुरुआत 26वें स्थान से करने वाले मैराज ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया। वह कुल 119 अंक के साथ क्वालीफिकेशन चरण में 18वें स्थान पर रहे। रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे भवतेग सिंह गिल भी 119 अंक (24, 24, 23, 24, 24) के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें पायदान पर रहे।

### कप्तानी करना आसान नहीं पंत पर काफी दबाव है : लैंगर

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपये की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पंत एलएसजी के उन बल्लेबाजों में शामिल थे जो निकोलस पूरन (63) और मिचेल मार्श (44) से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। एलएसजी का स्कोर आठ ओवर में एक विकेट पर 123 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 228 रन ही बना पाई और उसे छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लैंगर ने एलएसजी की हार के बाद यहां पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं लगता कि इसका किसी तरह की धनराशि से कोई संबंध है। कप्तान का पद संभालना आसान नहीं होता है।

### हालात आपके अनुकूल नहीं होते, हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ दिया : राहुल

नयी दिल्ली। स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि विशेषकर उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर के मामले में हालात हमेशा उनके मन मुताबिक नहीं रहेंगे लेकिन उन्हें खुशी है कि वह स्वयं को टेस्ट विशेषज्ञ मानने की धारणा को तोड़ने में कामयाब रहे हैं। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले महीने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 64 गेंद पर नाबाद 152 रन बनाए थे जो इस प्रारूप में उनके लगातार बेहतर प्रदर्शन का नमूना है। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 2022 के बाद से भारत के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है, लेकिन वह टेस्ट और वनडे में नियमित रूप से खेलते हैं। राहुल ने जियोस्टार से कहा, दस साल पहले मैं टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए कुछ भी करने को तैयार था। मुझे कभी टी20 खिलाड़ी के रूप में नहीं आंका गया और न ही मुझे सीमित ओवरों का अच्छा खिलाड़ी माना गया। मुझे तो केवल टेस्ट खिलाड़ी के रूप में ही देखा जाता था। उन्होंने कहा, इसलिए उस सांचे से बाहर निकलना, सीमित ओवरों के अपने खेल को बेहतर बनाना और यहां तक पहुंचना मेरे लिए वाकई गर्व की बात है।

# भारत आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

दुबई। तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था।




साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है। आईसीसी ने कहा 275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है। दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं। आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है।

अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने कहा उत्तरी अमेरिका में क्रिकेट की उभरती हुई शक्ति अमेरिका ने छह अंक हासिल करते हुए दो स्थान की छलांग लगाई है। वह 13वें स्थान पर पहुंच गया है और उसने नीदरलैंड (14वें) तथा स्कॉटलैंड (15वें) को पीछे छोड़ दिया है। आईसीसी ने कहा, नामीबिया 16वें स्थान पर बरकरार है जबकि नेपाल (17वें) और ओमान (19वें) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने क्रमशः यूएई (18वें) और कनाडा (20वें) को पीछे छोड़ा। आईसीसी ने साथ ही बताया कि रैंकिंग में शामिल टीम की संख्या 102 से घटकर 98 हो गई है क्योंकि पिछले तीन साल में जरूरी आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने में नाकाम रहने के कारण फिजी, गाम्बिया, यूनान और इजराइल इस सूची में जगह नहीं बना पाए।

# मुख्यमंत्री मान मिले राष्ट्रपति मुर्मू से

## छह रास सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे राज्य के उन छह राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया जो हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे।

मान ने एक संवैधानिक प्रावधान लाने की भी वकालत की जिससे मतदाता जनप्रतिनिधि के काम नहीं कर पाने पर उसे हटा सकें। आम आदमी पार्टी (आप) को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा था जब राज्यसभा में उसके 10 सदस्यों में से सात- राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी कि आप अपने मूल्यों और मूल सिद्धांतों से भटक गई है। इनमें मालीवाल को छोड़कर छह सदस्य पंजाब से हैं।

मान राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से अकेले मिले जहां उन्होंने सभी विधायकों के हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन सौंपा। बैठक के दौरान करीब 90 विधायक रेल भवन पर थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान मान ने संविधान में जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने के प्रावधान की जरूरत पर जोर दिया। फरवरी में राघव चड्ढा ने वापस बुलाने का अधिकार प्रावधान लाने की वकालत की थी जो



मतदाताओं को अधिकार देते कि जनप्रतिनिधि सही से काम नहीं करें तो उन्हें पांच साल के कार्यकाल से पहले हटा दिया जाए। मान की मांग को चड्ढा के इसी बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। चड्ढा ने भी मंगलवार को मान से पहले राष्ट्रपति से मुलाकात की थी और एक ज्ञापन सौंपकर पंजाब सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने और हाल में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा सदस्यों को निशाना बनाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मान ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए सात सांसदों के दल-बदल को संविधान की हत्या बताया। उन्होंने बैठक को बहुत अच्छा बताते हुए कहा, सात सांसदों का दूसरी पार्टी में विलय करना पूरी तरह से असंवैधानिक है। मैंने राष्ट्रपति जी से इस बारे में विस्तार से बात की। मान ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि भाजपा के पास (पंजाब में) केवल दो विधायक सीट हैं, जबकि राज्यसभा में उसके छह सांसद हैं? उन्होंने सवाल किया, यह कैसे संभव है? क्या यह संविधान का मजाक नहीं है? मान ने सांसदों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर वे दिल से इतने क्रांतिकारी हैं तो उन्हें अपनी सीटों से इस्तीफा दे देना चाहिए था। आम आदमी पार्टी किसी और को भेज सकती थी। उन्होंने पूछा कि क्या वे जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरे। मान ने आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन भी राष्ट्रपति को सौंपा। उन्होंने निर्वाचित और चयनित शब्दों के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि वे चयनित थे। इसलिए, उनकी सदस्यता रद्द कर दी जानी चाहिए। मान के अनुसार राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वासन दिया कि जवाब देने से पहले वह संविधान विशेषज्ञों से परामर्श करेंगी।

## प्रधान ने किया निजी क्षेत्र से अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश करने का आह्वान



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को निजी क्षेत्र से अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उद्योग की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है। प्रधान ने यहां आईआईटी मद्रास टेक्नोलॉजी समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए कहा कि हालांकि सरकार ने अनुसंधान और विकास के लिए वित्त पोषण में काफी वृद्धि की है, लेकिन इसमें उद्योग के योगदान को बढ़ाने की भी जरूरत है। भारत में अनुसंधान निवेश का लगभग 70 प्रतिशत वर्तमान में सरकारी धन से आता है। यह सही संकेत नहीं है। हमें सरकार और उद्योग के बीच कम से कम 50-50 प्रतिशत योगदान की आवश्यकता है। नवाचार के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन पर प्रकाश डालते हुए प्रधान ने कहा कि अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष आवंटित किया गया है, जिसमें स्टार्टअप को मिलने वाली सहायता भी शामिल है। प्रधान ने कहा, कुछ साल पहले हमारे देश में केवल कुछ सौ स्टार्टअप थे। अब, हमने ढाई लाख से अधिक स्टार्टअप का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ देश वैश्विक नवाचार सूचकांक में अपनी स्थिति में सुधार करते हुए 85वें से 38वें स्थान पर पहुंच गया है। मंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को दोहराया और कहा कि ग्लोबल साउथ भारतीय मॉडल पर निर्भर करेगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास की पहलों की सराहना की और कहा कि संस्थानों को समाज के प्रति जवाबदेह रहना चाहिए और अनुसंधान एवं नवाचार में अपने योगदान को साझा करना चाहिए। भारत का निर्माण केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है। इसका अर्थ है दुनिया के लिए, विशेष रूप से गरीबों और ग्लोबल साउथ के लिए टिकाऊसमाधान तैयार करना।

## संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वालों को मुंह की खानी पड़ी : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने के कारण पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और तमिलनाडु में द्रमक को मुंह की खानी पड़ी है। गुप्ता ने कहा कि इस संविधान संशोधन अधिनियम का विरोध करने वालों को जनता को जवाब देना भारी पड़ रहा है। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा पिछले महीने पेश किया गया महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका था। विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इसके खिलाफ मतदान किया था। मुख्यमंत्री ने बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय को मां काली का आशीर्वाद बताया और इसे महिलाओं की जीत करार दिया। राष्ट्रीय राजधानी के चित रंजन (सीआर) पार्क स्थित मां काली मंदिर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद गुप्ता ने कहा, यह वही आस्था है जो दिल्ली को शक्ति देती है, वही सनातन ऊर्जा अब बंगाल में परिवर्तन का संकल्प बन रही है। मां काली के आशीर्वाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और जनता के अपार जनसमर्थन से अब बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने जा रही है।

## दिल्ली में ओलावृष्टि और गरज के साथ बौछारें पड़ी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि और गरज के साथ बारिश हुई एवं बादल छाए रहे, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली तथा यहां मंगलवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट बना हुआ है।

नयी दिल्ली, मध्य दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, बाहरी उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, शाहदरा और पूर्वी दिल्ली तथा दक्षिण और दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के कुछ हिस्सों के लिए अगले कुछ घंटों तक अलर्ट बना रहेगा, क्योंकि दिन में ओलावृष्टि और गरज के साथ बौछारें पड़ने का पूर्वानुमान है। मौसम के बदलते मिजाज के चलते कई इलाकों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई, जिससे मई के आरंभ में पड़ने वाली भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिली। दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तापमान से 5.1 डिग्री कम और पिछले 24 घंटों में 0.8 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शहर के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

## असम, बंगाल में जनादेश की चोरी लोकतंत्र खत्म करने की दिशा में भाजपा का बड़ा कदमः राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि असम और पश्चिम बंगाल में जनादेश की चोरी देश के लोकतंत्र को नष्ट करने के भारतीय जनता पार्टी के मिशन के तहत उठाया गया बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि यह बात कांग्रेस के कुछ लोगों और उन दूसरे लोगों को अच्छी तरह समझने की जरूरत है जो पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार से खुश हो रहे हैं। भाजपा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 206 सीटें जीतकर



पहली बार सरकार बनाने जा रही है। उसने असम में जीत की हैट्रिक लगाई है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस में कुछ लोग और अन्य लोग टीएमसी की हार पर खुश हो रहे हैं। उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझने की जरूरत है कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने मिशन में भाजपा का एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, क्षुद्र राजनीति को किनारे रखें, यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी के बारे में नहीं है, यह भारत के बारे में है। पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 100 सीटों की लूट की है। राहुल गांधी ने उनके दावे का समर्थन किया था और आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने असम और पश्चिम बंगाल में चुनाव की चोरी की है।

## ईरान का खतरा खाड़ी देशों को दिखाता है एकजुट, भीतर बने रहते हैं गहरे मतभेद

बोस्टन (अमेरिका)। खाड़ी क्षेत्र के अरब देश लंबे समय से ईरान के खतरे के बीच एकजुटता का प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह एकता अक्सर सतही होती है और इसके पीछे गहरे नीतिगत मतभेद छिपे रहते हैं। हाल ही में 28 अप्रैल 2026 को सऊदी अरब के जेद्दा में खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक में सदस्य देशों ने एकजुटता का संदेश देते हुए ईरान को चेतावनी दी कि किसी एक सदस्य पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने इसे खाड़ी देशों की एकजुट स्थिति का प्रतीक बताया और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के दावे को खारिज किया। हालांकि यह एकता का प्रदर्शन ऐसे समय में सामने आया है जब जीसीसी के भीतर मतभेद भी उभरकर सामने आए हैं, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात का ओपेक से बाहर होना भी शामिल है।


डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी (DHP) में प्रवेश हेतु सत्र 2026-28

उत्तर प्रदेश शासन एवं होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भेषजिक फार्मासिस्ट के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी (DHP) में प्रवेश हेतु सत्र -2026-28 प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

महत्वपूर्ण बिंदु
- प्रवेश केवल ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से होगा।
- आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को वेबसाइट nlpd.in पर पंजीकरण करना होगा।
- प्रवेश परीक्षा संस्था स्तर पर आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा वस्तुनिष्ठ (MCQ) होगी।
- विस्तृत सूचना एवं दिशा-निर्देश हेतु वेबसाइट में जारी विस्तृत विज्ञापन देखें।

आवेदन शुल्क
नि:शुल्क
(ऑनलाइन आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।)

महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्रम सं. | कार्यक्रम विवरण | संभावित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 11 मई, 2026 (सोमवार) |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 15 जून, 2026 (सोमवार) |
| 3 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि | 17 जून से 20 जून, 2026 (बुधवार से शनिवार) |
| 4 | एडमिट कार्ड / प्रवेश पत्र उपलब्ध होने की तिथि | 01 जुलाई, 2026 (बुधवार) |
| 5 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 12 जुलाई, 2026 (रविवार) |
| 6 | परिणाम घोषित होने की तिथि | 28 जुलाई, 2026 (मंगलवार) |
| 7 | काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि | 05 अगस्त, 2026 (बुधवार) |
| 8 | प्रवेश प्रक्रिया (काउंसलिंग व सीट आवंटन) की अंतिम तिथि | 31 अगस्त, 2026 (सोमवार) |
| 9 | संस्थान में रिपोर्टिंग एवं प्रवेश की अंतिम तिथि | 10 सितंबर, 2026 (गुरूवार) |

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?
1. वेबसाइट nlpd.in पर जाएं।
2. "Diploma in Homeopathic Pharmacy प्रवेश 2026-28" लिंक पर क्लिक करें।
3. नया पंजीकरण करें और लॉगिन करें।
4. आवेदन पत्र भरें, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।
5. आवेदन पत्र सबमिट करें एवं प्रिंट निकालें।

आवश्यक दस्तावेज
- हाईस्कूल/इंटर की मार्कशीट
- इंटरमीडिएट (बायो/मैथ) की मार्कशीट
- ट्रांसफर सर्टिफिकेट
- जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू)
- निवास प्रमाणपत्र
- आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर
- मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी

परीक्षा का पैटर्न (संक्षिप्त)
- प्रश्न प्रकार : वस्तुनिष्ठ (MCQ)
- कुल प्रश्न : 100
- कुल अंक : 400
- समय : 2.30 घंटे
- नकारात्मक अंकन : लागू
विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइट देखें।

नोट: केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य होगा। डाक द्वारा भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
आवेदन करने हेतु वेबसाइट nlpd.in | सहायता हेतु हेल्पलाइन 7355915954 | ईमेल info@nlpd.in
निवेदक : परीक्षा नियामक अधिकारी-नन्दलाल प्रभु देवी प्रोफेशनल इन्स्टीट्यूट आलापुर, बाराबंकी


## भाजपा ने लोकतंत्र को अगवा किया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतंत्र को अगवा करने का आरोप लगाया।

उन्होंने हाल में संपन्न पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत की पृष्ठभूमि में कहा कि पंजाब पार्टी के विजय रथ को रोक देगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोकतंत्र को अगवा कर उसकी हत्या कर दी है। उन्होंने पार्टी पर चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में वही किया जो उसने नयी दिल्ली में मेरे विधानसभा क्षेत्र में वोट काटकर किया। केजरीवाल ने कहा कि



आज लोकतंत्र खतरे में है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के पक्ष में लहर थी और वे (भाजपा) लगातार चुनाव जीतते रहे। फरवरी 2015 में दिल्ली में उन्हें सिर्फ तीन सीट मिलीं। अगर वे पंजाब में सत्ता में आए, तो राज्य को बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के लिए आखिरी चुनाव होंगेअ पंजाब के बाद मोदी सरकार गिर जाएगी। केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में आप सरकार के पक्ष में सत्ता समर्थक लहर है और हर गांव प्रशासन की ओर से किए गए कार्यों को मान्यता देता है। हाल में आप छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले सात राज्यसभा सदस्यों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये सीट पंजाबियों की थीं। भाजपा ने पंजाब से ये सीट छीन ली हैं और अब हम सभी को उन्हें रोकने के लिए काम करना होगा। पंजाब ने ऐतिहासिक रूप से विदेशी आक्रमण को रोका, लेकिन इस बार दुश्मन भीतर ही है पंजाबियों को ही उन्हें रोकना होगा। केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कपूरथला हाउस में जुटे राज्य के विधायकों को संबोधित किया।

## फडणवीस ने यौन अपराधियों को पैरोल देने पर रोक के लिए सख्त कानून बनाने का आदेश दिया

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यौन अपराधियों के लिए पैरोल पर रोक लगाने के प्रावधान वाला एक कड़ा कानून बनाने का मंगलवार को आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे लगभग 90 फीसदी अपराध उन आदतन अपराधियों द्वारा किए जाते हैं, जो अस्थायी तौर पर जेल से बाहर आते हैं। सूत्रों के मुताबिक, फडणवीस ने यहां आयोजित कैबिनेट बैठक में कहा कि इसी तरह का एक कानून उनके पिछले मुख्यमंत्री कार्यकाल (2014-2019) के दौरान लागू किया गया था, लेकिन तीन साल तक प्रभावी रहने के बाद अदालतों ने इसे रद्द कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, फडणवीस ने कहा, इस तरह के (यौन अपराध) मामलों में 80 से 90 फीसदी आरोपी वे लोग हैं, जिन्हें इसी तरह के अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था और वे पैरोल पर जेल से बाहर आए थे और उसी दौरान उन्होंने फिर से ऐसा अपराध किया।

## इंटरटेनमेंट...

### फिल्म वाराणसी के मेकर्स की बढ़ीं मुश्किल

**मुंबई।** एसएस राजामौली की मोस्ट अवेटेड फिल्म वाराणसी की शूटिंग में दिक्कतें आ सकती हैं। इस फिल्म की शूटिंग हैदराबाद फिल्मसिटी में चल रही है। फिल्म के कुछ सीन के लिए मेकर्स को एक तालाब बनाना था, जिसके लिए उन्हें

**शूटिंग के लिए 150 पानी के टैंकर देने से जल आपूर्ति बोर्ड का इनकार 18 मई को इस्तेमाल होना था**

हजार लीटर पानी चाहिए था, लेकिन अब जल आपूर्ति बोर्ड ने इससे इनकार कर दिया है। फिल्म वाराणसी की प्रोडक्शन कंपनी श्री दुर्गा आर्ट्स ने हाल ही राजेंद्रनगर के गगनपहाड़ स्थित फिल्मसिटी में तालाब बनाने के लिए हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड को एक लेटर लिखकर 150 वॉटर टैंकर की मांग की थी। प्रोडक्शन द्वारा बोर्ड के प्रबंध निदेशक अशोक रेड्डी को लिए गए लेटर में



कहा गया था कि पानी के लिए कंपनी उन्हें टैंकर का किराया भी देगी। हालांकि बोर्ड द्वारा लेटर को रिजेक्ट कर दिया गया है। नवभारत टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सेट पर पहले ही तालाब बनवा लिया गया है, जिसमें 10 हजार लीटर प्रति टैंकर की कैपेसिटी के 150 टैंकर इस्तेमाल होने थे। पानी को 18 मई को होने वाली शूटिंग के लिए शुद्ध करवाया जाना था। लेकिन गर्मी से बढ़ने जल संकट को देखते हुए जल आपूर्ति बोर्ड ने प्रोडक्शन की सभी मांगें खारिज कर दी हैं। देखना होगा कि बोर्ड द्वारा लेटर खारिज किए जाने के बाद मेकर्स अब किस तरह पानी की डिमांड पूरी करेंगे और शूटिंग जारी रखेंगे। एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म वाराणसी 7 अप्रैल 2027 में रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। इस फिल्म से प्रियंका चोपड़ा इंडियन सिनेमा में कमबैक कर रही हैं।

### साउथ अफ्रीका में फिल्म 'किंग' की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी अपनी अगली फिल्म 'किंग' की शूटिंग के लिए साउथ अफ्रीका में हैं। केप टाउन के एक बीच से शाहरुख और दीपिका का एक डांस सीक्वेंस शूट करते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में दोनों सनसेट के समय समुद्र किनारे रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वीडियो में शाहरुख और दीपिका हल्के रंग के ब्रीजी आउटफिट्स पहने हुए हैं। वे एक-दूसरे की तरफ बढ़ते हुए अपनी कोरियोग्राफी पूरी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ने इस डांस स्टेप को परफेक्ट बनाने के लिए दो-तीन बार टेक लिए। हालांकि बीच का वह हिस्सा आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था, लेकिन फिर भी

**शाहरुख-दीपिका बीच पर रोमांटिक डांस करते दिखे**

वहां शाहरुख को देखने के लिए भीड़ मौजूद रही। एड शीरन के गाने पर डांस की चर्चा शाहरुख और दीपिका पिछले हफ्ते ही शूटिंग शुरू करने के लिए साउथ अफ्रीका पहुंचे थे।


### मिसाइल अटैक से दुबई में फंसीं अमीषा पटेल

**मुंबई।** दुबई में हुए नए मिसाइल हमलों का असर अमीषा पटेल पर पड़ा है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में न्यूयॉर्क से मुंबई के लिए रवाना हुई थीं। उनकी फ्लाइट दुबई में उतरनी थी, लेकिन अचानक हुए हमलों से फ्लाइट डायवर्ट कर दी गई और एक्ट्रेस मस्कट में फंस चुकी हैं। अमीषा पटेल ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, ह्यमैं न्यूयॉर्क से मुंबई वापस एमिरेट्स से आ रही थी। जैसे ही हम दुबई में उतरने वाले थे, यूएई में ताजा मिसाइल हमलों के कारण एयरस्पेस बंद कर दिया गया। अब हमें मस्कट डायवर्ड कर दिया गया है। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। ये युद्ध आखिर कब खत्म होगा।

### मेट गाला में भारतीय कला की बेहतरीन झलक

नयी दिल्ली। भारतीय कला और विरासत की छटा ने मेट गाला 2026 के भव्य मंच को और आकर्षक बना दिया, जहां राजा रवि वर्मा की कालजयी शैली से लेकर अजंता गुफाओं की भित्ति चित्रकला, सुबोध गुप्ता की समकालीन अभिव्यक्ति और बारीक कढ़ाई व रत्नों की चमक तक अतीत और वर्तमान की विविध कलाएं एक साथ जीवंत होती नजर आईं।

इस मौके पर भारतीय सितारों ने भी बेहद सधे और सोच-समझकर चुने गए परिधानों के जरिए दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। ईशा अंबानी ने एक हजार हीरे-जवाहरात और 800 अन्य बहुमूल्य रत्नों से सजी साड़ी पहनी, सुधा रेड्डी ने डेढ़ करोड़ डॉलर का हार पहना और अनन्या बिड़ला ने सुबोध गुप्ता द्वारा बनाए गए चमकदार स्टील मास्क लगाकर सभी को चौंका दिया। फैशन की इस सबसे बड़ी शाम में उद्योगपतियों के अलावा फिल्म निर्देशक करण जौहर राजा रवि वर्मा की मशहूर चित्रकला से प्रेरित भव्य केप में नजर आए। परोपकारी एवं उद्यमी



नताशा पूनावाला ने आर्किड से प्रेरित विस्तृत गाउन पहना। जयपुर के पूर्व राजघराने की सदस्य गौरवी कुमारी और सवाई पद्मनाभ सिंह शिफॉन और मखमल के परिधानों में दिखे, जबकि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अलंकृत काले-सफेद केप के साथ बंदगला सूट के जरिये अपनी छाप छोड़ी।

हर परिधान अपने आप में एक कलाकृति था, जिसे तैयार करने में सैकड़ों कारीगरों ने दिन-रात मेहनत की और सैकड़ों घंटे लगाए। कॉस्ट्यूम आर्ट विषय और फैशन इज आर्ट ड्रेस कोड के अनुरूप इन परिधानों को गढ़ने में आरी, दबका, नक्षी, कलमकारी, जरी-जरदोजी और हस्तचित्रण जैसी पारंपरिक कढ़ाई और तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। न्यूयॉर्क शहर स्थित मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट में हर साल मई में होने वाले इस वार्षिक आयोजन की सह-अध्यक्षता इस वर्ष बियॉन्से, वीनस विलियम्स, निकोल किडमैन और अन्ना विंटूर ने की। मेट गाला में केवल आमंत्रित अतिथि ही शामिल हो सकते हैं।


BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA - AI | IMBA - AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com